

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 75 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 24 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026: 14 फरवरी से होगी शुरूआत, लोगो, थीम सॉन्ग और मैस्कॉट लॉन्च

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) के लोगो, थीम सॉन्ग और मैस्कॉट का मंगलवार को बिलासपुर के स्वर्गीय बीआर यादव स्पोर्ट्स स्टेडियम में आधिकारिक रूप से अनावरण किया गया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की शुरूआत अगले साल 14 फरवरी से होगी।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई और उपमुख्यमंत्री अरुण साव चीफ गेस्ट के तौर पर मौजूद थे। उनके साथ केंद्रीय खेल मंत्रालय, राज्य सरकार और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस बात पर जोर दिया कि ये गेम्स आदिवासी इलाकों से उभर रहे

# सोना ऑल-टाइम हाई पर, चांदी ने भी बनाया रिकॉर्ड

**समाज जागरण**

सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली, जिससे सोने की कीमतें 1.3 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार और चांदी का दाम 2.11 लाख रुपए प्रति किलो से अधिक हो गया। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम 2,313 रुपए बढ़कर 1,36,283 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यह हाजिर बाजार में सोने का अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है। इससे पहले सोमवार को सोने की कीमत 1,33,970 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।



22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 1,24,835 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,22,717 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 18 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,02,212 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,00,478 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी तेज उछाल देखने को मिला है। चांदी का दाम 3,273 रुपए बढ़कर 2,11,000 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,07,727 रुपए प्रति किलो था।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 05 फरवरी 2026 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1.17 प्रतिशत बढ़कर 1,38,350 रुपए हो गया है। वहीं, चांदी के 05 मार्च 2026 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1.40 प्रतिशत बढ़कर 2,15,860 रुपए हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। सोने का दाम 1.25 प्रतिशत बढ़कर 4,525 डॉलर प्रति औंस और चांदी का दाम 1.76 प्रतिशत बढ़कर 69 डॉलर प्रति औंस हो गया है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि सोने ने एमसीएक्स पर सकारात्मक कारोबार किया। कॉमेक्स पर भी सोने में 40 डॉलर की तेजी देखने को मिली। फिलहाल सोना ओवरबॉट जोन में है। जब तक यह 1,32,000 के ऊपर बना रहेगा, सोने में तेजी जारी रहने की संभावना है। इस साल सोने और चांदी में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। इस दौरान सोने में करीब 50 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। चांदी के दाम 120 प्रतिशत से ज्यादा बढ़े हैं।

## बांग्लादेश में एनसीपी नेता पर गोलीबारी के मामले में पुलिस ने एक महिला को किया अरेस्ट

बांग्लादेश में राजनीतिक हिंसा के मामले बीते कुछ दिनों से लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में इकबाल मंच के प्रवक्ता उस्मान हादी को गोली मारने की घटना सामने आई थी। इसके बाद नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के नेता को बीते दिन गोली मार दी गई। हालांकि पुलिस ने इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया।

### एनसीपी नेता मोहम्मद मोटालेब सिकदर की खुलना में गाजी मेडिकल कॉलेज के पास सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई

स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को एक अधिकारी के हवाले से बताया कि पीड़ित, मोहम्मद मोटालेब सिकदर, एनसीपी के खुलना डिविजनल चीफ और पार्टी के श्रमिक शक्ति के केंद्रीय आयोजक थे। उन्हें सोमवार को खुलना शहर के सोनाडांगा इलाके में गाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के पास एक घर में गोली मार दी गई।

सिकदर को सोनाडांगा इलाके में एक किराए के घर पर गोली मारी गई, जहां से लोगों ने उन्हें बचाकर घायल अवस्था में केएमसीएच में भर्ती कराया

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिकदर को सोमवार को खुलना के सोनाडांगा इलाके में तनिमा नाम की एक महिला के किराए के घर पर गोली मारी गई थी। उसे वहां के लोगों ने बचाया और घायल हालत में खुलना मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (केएमसीएच) ले जाया गया।

तनिमा उर्फ तन्वी की पहचान स्पष्ट नहीं, स्थानीय सूत्रों के अनुसार वह एनसीपी यूथ विंग जुबो शक्ति की जिला पदाधिकारी हैं तनिमा को तन्वी के नाम से भी जाना जाता है, लेकिन पुलिस ने उसकी पहचान के बारे में और जानकारी नहीं दी।

## बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा पर यूएन ने जताई चिंता, अल्पसंख्यकों को सुरक्षित माहौल देने की जरूरत

**समाज जागरण**

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बांग्लादेश में हो रही हिंसा पर गहरी चिंता जताई है। उनके प्रवक्ता स्टेफन दुजारिक ने कहा कि बांग्लादेश में रहने वाले सभी लोगों, खासकर अल्पसंख्यकों को सुरक्षित महसूस होना चाहिए।

प्रवक्ता ने कहा कि बांग्लादेश में हिंसा चिंताजनक है और अल्पसंख्यकों सहित सभी नागरिकों को सुरक्षित महसूस कराना सरकार की जिम्मेदारी है

प्रवक्ता ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा और हाल ही में हिंदुओं की लिंचिंग के बारे में पूछे जाने पर कहा, "सभी बांग्लादेशियों को सुरक्षित महसूस करने की जरूरत है। हम बांग्लादेश में देखी गई हिंसा को लेकर बहुत चिंतित हैं।"

प्रवक्ता ने कहा कि अल्पसंख्यकों सहित सभी नागरिकों की सुरक्षा जरूरी है और मोहम्मद यूनुस सरकार इसे सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास करेगी

उन्होंने साफ कहा कि बांग्लादेश



हो या कोई और देश, जो लोग बहुसंख्यक समाज का हिस्सा नहीं हैं, उन्हें भी पूरी सुरक्षा मिलनी चाहिए। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार पर भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश करेगी।

इंकलाब मंच से जुड़े युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा बढ़ी है

इंकलाब मंच से जुड़े युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा बढ़ी है। बताया गया है कि इस महीने की शुरूआत में हुए एक हमले के बाद उनकी मौत हो गई थी।

शेख हसीना सरकार गिरने के बाद हिंसा बढ़ी, हालिया हफ्तों में यह फिर तेज हुई और धर्म के कारण निर्दोष हिंदू निशाने बने

पिछले साल अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद हिंसा की घटनाएं शुरू हुई थीं, जो हाल के दो हफ्तों में फिर से गंभीर रूप ले चुकी हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे हिंदुओं को भी भीड़ ने टारगेट किया, जिनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था। केवल उनके धर्म के कारण उन्हें निशाना बनाया गया।

# भारत-न्यूजीलैंड FTA: भारतीय उत्पादों को मिलेगी वैश्विक पहचान, कृषि निर्यात से किसानों को होगा बड़ा फायदा

**समाज जागरण**

हाल ही में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ने भारतीय निर्यातकों के लिए एक नया अवसर खोला है। इस समझौते से भारत के टेक्सटाइल, मरीन प्रोडक्ट्स, इंजीनियरिंग और एमएसएमई सेक्टर को बड़ी राहत मिल सकती है।

न्यूजीलैंड में टैरिफ कम होने से भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी और भारतीय उद्योगों को वैश्विक बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने का मौका मिलेगा। साथ ही, इन क्षेत्रों में रोजगार भी बढ़ेगा, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। यह बात मंगलवार को आयकर विभाग की पूर्व मुख्य आयुक्त डॉ. शिखा दरबारी ने आईएएनएस से बात करते हुए कही।

डॉ. शिखा दरबारी ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच 20 अरब डॉलर के दीर्घकालिक व्यापार समझौते का उद्देश्य अगले 5 वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण और निवेशकों के बढ़ते विश्वास का संकेत है।

उन्होंने कहा कि भारत अब तक एफटीए समझौतों के प्रति सतर्क था, लेकिन अब वह विकसित देशों के साथ संतुलित और सुरक्षित व्यापार समझौते कर रहा है। इससे भारत सरकार की बदली हुई व्यापार कूटनीति स्पष्ट हो रही है, जिसमें निवेशकों के हित को प्रमुखता दी जा रही है। इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक व्यापार में अग्रणी बनाना है, और इसके लिए रणनीतिक समझौतों को प्राथमिकता दी जा रही है।

दरबारी ने बताया कि यह कदम निश्चित रूप से भारत को वैश्विक व्यापार में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मोदी सरकार के 'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत नए बाजारों को खोलने और विदेशी व्यापार समझौतों को लागू करने से भारत का व्यापार बढ़ेगा, जो उसे वैश्विक ट्रेड लीडर बनने में मदद करेगा। इससे न केवल भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि यह देश को विश्व में एक प्रभावी व्यापारिक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा।



उन्होंने आगे कहा, "इस एफटीए के तहत जीआई टैग वाले भारतीय उत्पादों और वैल्यू-एडेड कृषि निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इससे भारतीय किसानों को अपने उत्पादों के लिए बेहतर मूल्य मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इसके अलावा, भारत सरकार किसानों को स्वदेशी पेटेंट और जीआई टैग प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिससे वे वैश्विक बाजारों में अपने उत्पादों को बेचने के लिए तैयार हो सकेंगे।ह्व

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल से अक्टूबर तक नेट एफडीआई दोगुना होकर 6.2 अरब डॉलर हो गया है। यह प्रधानमंत्री मोदी की आर्थिक सुधार नीतियों और निवेश-उन्मुख दृष्टिकोण की बड़ी सफलता है। मोदी सरकार ने आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर और व्यापार को आसान बनाने की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं, जो भारत को विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वित्तीय सेवाओं, मैन्युफैक्चरिंग, बिजली और संचार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 60 प्रतिशत से अधिक एफडीआई निवेश आ रहा है। यह 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया' और इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्रित मोदी सरकार की नीतियों का नतीजा है, जिनके चलते भारत में निवेश बढ़ा है और भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों में अधिक स्थान और पहचान मिली

# जैसे को तैसा... बांग्लादेश की हिमाकत पर आगबबूला दिल्ली, चंद घंटों में तलब कर लिया यूनुस का दूत




भारत बांग्लादेश कूटनीतिक तनावः नई दिल्ली में साउथ ब्लॉक की सीढ़ियों पर कूटनीति की बिसात बिछ चुकी है और इस बार भारत 'अटैक' के मूड में है. मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने जब आज भारत के उच्चायुक्त को तलब करने की हिमाकत की तो दिल्ली ने भी देर नहीं लगाई. महज कुछ ही घंटों के भीतर बांग्लादेश के उच्चायुक्त को दोबारा तलब कर भारत ने स्पष्ट कर दिया कि 'जैसे को तैसा' वाली नीति अब लागू हो चुकी है. एक हफ्ते के भीतर यह दूसरी बार है जब बांग्लादेशी दूत को भारतीय विदेश मंत्रालय की चौखट पर अपनी सफाई देनी पड़ी. यह महज एक मुलाकात नहीं बल्कि ढाका की उस नौटंकी का जवाब है जो वह भारतीय मिशनों की सुरक्षा में लापरवाही बरतकर कर रहा है.

### घंटों में पलटी बाजी

आज शाम 5 बजे बांग्लादेश के उच्चायुक्त को सम्मन किया गया. भारत ने बांग्लादेश में अपने उच्चायोग की सुरक्षा और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के मसले को सामने रखा. शाम 5 बजे से साढ़े 5:30 बजे तक विदेश मंत्रालय ने अपने शिकायतें और आपत्तियां बांग्लादेश उच्चायुक्त के सामने रखा. कूटनीति के गलियारों में मंगलवार का दिन किसी हाई-वोल्टेज ड्रामे से कम नहीं रहा.

सबसे पहले बांग्लादेश ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त को तलब कर सुर्खियां बटोरने की कोशिश की, लेकिन यूनुस सरकार की यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी. कुछ ही घंटों के भीतर भारत ने दिल्ली में बांग्लादेशी उच्चायुक्त को समन भेजकर यह जता दिया कि कूटनीतिक शिष्टाचार एकतरफा नहीं होता. भारत ने इस कदम के जरिए संदेश दिया है कि अगर ढाका दबाव बनाने की कोशिश करेगा तो दिल्ली भी पीछे हटने वाली नहीं है.

## श्रद्धा पूर्वक मनाई पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह की जयंती, श्रद्धांजलि अर्पित कर किया याद

**समाज जागरण**

लोनी, 23 दिसंबरः सोमवार 23 दिसंबर का दिन पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया गया। राजनीतिक दल हो या किसान संगठन, सभी ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान देश के पांचवें प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया।

भारत रत्न से नवाजे गए चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस 23 दिसंबर 1902 के उपलक्ष में मनाए जाने के इस खास मौके पर उनके अनुयायियों ने विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठियाँ तथा किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। आयोजित कार्यक्रमों के दौरान व्यक्तताओ का कहना था कि चौधरी चरण सिंह जी द्वारा ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र में किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता. जो हमेशा किसानों के उत्थान के लिए समर्पित रहे। व्यक्ताओं ने किसानों के लिए उनकी नीतियों और योगदान के साथ ही उनकी किसान कल्याण से जुड़ी सरकारी योजनाओं पर चर्चा करते उनकी जमकर सारहाना की। कार्यक्रम के दौरान व्यक्ताओं ने कहा कि चौधरी साहब का 'जय जवान-जय किसान' का नारा आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले सिफी के चेयरमैन राजू वेगेसना, लखनऊ-नोएडा में 'AI सिटीज' पर हुई अहम चर्चा

लखनऊ, 23 दिसंबर। उत्तर प्रदेश को डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के वैश्विक मानचित्र पर अग्रणी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में सिफी टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर राजू वेगेसना ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भेंट कर प्रदेश में अक आधारित डिजिटल परिवर्तन और लखनऊ व नोएडा में प्रस्तावित 'AI सिटीज' के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में शासन, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा



और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है। उत्तर प्रदेश सरकार मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से AI आधारित निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है।

### 3 वर्षों में निवेश दोगुना करने की योजना

सिफी के चेयरमैन राजू वेगेसना ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बीते 5 वर्षों में सिफी ने उत्तर प्रदेश में लखनऊ और नोएडा में अत्याधुनिक डेटा सेंटर्स की स्थापना के लिए 12,000 करोड़ से अधिक का निवेश किया है तथा अगले 3 वर्षों में इस निवेश को दोगुना करने की योजना है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में सिफी का अक एज डेटा सेंटर शीघ्र ही पूरी तरह तैयार हो जाएगा, जबकि इसके समीप एक बड़े हाइपरस्केल AI कैंपस की भी योजना है। गूगल, मेटा और ओरेकल जैसे वैश्विक टेक दिग्गज रणनीतिक साझेदार नोएडा में सिफी उत्तर भारत के सबसे बड़े अक डेटा सेंटर कैंपस 'नोएडा-02' का संचालन कर रहा है,

# फिलिस्तीन के हमदर्द बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के समय कहां गायब

हिंदुस्तान में ऐसे नेताओं और राजनैतिक दलों की कमी नहीं है, जो दुनिया के किसी कोने में मुसलमानों के साथ खड़े होने में देरी नहीं करते हैं। इजरायल जब गाजा में हमास के आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करता है, तो यहां तमाम दलों के नेता और मुस्लिम संगठन अपनी छाती पीटने और हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा तो विरोध स्वरूप फिलिस्तीन का बैग लेकर संसद में ही पहुंच गई थीं, लेकिन इन्हें दुनिया के किसी कोने में हिन्दुओं के साथ होने वाले अत्याचार और यहां तक कि उनकी हत्या पर भी मुंह खोलने में शर्म आती है। भारत में हर समय दलितों और पिछड़ों के नाम पर भारतीय जनता पार्टी या हिन्दू संगठनों पर हमलावर रहने वाले इन नेताओं को बांग्लादेश, पाकिस्तान में हिन्दुओं का अत्याचार नहीं दिखाई देता है। इसे मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत का चरम कहा जा सकता है। आज देश भर में बांग्लादेश में मारे गए हिन्दू युवक की हत्या पर धरना-प्रदर्शन हो रहा है, लेकिन इसमें अपवाद को छोड़कर कोई बड़ा मुस्लिम संगठन या फिर मुस्लिम की सियासत करने वाले नेता मौजूद नहीं हैं। यह बताता है कि हिन्दुओं के प्रति इन नेताओं का नजरिया क्या है। कांग्रेस के राहुल गांधी से लेकर समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद और राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव तक सभी नेता चुप्पी साधे हैं। कारण साफ है मुस्लिम वोट बैंक बिखर जाने का डर। यह ओछी राजनीति दलितों-पिछड़ों की पीठ पर चढ़कर मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत सालों से करते चले आ रहे हैं।

गौरतलब हो, बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद अगस्त 2024 से शुरू हुई हिंसा ने हिंदू समुदाय को निशाना बनाया है। रिपोर्टों के मुताबिक, हजारों हिंदू घरों पर हमले हुए, मंदिर तोड़े गए और महिलाओं पर अत्याचार किए गए। खासकर पिछड़े और दलित हिंदू, जैसे नमासुद्रा और अन्य जातियां, सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। ह्यूमन राइट्स वॉच और स्थानीय मीडिया के अनुसार, कम से कम 200 हिंदू मारे गए, जबकि संपत्ति का नुकसान करोड़ों डॉलर का है। इनमें दलित हिंदू समुदायों पर फोकस करें तो तस्वीर और भयावह है। बांग्लादेश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले ये लोग पहले से ही गरीबी और भेदभाव का शिकार हैं। हिंसक भीड़ ने उनके गांवों को जला दिया, महिलाओं का अपहरण किया। फिर भी भारत के दलित नेता चुप हैं। क्यों? क्योंकि मुस्लिम वोट बैंक को खराब नहीं करना है। यह पाखंड साफ दिखता है, जब ये नेता घरेलू चुनावों में दलित कार्ड खेलते हैं। न्याय की दुहाई देने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी खुद को दलितों का मसीहा बताते हैं। ह्यभारत जोड़ो यात्राह्व में उन्होंने दलितों के घर भोजन किया, न्याय यात्रा निकाली। लेकिन बांग्लादेश में दलित हिंदुओं का नरसंहार? एक शब्द भी नहीं। संसद में या सोशल मीडिया पर कोई बयान नहीं। क्या कारण है? असल में राहुल की चुप्पी रणनीतिक है। 2024 लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने मुस्लिम-दलित गठबंधन पर दांव लगाया। अब बांग्लादेश मुद्दा उठाने से वह गठबंधन टूट सकता है। याद कीजिए, जब मणिपुर हिंसा हुई तो राहुल ने तुरंत दौरा किया, लेकिन बांग्लादेश? सन्नाटा। यह दलितों की राजनीति नहीं, बल्कि वोट बैंक की राजनीति है। दलितों की पीठ पर सवार होकर मुस्लिम तुष्टिकरण का खेल।

समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव से लेकर अखिलेश तक, पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉमूर्ला उनका हथियार रहा है। उत्तर प्रदेश में 2022 विधानसभा चुनावों में उन्होंने मुस्लिम-यादव गठजोड़ को मजबूत किया। लेकिन बांग्लादेश के दलित हिंदुओं पर अत्याचार? अखिलेश की जुबान को लकवा मार गया। क्यों? क्योंकि समाजवादी पार्टी का लगभग 40 प्रतिशत वोट मुस्लिमों का है। अखिलेश ने कभी बांग्लादेश हिंसा का जिक्र नहीं किया। बल्कि वे राम मंदिर पर आक्षेप करते हैं, ताकि मुस्लिम खुश रहें। दलित नेता मायावती को कमजोर करने के लिए समाजवादी पार्टी ने चंद्रशेखर आजाद को समर्थन दिया। लेकिन असली सवाल अगर दलितों का हक बांग्लादेश में कुचला जा रहा है, तो चुप्पी क्यों? यह पिछड़ों की ओछी राजनीति है, जहां हिंदू दलितों को भुला दिया जाता है। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के चंद्रशेखर आजाद खुद को भीम आर्मी का योद्धा बताते हैं। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ वे सड़कों पर उतरे, दलित युवाओं को भड़काया। लेकिन बांग्लादेश में दलित हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार? उनकी आंखें बंद हैं। चंद्रशेखर ने नागरिकता संशोधन कानून को दलित-विरोधी बताया, जबकि बांग्लादेश के दलित हिंदू शरणार्थी बनने को तैयार हैं। नगीना, उत्तर प्रदेश से सांसद चंद्रशेखर समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर चुके हैं। मुस्लिम वोट के लालच में वे हिंदू दलितों के मुद्दे को नजरअंदाज कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वे जातिवाद की बात करते हैं, लेकिन बांग्लादेश के दलितों का दर्द उन्हें न दिखाई देता है, न सुनाई। यह साफ है कि उनकी क्रांति सिर्फ वोट के लिए है, न कि सच्चे दलित हित के लिए।

राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव बिहार में मुस्लिम-यादव फॉमूर्ला चलाते हैं। पिता लालू प्रसाद यादव ने हमेशा मुस्लिम तुष्टिकरण किया। तेजस्वी ने 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में दलितों को लुभाया, लेकिन बांग्लादेश? एक ट्वीट भी नहीं। बिहार में 17 प्रतिशत मुस्लिम वोट निर्णायक हैं। तेजस्वी की चुप्पी सामरिक है। वे नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर पर मोदी सरकार को घेरते हैं, लेकिन बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थियों का मुद्दा इसलिए नहीं छूते कि कहीं मुस्लिम वोट बैंक नाराज हो जाता है। याद कीजिए, जब रोहिंग्या मुसलमानों पर अत्याचार हुआ तो लालू-तेजस्वी ने शोर मचाया। लेकिन हिंदू दलितों पर? चुप्पी। यह पिछड़ों की राजनीति का काला सच है।ये सभी नेता दलित-पिछड़ों को वोट बैंक मानते हैं, लेकिन असली खतरे पर चुप रहते हैं। बांग्लादेश में हिंदू आबादी 20 प्रतिशत से घटकर 8 प्रतिशत रह गई है। दलित हिंदू सबसे कमजोर हैं। भारत सरकार ने शरणार्थियों को आश्रय दिया, लेकिन विपक्ष चुप है। क्यों? क्योंकि मुस्लिम वोट 18 से 20 प्रतिशत है, जो चुनाव का रुख पलट सकता है यह दोहरा मापदंड है। देश में दलित आरक्षण की बात, लेकिन विदेश में दलित हिंदुओं का नरसंहार? अनदेखा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2026 के पश्चिम बंगाल और 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव इन नेताओं की चुप्पी की खास वजह है। दलित संगठन जैसे भीम आर्मी भी मुस्लिम गठबंधन के चक्कर में हैं। बहरहाल, भारतीय जनता पार्टी ने रामदास अठावले जैसे दलित नेताओं के माध्यम से बांग्लादेश मुद्दा उठाया। दलित-पिछड़े नेता अगर मुस्लिम तुष्टिकरण छोड़ें, तो हिंदू दलितों का भला हो सकता है। बांग्लादेश स-रकार से जवाब मांगा जाए, शरणार्थियों को नागरिकता संशोधन कानून का लाभ दिया जाए। वरना यह ओछी राजनीति जारी रहेगी। दलितों को समझना होगा कि उनकी पीठ पर चढ़ने वाले ये नेता असल में वोट के भूखे हैं। बांग्लादेश का दर्द उठाओ, तभी सच्ची क्रांति आएगी।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# बांग्लादेश में हिंदुओं के कत्लेआम पर विश्व की बेशर्म खामोशी

**संजय सक्सेना,लखनऊ**
**वरिष्ठ पत्रकार**

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को जबरदस्ती गिराने के बाद वहां हिंदू समुदाय पर हो रही बर्बरता ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। हिन्दुओं पर अत्याचार के मामले में बांग्लादेश भी पाकिस्तान की राह पर चलता नजर आ रहा है। हसीना की सरकार जाने के बाद बांग्लादेश में करीब दो सौ हिंदुओं की हत्या हो चुकी है, उनकी करोड़ों की संपत्ति लूटी जा चुकी है और हिंदू लड़कियों व महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार जैसी अमानवीय घटनाएं सामने आ रही हैं। भारत सरकार के पास इस संकट से निपटने के लिए कई मजबूत विकल्प मौजूद हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुप्पी ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि बड़े देश और मीडिया क्यों इस पर गंभीर नहीं हो रहे। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के जाने के बाद अगस्त 2024 से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले तेज हो गए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त से फरवरी 2025 तक इक्कीस हिंदुओं की हत्या हुई और एक सौ बावन मंदिरों पर हमले किए गए। पिछले दो महीनों में ही 76 घटनाएं दर्ज की गई, जिनमें लूटपाट, घरों पर आगजनी और महिलाओं पर अत्याचार शामिल हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया कि 281 हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ और एक सौ तिरासी हिंदुओं की हत्या कर दी गई। हाल ही में दीपू दास नामक हिंदू युवक को ईशनिंदा के झूठे आरोप में भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला, जबकि वहां की पुलिस कह रही है कि उसके पास दीपू दास के खिलाफ ईशनिंदा का कोई सबूत नहीं है, जिससे भारत में जन आक्रोश फैल गया। इन घटनाओं ने साबित कर दिया कि वहां कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और अल्पसंख्यक हिंदू निशाने पर हैं।




जहां तक भारत सरकार क्या कदम उठा सकती है, इसकी बात की जाए तो हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार सबसे पहले बांग्लादेश सरकार पर कूटनीतिक दबाव बना सकती है। उच्च स्तरीय वाताओं के जरिए बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों की रक्षा के ठोस कदम उठाने की मांग की जा सकती है, जैसा कि विदेश सचिव की यात्रा में किया गया। दूसरे विकल्प के रूप में संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मुद्दा उठाना संभव है, जहां बांग्लादेश पर वैश्विक दबाव बन सके। तीसरा, मानवीय सहायता कार्यक्रम शुरू करके हिंदुओं को भोजन, चिकित्सा और शरण प्रदान की जा सकती है। चौथा, बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठनों पर नजर रखी जा सकती है और उनके भारत-विरोधी एजेंडे को रोकने के लिए दबाव बनाया जा सकता है। पांचवां विकल्प आर्थिक निर्भरता का इस्तेमाल है, क्योंकि बांग्लादेश भारत से ईंधन, बिजली, कपास, दवाइयां और खाद्यान्न मंगाता है। इनकी आपूर्ति पर शर्तें लगाकर या अस्थायी रोक लगाकर दबाव बनाया जा सकता है, बिना आम जनता को ज्यादा नुकसान पहुंचाए। छठा, सीमा पर सुरक्षा बढ़ाकर हिंदू शरणार्थियों को सुरक्षित प्रवेश देकर उनकी सहायता की जा सकती है। ये सभी कदम क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखते हुए प्रभावी साबित हो सकते हैं।

वैसे मोदी सरकार पहले ही बांग्लादेश के साथ अपनी चिंताएं साझा कर चुकी है और उच्चायोग वहां स्थिति पर नजर रख रहा है। दिसंबर 2024 में बांग्लादेश ने कहा कि 1282 घटनाओं की जांच में 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया। लेकिन ये कदम अपर्याप्त हैं, क्योंकि हिंसा थम नहीं रही। भारत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए दोनों देशों के हिंदू-मुस्लिम समुदायों में भाईचारा बढ़ा सकता है। साथ ही, व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने की शर्त पर अल्पसंख्यक सुरक्षा को बांध सकता है। अगर जरूरत पड़ी तो सैन्य सहायता या संयुक्त अभियान की तैयारी भी रखी जा सकती है, हालांकि फिलहाल कूटनीति को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि बांग्लादेश की आम जनता पर बोझ न पड़े। ये विकल्प भारत की मानवीय प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं।

पूरे घटनाक्रम में अंतरराष्ट्रीय मीडिया और बड़े देशों की चुप्पी सबसे बड़ा सवाल है। संयुक्त राष्ट्र ने हिंसा पर चिंता जताई और महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने नस्लीय हमलों की निंदा की, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पश्चिमी देश जैसे अमेरिका और ब्रिटेन ने कुछ बयान दिए, लेकिन वे कमजोर रहे। अमेरिकी सांसदों ने दीपू दास हत्याकांड की निंदा की, पर व्यापक विरोध नहीं हुआ। मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी और ह्यूमन राइट्स वॉच चुप हैं, जबकि अन्य संकटों पर वे मुखर रहते हैं। इसका कारण धार्मिक पूर्वाग्रह माना जा रहा है, क्योंकि हिंदू पीड़ित होने पर वैश्विक सहानुभूति कम मिलती है। उधर, पश्चिमी मीडिया ने हिंसा को कमतर आंका या फर्जी खबरों का हवाला देकर टाला। बीबीसी जैसे चैनलों ने सोशल मीडिया पोस्ट को झूठा बताया, जबकि घटनाएं सिद्ध हैं। अमेरिका की चुप्पी शेख हसीना विरोध से जुड़ी है, जिन्हें उन्होंने तानाशाह कहा था। यूरोपीय देशों ने भी हसीना की धर्मनिरपेक्ष छवि को नकार दिया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भी पुरानी स-रकार पर उंगली उठाई गई, वर्तमान हिंसा पर कम जोर। यह दोहरा मापदंड हिंदुओं के खिलाफ वैश्विक उपेक्षा को दशार्ता है। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के चलते हिंदू आबादी घट रही है और कट्टर ताकतें मजबूत हो रही हैं। ऐसे में भारत को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। कूटनीति से आगे बढ़कर आर्थिक दबाव और अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाना जरूरी है। दुनिया के अन्य देश विरोध में मुखर नहीं हो रहे क्योंकि उनके हित मुस्लिम बहुल देशों से जुड़े हैं। लेकिन भारत की मजबूत नीति से स्थिति सुधर सकती है। हिंदू समुदाय की सुरक्षा न केवल पड़ोसी का कर्तव्य है, बल्कि सभ्यता का प्रश्न है। सरकार के विकल्पों का सही इस्तेमाल ही बांग्लादेश में शांति ला सकता है।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस : अधिकार, जिम्मेदारी और जागरूकता

**– महेन्द्र तिवारी**

भारत में 24 दिसंबर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि उपभोक्ता अधिकारों, न्याय और नागरिक चेतना की निरंतर यात्रा का प्रतीक है। यह दिन हमें यह सोचने का अवसर देता है कि बाजार में हमारी भूमिका केवल खरीदने-बेचने तक सीमित नहीं है, बल्कि हम एक ऐसे लोकतांत्रिक तंत्र का हिस्सा हैं जहाँ उपभोक्ता की सजगता ही पारदर्शिता और जवाबदेही की सबसे बड़ी गारंटी बनती है। उपभोक्ता सशक्तिकरण का विचार आज जितना प्रासंगिक है, उतना शायद पहले कभी नहीं रहा, क्योंकि बाजार का विस्तार जितनी तेजी से हुआ है, चुनौतियाँ भी उतनी ही जटिल होती चली गई हैं।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का ऐतिहासिक आधार 24 दिसंबर 1986 से जुड़ा है, जब भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू हुआ। यह कानून उस समय एक क्रांतिकारी कदम माना गया, क्योंकि पहली बार आम नागरिक को यह कानूनी अधिकार मिला कि वह दोषपूर्ण वस्तु, खराब सेवा या अनुचित व्यापारिक व्यवहार के विरुद्ध संगठित रूप से न्याय की मांग कर सके। इससे पहले उपभोक्ता अक्सर बड़े व्यापारिक हितों के सामने स्वयं को असहाय महसूस करता था। यह अधिनियम न केवल न्याय का माध्यम बना, बल्कि इसने यह संदेश भी दिया कि बाजार की शक्ति उपभोक्ता की संतुष्टि और सुरक्षा से ऊपर नहीं हो सकती।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो उपभोक्ता अधिकारों की अवधारणा 1962 में उस समय स्पष्ट रूप से सामने आई जब अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ. केनेडी ने उपभोक्ताओं के चार मूल अधिकार–सुरक्षा, सूचना, विकल्प और सुनवाई–की बात की। भारत ने इन सिद्धांतों को अपने सामाजिक-आर्थिक संदर्भ में आत्मसात करते हुए उन्हें कानूनी स्वरूप दिया। यही कारण है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस केवल एक स्मरण-दिवस नहीं, बल्कि उस सामाजिक संकल्प का प्रतीक है जिसमें उपभोक्ता को कमजोर नहीं, बल्कि सशक्त इकाई के रूप में देखा गया।

समय के साथ बाजार का स्वरूप बदला और इसके साथ-साथ उपभोक्ता चुनौतियाँ भी बदलीं। 1986 का कानून अपने समय के लिए पर्याप्त था, लेकिन डिजिटल क्रांति, ई-कॉमर्स, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और आक्रामक विज्ञापन संस्कृति ने उपभोक्ता हितों को नए जोखिमों के सामने ला खड़ा किया। इसी पृष्ठभूमि में 2019 का उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया गया, जिसने कानून को आधुनिक युग के अनुरूप बनाया। नकली और भ्रामक विज्ञापनों पर नियंत्रण, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की




जवाबदेही, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की स्थापना और विवादों के त्वरित समाधान के लिए मध्यस्थता व्यवस्था–ये सभी सुधार इस बात का संकेत हैं कि राज्य ने उपभोक्ता सुरक्षा को केवल कानूनी नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्राथमिकता भी बनाया है।

फिर भी, कानून तभी प्रभावी होता है जब नागरिक उससे परिचित हों। उपभोक्ता अधिकारों का ज्ञान ही उपभोक्ता सशक्तिकरण की पहली शर्त है। सुरक्षा का अधिकार यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी वस्तु या सेवा उपभोक्ता के जीवन और स्वास्थ्य के लिए खतरा न बने। सूचना का अधिकार बाजार में पारदर्शिता लाता है, ताकि उपभोक्ता जान-समझकर निर्णय ले सके। विकल्प का अधिकार प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है और एकाधिकार को चुनौती देता है। सुनवाई और न्याय का अधिकार उपभोक्ता को यह विश्वास देता है कि उसकी शिकायत अनसुनी नहीं जाएगी। इसके साथ ही उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार यह जिम्मेदारी राज्य पर डालता है कि वह नागरिकों को उनके अधिकारों और उपलब्ध उपायों के प्रति जागरूक करे।

डिजिटल युग में यह जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऑनलाइन खरीदारी ने सुविधाओं के नए द्वार खोले हैं, लेकिन इसके साथ साइबर धोखाधड़ी, नकली समीक्षाएँ, डेटा की गोपनीयता से जुड़ी चिंताएँ और उपभोक्ता की सीमित समझ जैसी समस्याएँ भी बढ़ी हैं। करोड़ों उपभोक्ता डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं, परंतु उनमें से सभी अपने अधिकारों और शिकायत निवारण की प्रक्रियाओं से परिचित नहीं हैं। ऐसे में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि व्यवहारिक जागरूकता अभियान का रूप लेता है।

सरकार की विभिन्न पहलें–जैसे राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन, ई-दाखिल पोर्टल, शिकायत निवारण के डिजिटल प्लेटफॉर्म और ह्यजागो ग्राहक जागोह्व जैसे अभियानों–ने उपभोक्ता सशक्तिकरण को जन-आंदोलन का रूप देने की कोशिश की है। इन प्रयासों ने यह स्पष्ट किया है कि उपभोक्ता अब अकेला नहीं है; उसके पास शिकायत दर्ज करने, समाधान पाने और न्याय की मांग करने के साधन मौजूद हैं। लेकिन इन साधनों की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि नागरिक उनका उपयोग कितनी सजगता और समझ के साथ करते हैं।

यह भी उतना ही सच है कि अधिकारों के साथ-साथ उपभोक्ता की जिम्मेदारियाँ भी होती हैं। एक जागरूक उपभोक्ता केवल अपने हित तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह नैतिक उपभोग, गुणवत्ता की मांग और पर्यावरणीय संतुलन जैसे मुद्दों पर भी विचार करता है। वह यह समझता है कि उसका हर खरीद निर्णय किसी न किसी रूप में समाज, श्रम और पर्यावरण को प्रभावित करता है। इस दृष्टि से उपभोक्ता सशक्तिकरण केवल कानूनी सुरक्षा का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का भी विषय है।

अंततः राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि उपभोक्ता और नागरिक के बीच की रेखा बहुत पतली है। एक सजग उपभोक्ता ही जिम्मेदार नागरिक बन सकता है और एक जिम्मेदार नागरिक ही स्वस्थ बाजार व्यवस्था की नींव रख सकता है। जब उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे, शिकायत करने से नहीं हिचकेंगे और साथ ही अपने कर्तव्यों को भी समझेंगे, तभी बाजार में पारदर्शिता, ईमानदारी और विश्वास का वातावरण बनेगा। इस 24 दिसंबर को आवश्यकता इस बात की है कि उपभोक्ता दिवस को केवल औपचारिक आयोजन तक सीमित न रखकर, इसे निरंतर जन-जागरण की प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए, ताकि ह्यजाग्रत उपभोक्ता–मजबूत राष्ट्रह्व का विचार व्यवहार में साकार हो सके।

## साहिबजादों का अमर बलिदान

नन्हीं उम्र, पर साहस महान,
धर्म बना उनका पहचान।
सर कट जाए, शीश झुके ना,
ऐसा था उनका अभिमान।

ठंडी दीवारें, पथरीला दर्द,
सीने में जलता विश्वास।
ईंटों में चुनवाए गए थे,
पर नहीं डिगा उनका श्वास।

न मानी धमकी, न लोभ में
आए,
न छोड़ा गुरुओं का पंथ।
सत्य, धर्म और स्वाभिमान
पर,
हंसते-हंसते न्योछावर प्राण।

फतेह सिंह, जोरावर सिंह,
इतिहास के उज्ज्वल तारे।
हर भारतवासी के हृदय में,
अमर रहेंगे ये दुलारे।

उनके बलिदान को नमन
हमारा,
उनसे है जीवन की सीख।
धर्म, सत्य और साहस पथ
पर,
चलना ही सच्ची तारीख।

# नशे की गिरफ्त में दुनिया,नए भारत के सामने सामाजिक और नैतिक चुनौती’

महान साहित्यकार प्रेमचंद ने कहा था– “युवक वही है जो अपनी ऊर्जा समाज के निर्माण में लगाए, विनाश में नहींह्व यह कथन आज के भारत और विश्व की वर्तमान स्थिति पर बिल्कुल सटीक बैठता है। इक्कीसवीं सदी का भारत एक ओर आर्थिक प्रगति, तकनीकी नवाचार और वैश्विक मंच पर नेतृत्व की ओर अग्रसर है, तो दूसरी ओर नशे की बढ़ती हुई प्रवृत्ति एक ऐसी सामाजिक महामारी के रूप में उभर रही है, जो हमारी युवा चेतना, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय भविष्य को भीतर से खोखला कर रही है। यह संकट केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी दुनिया सूखे नशे और सिंथेटिक ड्रग्स की गिरफ्त में है, जहाँ विकास के साथ विनाश का यह छद्म चेहरा भी तेजी से फैल रहा है।

महात्मा गांधी ने नशे को केवल व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि सामाजिक पतन का मूल कारण माना था। उन्होंने स्पष्ट कहा था– ह्लनशा मनुष्य की विवेक शक्ति को हर लेता है और विवेकहीन समाज स्वतंत्र नहीं रह सकताह्व गांधीजी के लिए स्वराज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि आत्मसंयम और नैतिक अनुशासन पर आधारित था। आज जब नशा व्यक्ति की चेतना और निर्णय क्षमता को नष्ट कर रहा है, तब यह स्वराज की आत्मा पर सीधा आघात है। इसी तरह स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा था– ह्लताकत शरीर में नहीं, चरित्र में होती है। जो अपनी इंद्रियों का दास है, वह राष्ट्र का निमार्ता नहीं बन सकताह्व नशा इंद्रियों को नहीं, बल्कि इंद्रियों के माध्यम से पूरे व्यक्तित्व को दास बना लेता है, और यही कारण है कि नशे में डूबा युवा अपने ही भविष्य का शत्रु बन जाता है।

वैश्विक संदर्भ में देखें तो संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि दुनिया में ड्रग्स का अवैध कारोबार हथियारों की तस्करी के बाद सबसे बड़ा संगठित अपराध बन चुका है। अरबों डॉलर का यह काला धन आतंकवाद, मानव तस्करी और हिंसक अपराधों को पोषित कर रहा है। भारत की भौगोलिक स्थिति–ह्यगोल्डन क्रीसेंटह्व और ह्यगोल्डन ट्रायंगलह्व के बीच–इसे इस वैश्विक जाल के प्रति और अधिक संवेदनशील बना देती है। नए भारत की समुद्री सीमाएँ, डिजिटल अर्थव्यवस्था और खुला वैश्विक संपर्क जहाँ विकास के प्रतीक हैं, वहीं नशा तस्करों के लिए नए रास्ते भी बनते जा रहे हैं। भगवान बुद्ध ने सदियों पहले चेतावनी दी थी– ह्लमद्यपान प्रमाद को जन्म देता है और प्रमाद से दुखह्व यह कथन आज भी उतना ही सत्य है, क्योंकि नशा व्यक्ति को प्रमाद की अवस्था में ले जाकर अपराध, हिंसा और आत्मविनाश की ओर धकेल देता है।

नशे का सबसे भयावह पहलू यह है कि यह मनुष्य की संवेदना, करुणा और नैतिकता को धीरे-धीरे समाप्त कर देता है। एक बार मस्तिष्क की कार्यप्रणाली प्रभावित होने पर व्यक्ति अपराध करने में संकोच नहीं करता। यही कारण है कि नशे से जुड़े बलात्कार, हत्या, लूट और सड़क दुर्घटनाएँ समाज के लिए स्थायी भय का कारण बनती जा रही हैं। आचार्य विनोबा भावे ने कहा था– ह्लजिस समाज में संयम नहीं, वहाँ शांति नहींह्व नशा संयम का सबसे बड़ा शत्रु है और इसलिए सामाजिक अशांति को जन्म देता है। सोशल मीडिया और डार्क वेब के माध्यम से ड्रग्स की आसान उपलब्धता ने किशोरों और यु-वाओं को इस लत के और निकट पहुँचा दिया है, जहाँ ह्यफैशनह्व और ह्यस्टेटसह्व के नाम पर विनाश को स्वीकार किया जा रहा है।

फिल्म, ग्लैमर और पार्टी संस्कृति ने अनजाने में नशे को सामान्य और आकर्षक बनाकर प्रस्तुत किया है। रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा था– ह्लजहाँ मन भय से मुक्त हो और विवेक जाग्रत हो, वही सच्ची स्वतंत्रता हैह्व परंतु नशा भय और भ्रम दोनों को जन्म देता है, जिससे न तो मन मुक्त रहता है और न विवेक जाग्रत। ग्रामीण और अर्धशहरी भारत में सस्ती शराब और नशीली दवाओं का दुरुपयोग गरीबी, घरेलू हिंसा और पारिवारिक विघटन को बढ़ा रहा है, जिससे सामाजिक असमानता और पीढ़ीगत पतन गहराता जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यह कहना कि ह्लनशा समाज का नहीं, संकल्प का शत्रु हैह्व इस संघर्ष की दिशा स्पष्ट करता है। यह लड़ाई केवल कानून और पुलिस की नहीं, बल्कि जनचेतना और नैतिक पुनर्जागरण की है। आवश्यकता है एक समन्वित राष्ट्रीय नीति की, जो वैश्विक सहयोग, सख्त प्रवर्तन, डिजिटल निगरानी, प्रभावी पुनर्वास और व्यापक जनजागरूकता को एक साथ आगे बढ़ाए। स्कूलों में जीवन-कौशल शिक्षा, युवाओं के लिए खेल और रचनात्मक अवसर, मीडिया में जिम्मेदार प्रस्तुति और परिवारों में संवाद–ये सभी मिलकर ही इस सामाजिक महामारी को रोक सकते हैं।

अंततः यह प्रश्न केवल स्वास्थ्य या अपराध का नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा और भविष्य का है। यदि भारत को सशक्त और वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनना है, तो उसे अपनी युवा शक्ति को नशे के अंधकार से निकालकर सृजन, अनुशासन और मानवता के प्रकाश की ओर ले जाना होगा। जैसा कि महात्मा गांधी ने कहा था– ह्लभविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज क्या करते हैंह्व आज यदि हम नशे के विरुद्ध सामूहिक संकल्प लें, तो आने वाला भारत स्वस्थ, नैतिक और सुरक्षित होगा। नशा केवल शरीर को नहीं, बल्कि विवेक, मूल्य और भविष्य–तीनों को नष्ट करता है; इसलिए अब समय है कि राष्ट्र एक स्वर में कहे– ड्रग्स मुक्त भारत ही सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत है।

संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, लेखक, स्तंभकार, 9009 415 415,

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी–42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक– रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# किसानों की लंबित पड़ी समस्याओं को लेकर सफाईयों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

लोनी, 23 दिसंबरः गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य उम्मेद पहलवान इदरीसी ने मंगलवार को लोनी विधानसभा क्षेत्र में किसानों की लंबित समस्याओं के निस्तारण को लेकर आवाज बुलंद की है। सपा नेता ने इस बाबत एसडीएम लोनी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन भेजकर किसानों की समस्याओं का अविलंब समाधान कराने की मांग की है।



एक प्रतिनिधिमंडल के साथ एस-डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में उम्मेद पहलवान ने उल्लेख किया है कि लोनी विधानसभा क्षेत्र-53, में दर्जनों गांवों के किसान पिछले करीब 8 वर्षों से अपनी विभिन्न समस्याओं और आवास विकास परिषद की मंडोला विहार योजना के विरोध में लगातार आंदोलन करते आ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि वह लंबे समय से विभिन्न कठिनाइयों का सामना करते हुए अपनी मांगें उठा रहे हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार द्वारा उनकी समस्याओं को लगातार अनदेखा किया जा रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि सरकार द्वारा इस तरह किसानों की उपेक्षा करने से उसका रवैया किसान विरोधी होने की ओर इशारा करता है। किसानों की मांग है कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए, ताकि उन्हें आंदोलन का रास्ता न अपनाना पड़े। ज्ञापन देने वाले समाजवादी पार्टी से जुड़े नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ, तो पार्टी किसानों के हितों की रक्षा के लिए जन आंदोलन करने को मजबूर होगी।

ज्ञापन देने वालों में उम्मेद पहलवान इदरीसी (पूर्व प्रत्याशी, लोनी नगर पालिका परिषद), पूर्व सदस्य, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, लोनी विधानसभा अध्यक्ष भाई ललित गुर्जर, लोनी नगर अध्यक्ष भाई हसमुद्दीन इदरीसी व लोनी नगर उपाध्यक्ष बबलू भाई इदरीसी आदि शामिल रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सीएम युवा योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 23 दिसंबर 2025ः मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा योजना) की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं सहायक महाप्रबंधक उपस्थित रहे।



उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने बताया कि योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन कुछ बैंकों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं की जा रही है। इस पर डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी बैंक शीघ्र अपने लक्ष्य पूर्ण करें।

बैठक में बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई और अन्य बैंकों से भी अपेक्षा जताई गई कि वे इसी तरह बेहतर प्रगति करें। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकों को आगामी 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# निर्वाचक नामावली के आलेख्य के प्रकाशन की सूचना

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 23 दिसंबर 2025ः अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशा.) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मंगलेश दुबे ने जनपद गौतम बुद्ध नगर की सभी ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली तैयार होने की जानकारी दी। नामावली की एक प्रति कार्यालयों में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

यदि किसी नाम के सम्मिलन या किसी अन्य विवरण में संशोधन आवश्यक हो तो 30 दिसंबर 2025 तक प्रपत्र-2, 3 या 4 में दावा या आपत्ति दाखिल की जा सकती है। नामावली सभी मतदान केंद्रों पर भी बी.एल.ओ. के पास निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी।

# किसान सम्मान दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र छोलस में भव्य किसान मेला आयोजित

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 23 दिसंबर 2025ः कृषि विज्ञान केन्द्र, छोलस, दादरी में भारत रत्न स्व. श्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर ह्लकिसान सम्मान दिवसह्व एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत किसान मेला आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी भू.अ. बच्चू सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख दादरी ने किया।



कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, नवाचारों और उन्नत कृषि पद्धतियों के बारे में जागरूक करना था। मेले में किसानों को प्रशिक्षण एवं जानकारी प्रदान की गई। कृषि, पशुपालन, उद्यान एवं मत्स्य के प्रगतिशील कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन, कृषि विभाग एवं तकनीकी संस्थानों के अधिकारी उपस्थित रहे। किसानों ने योजनाओं का लाभ प्राप्त किया और तकनीकी दृष्टिकोण से सशक्त बनने का मार्गदर्शन पाया। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# अज्ञात बदमाशो ने 20 लाख के जेवरात चुराने की घटना को दिया अंजाम

## (वलीमा कार्यक्रम के लिए मैरिज होम में गया हुआ था पूरा परिवार)

**समाज जागरण**

लोनी, 23 दिसंबरः लोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत असलम अली जिम के निकट अज्ञात चोरों ने एक मकान को बनाया निशाना। दूसरी मंजिल पर सैफ के ताले तोड़कर वहां से 20 लख रुपए के जेवरात चुराकर बदमाशों ने मानो पुलिस को एक बार फिर खुली चुनौती दी है। पीड़ित की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे आला अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी की वारदात का निशाना बने गृह स्वामी अंसार अली के यहां वलीमा प्रोग्राम का आयोजन था. इसी को लेकर उनका पूरा परिवार 22 दिसंबर की रात सैफी मैरिज होम में गया हुआ था। इसी दौरान जब घर के लोग प्रोग्राम में व्यस्त थे, अज्ञात बदमाश इसी बात का लाभ उठाकर उनके घर में जा घुसे और दूसरी मंजिल पर रखी सेफ अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी का कीमती जेवरात समेट कर रफू चक्कर हो गए।

पीड़ित गृह स्वामी अंसार अली के मुताबिक घटना रात के लगभग 12:00 बजे के आसपास की रही होगी.



जिसने चोरी में गए जेवरात की कीमत लगभग 20 लाख रुपए होना बताया है। चोरी की उक्त घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि पुलिस की लचर कार्य प्रणाली के चलते क्षेत्र में आय दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। बदमाशों पर पुलिस का कोई शिकंजा नहीं होने से उनके हौसले बुलंद है। नागरिको ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की आवश्यकता बताई है।

# जारचा पुलिस ने गाली-गलौज व हत्या के प्रयास के दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जारचा, 23 दिसंबर 2025 थाना जारचा पुलिस ने गाली-गलौज और हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है.

# गाजियाबाद में झुग्गी झोपड़ियों में पुलिस-आरएफ का सर्च ऑपरेशन, बांग्लादेशियों के पास मिले दस्तावेज

**समाज जागरण**

गाजियाबाद, 23 दिसंबर 2025ः गाजियाबाद में पुलिस और रेपिड फोर्स (आरएफ) ने झुग्गी झोपड़ियों में सर्च ऑपरेशन चलाया। यह कार्रवाई विशेष रूप से बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और निगरानी के लिए की गई थी। ऑपरेशन के दौरान यह आश्चर्यजनक तथ्य सामने आया कि झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले कुछ लोग पासपोर्ट और अन्य आवश्यक सर्टिफिकेट भी बनवाए हुए थे। वहीं आम नागरिकों के पास जरूरी कागजात पूरी तरह मौजूद न होने के बावजूद इनके पास सभी प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध पाए गए।

इस मामले ने प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के लिए नई चुनौती पेश की है। अधिकारियों का कहना है कि झुग्गी झोपड़ियों में रह रहे ऐसे लोगों की पूरी जानकारी और सत्यापन अत्यंत आवश्यक है ताकि देश में अवैध निवास और सुरक्षा जोखिम को रोका जा सके।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की बैठक संपन्न



गौतम बुद्ध नगर, 23 दिसंबर 2025ः मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, सेवाओं और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में टेलीमेडिसिन, ई-संजीवनी, टीक-ाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड वितरण और दवाइयों की उपलब्धता पर विशेष बल दिया गया।

डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने निर्देश दिए कि सभी ब्लॉकों में डेटा वैलिडेशन बैठकें नियमित आयोजित हों, स्वास्थ्य कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाए, और टॉप-10 चिकित्सकों को आगामी यूपी दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# टीएमयू में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्प्यूटिंग में प्रगति पर वर्चुअली इंटरनेशनल सेमिनार

**समाज जागरण**

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार के रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) विपुल शर्मा ने आधुनिक एंटीना तकनीक और वायरलेस संचार पर बोलते हुए वायरलेस ट्रांसमिशन के सिद्धांत, एंटीना संरचनाओं- वायर, डाइपोल, लूप, मोनोपोल और उनके अनुप्रयोगों पर विस्तार से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मेटामटीरियल्स, नेगेटिव रीफ्रेक्टिव इंडेक्स, स्प्लिट-रिंग रेजोनेटर और सियरपिंस्की गैस्केट जैसी फ्रैक्टल ज्योमेट्री जैसे उन्नत विषयों का परिचय कराते हुए डेटा रेट पर स्प्रेड और इम्पल्स के प्रभाव एवम् हाई-फ्रीक्वेंसी स्विचिंग में माइक्रोवेव डायोड की भूमिका भी समझाई। प्रो. विपुल तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग की ओर से आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्प्यूटिंग में प्रगति पर ऑनलाइन आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने उद्घाटन भाषण में कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई तीव्र गति से सभी इंजीनियरिंग क्षेत्रों में अपने पैर जमा रही है। उन्होंने टैगिंग, सेंसरिंग, सिंकिंग और थिंकिंग सरीखे आधुनिक कम्प्यूटिंग के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उभरती तकनीकों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

एचसीएल टेक्नोलॉजी, अमेरिका के सीनियर एआई आर्किटेक्ट श्री सचिदानंद सेमवाल ने शैक्षणिक प्रयोगशालाओं में एआई की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया, एआई प्रयोगशालाओं में कार्यों को स्वचालित करके, शुद्धता बढ़ाकर और छात्रों की रचनात्मक क्षमता को उभारकर प्रयोगशालाओं को बदल रही है। उन्होंने एआई-सुसज्जय प्रयोगशालाओं, अद्यतन पाठ्यक्रम और बहुविषयक अधिगम की आवश्यकता पर जोर दिया। छात्रों के एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने स्पष्ट किया, जीपीटी सरीखे उपकरण जिम्मेदारी से उपयोग किए जाएं तो




अत्यंत लाभप्रद सिद्ध होते हैं। जीसीईटी, ग्रेटर नोएडा के सीनियर प्रोफेसर डॉ. अरुण राणा ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स- आईओटी विकास, संरचना एवं शोध उपकरण पर अपने अनुभव साझा किए। डॉ. राणा ने आईओटी के विकास, डिवाइस नोड्स, सेंसर, गेटवे, हार्डवेयर इंटरफेस और लोकल प्रोसेसिंग यूनिट्स पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आईओटी की तीन-स्तरीय संरचना परसेप्शन लेयर, नेटवर्क लेयर और एप्लीकेशन लेयर को स्पष्ट रूप से समझाया।

एलजी इलेक्टानिक्स, यूरोप के प्रोग्राम मैनेजमेंट-इंफोटेनमेंट श्री अभिनव अग्रवाल ने बताया, सॉफ्टवेयर-डिफाइंड व्हीकल्स- एसडीवीएस सॉफ्टवेयर आधुनिक परिवहन प्रणाली में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहे हैं। उन्होंने पारंपरिक हार्डवेयर-निर्भर वाहनों की तुलना निरंतर स-ॉफ्टवेयर अपडेट्स, बेहतर प्रदर्शन, अधिक सुरक्षा और उच्च कनेक्टि-विटी प्रदान करने वाले एसडीवीएस से की। गुस्टो आईएनसी, अमेरिका के सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर श्री विकास विश्नोई ने स्मॉल लैंग्वेज मॉडल्स- एसएलएमएस और एज-एआई क्रांति पर बोलते हुए कम कंप्यूटिंग संसाधनों वाले उपकरणों हेतु डिजाइन किए गए एसएलएमएस के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। आईआईटी बीएचयू के डॉ. श्याम कमल सिंह ने आधुनिक रोबोटिक प्रणालियों के मूल सिद्धांत पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने गणितीय प्रतिकरण, पैरामीटर पहचान, अवलोकन, नियंत्रण, स्थिरता विश्लेषण, डिजाइन और अनुकूलन सरीखे प्रमुख घटकों पर आधारित आधुनिक रोबोटिक्स की आधारभूत अवधारणाओं को समझाया।

इंसिंकरो ऑस्टेलिया प्रा. लि., ऑस्ट्रेलिया के सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट श्री वर्घीस कोचुम्मेन ने आईओटी युग में प्रोजेक्ट नियंत्रण पर बोलते हुए कहा, आईओटी रीयल-टाइम डेटा संग्रह, उपकरण उपयोग, सामग्री प्र-वाह, कार्यबल गतिविधि और पर्यावरणीय स्थितियों की सतत निगरानी सक्षम करके प्रोजेक्ट प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। सेमिनार में ईसीई विभाग की एचओडी एवम् कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अलका वर्मा, श्री राहुल विश्नोई, डॉ. विभोर कुमार भारद्वाज, श्री प्रशांत कुमार, श्री नीरज कौशिक के संग-संग छात्र समन्वयक- सुश्री नवज्योत, श्री अर्नव जैन, श्री अभिषेक जैन, श्री सक्षम जैन, सुश्री विनिता, और स्टाफ सदस्य अनुभव मेहरोत्रा, पुनीत एवं चंद्रपाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सेमिनार में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और सभी को ई-सर्टिफिकेट्स प्रदान किए गए। संचालन बीटेक ईसी की सुश्री नवज्योत ने किया।

# क्षत्रिय सैदव ही समाज व राष्ट्र की रक्षा के लिए तैयार रहता है -भानु प्रताप सिंह

**संवाददाता**

नई दिल्ली 24दिसम्बर 25:- क्षत्रिय




सैदव ही समाज व राष्ट्र की रक्षा और सुरक्षा के लिए हमेशा ही तैयार रहता है।इस संदर्भ में क्षत्रियों का इतिहास गौरवशाली था है और रहेगा। क्षत्रिय की पहचान त्याग व तपस्या की मूर्ति रही है।आज आवश्यकता क्षत्रिय समाज को एक मंच पर लाने की।जो देश की दिशा व दशा दे सके। उपरोक्त विचार विगत रविवार 21 दिसम्बर 25 को हिंदी भवन विष्णु दिगम्बर मार्ग दिल्ली में 6 वाँ स्थापना दिवस एवं डिजिटल दूरभाष निर्देशिका सह -डायरी के विमोचन का कार्यक्रम के सुअवसर पर कहा। इस सुअवसर पर काफी संख्या में दिल्ली और एनसीआर से क्षत्रिय बंधुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी विश्व क्षत्रिय उत्तरदायित्व परिषद के सभी पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर ले कर कार्यक्रम को सफल बनाया।ज्ञातव्य रहे कि भानु प्रताप सिंह संस्थापक हैं ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डाक्टरः ए. पी सिंह जी सिनियर काउंसिल गवर्मेंट आफ इंडिया सुप्रीम कोर्ट आँफ इंडिया,सुभाष सिंह -प्रमुख कार्यवाहक,जितेन्द्र सिंह - मुख्य कार्यवाहक (वित्त) नीरज सिंह कश्यप - मुख्य कार्यवाहक मुख्यालय,प्रदीप कुमार सिंह - मुख्य कार्यवाहक सांस्कृतिक व मीडिया, महेन्द्र सिंह चौहान -मुख्य कार्यवाहक दिल्ली प्रदेश,अशोक सिंह - मुख्य विधि प्रकोष्ठ, डाक्टर बलवंत सिंह,डाक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह - मुख्य स्वास्थ्य प्रकोष्ठ,केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य, डिम्पल सिंह, अश्विनी सिंह,ठाकुर राम सिंह, रघु-राज सिंह व करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष इकबाल बहादुर सिंह, जितेन्द्र बहादुर सिंह,ज्योति राणा एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारियों के अलावा दिल्ली एनसीआर से काफी संख्या में क्षत्रिय बंधुओं एवं क्षत्रिय संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# स्काउट-गाइड अनुशासित जीवन की कला: प्रो. एमपी

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में शिक्षा संकाय के पांच दिनी स्काउट-गाइड शिविर का समापन

**समाज जागरण**

मुरादाबादः तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के शिक्षा संकाय की ओर से स्टुडेंट्स के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से आयोजित पांच दिनी स्काउट-गाइड शिविर का टीएमयू के डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने निरीक्षण किया। प्रो. सिंह ने कमल टोली, बा-रहसिंगा टोली, भगत सिंह टोली आदि के शिविरों में स्टुडेंट्स से स्काउट-गाइड की गतिविधियों, उनके उद्देश्यों एवं सामाजिक योगदान की जानकारी प्राप्त की। प्रो. सिंह ने कहा, स्काउट-गाइड अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देने वाली संस्था है। स्काउट-गाइड का स्टुडेंट्स में सेवा भावना, सामाजिक संवेदनशीलता एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध विकसित करने में अहम रोल है। शिक्षा संकाय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन ने कहा, स्काउट-गाइड संस्था का प्रमुख उद्देश्य अनु-



शासन, सेवा एवं चरित्र निर्माण है। शिविर का शुभारंभ प्रत्येक दिन ध्वजारोहण, स्काउट-गाइड प्रार्थना और प्रतिज्ञा के साथ हुआ। इससे स्टुडेंट्स में अनुशासन, समयबद्धता, टीम भावना एवं आत्मविश्वास को बल मिला। शिविर का मुख्य उद्देश्य नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, आत्मनिर्भरता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं आपातकालीन प-रिस्थितियों से निपटने की दक्षता का विकास करना रहा। शिविर में गांठ बाँधने की कला, प्राथमिक उपचार, मानचित्र अध्ययन, दिशा ज्ञान, आपदा प्रबंधन, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, योग एवं ध्यान, व्यक्तित्व विकास सत्र तथा सामूहिक खेल प्रमुख रहे। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के डॉ. रणजीत सिंह, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. अर्पिता त्रिपाठी, डॉ. सुनील कुमार पांडे, डॉ. नाहिद बी., डॉ. रवि प्र-काश सिंह, डॉ. शेफाली जैन, डॉ. मुक्ता गुप्ता, डॉ. पावस कुमार मंडल, डॉ. रूबी शर्मा, डॉ. शिवानी यादव आदि मौजूद रहे।

# वीसम पब्लिक स्कूल के संचालक ने जिलाधिकारी के आदेशों की उड़ाई धज्जियाँ

**समाज जागरण**

मेरठ, 23 दिसंबर 2025ः गढ़ रोड स्थित पचगांव में स्थित वीसम पब्लिक स्कूल के संचालक गजेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी मेरठ के आदेशों की खुलेआम अवहेलना की। जिलाधिकारी ने कोहरे और पाले जैसी विषम परिस्थितियों को देखते हुए जनपद के सभी स्कूलों (कक्षा एक से आठ तक) में तत्काल प्रभाव से अवकाश घोषित किया था।

लेकिन इसके विपरीत, वीसम पब्लिक स्कूल पचगांव पट्टी अमरसिंह खुला पाया गया। जब मीडिया कर्मियों ने स्कूल संचालक




से पूछताछ की, तो उन्होंने आदेश को मजाक में उड़ाते हुए कहा, "ये स्कूल है जनाब, बच्चों को रोजाना स्कूल आना है और पढ़ना है।"

इस बयान से स्पष्ट होता है कि स्कूल संचालक जिलाधिकारी के आदेशों को नजरअंदाज कर नियमों का उल्लंघन कर रहा है। यह घटना बच्चों की सुरक्षा और प्रशासनिक आदेशों के प्रति अवज्ञा के दृष्टिकोण से गंभीर मानी जा रही है। सौजन्यः स्थानीय रिपोर्ट

# आईएमएस-डीआईए में क्रिसमस का आयोजन

नोएडा। आईएमएस डिजाइन एण्ड इनोवेशन एकेडमी (आईएमएस-डीआईए) में धूमधाम से क्रिसमस मनाया गया। मंगलवार को सेक्टर-62 स्थित संस्थान परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया एवं उत्सव की उमंग को साझा किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने सभी से कार पूलिंग, सड़क सुरक्षा, री-साइकिल, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता की अपील की।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने सभी को क्रिसमस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्रिसमस हमें आपसी प्रेम, सद्भाव और दूसरों की भलाई के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। वही आईएमएस-डीआईए के डीन प्रोफेसर (डॉ.) एमकेवी नायर ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव के साथ-साथ रचनात्मक विकास से जुड़ा होना चाहिए। हम सभी को सांता के जीवन से प्रेरणा लेते हुए खुशहाल समाज के निर्माण में सहयोग करने की जरूरत है।

क्रिसमस के अवसर पर अपना संदेश देते हुए आईएमएस-डीआईए के वाइस प्रेसिडेंट चिराग गुप्ता ने कहा कि क्रिसमस केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को समझने का भी अवसर है। युवा पीढ़ी को नवाचार के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से भी जुड़कर कार्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से सामाजिक जिम्मेदारी, रचनात्मक सोच और मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर सकारात्मक एवं संवेदनशील समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

वही आईएमएस नोएडा की कल्चरल क्लब की हेड मीतू चौधरी ने बताया कि आज के कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कैरोल सिंगिंग, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया। छात्रों ने अपने गायन, नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुती से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। वहीं कार्यक्रम के अंत में केक कटिंग सेरेमनी के साथ छात्रों ने एक दूसरे को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया।

# सूरजपुर पुलिस ने 3 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, लूट का माल बरामद

**समाज जागरण**

सूरजपुर, 23 दिसंबर 2025ः थाना सूरजपुर पुलिस ने तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट की गई 01 मोटरसाइकिल, 01 मोबाइल फोन, 2500 नकद और अवैध शस्त्र बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और मामले की जांच जारी है। अधिकारियों ने नागि-रकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराधियों को शीघ्र पकड़ा जा सके।

यह कार्रवाई सूरजपुर में कानून और व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में पुलिस की सक्रियता का उदाहरण है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए
संपर्क करे। न्यूज़ पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# संभल में विश्व हिंदू परिषद का प्रदर्शन, बांग्लादेश का पुतला फूंका

**समाज जागरण**

संभल। बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (VHP) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को संभल के शंकर चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश का पुतला फूंककर घटना पर रोष व्यक्त किया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।




प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश हाई कमीशन से पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार चिंताजनक हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस पर कड़ा संज्ञान लिया जाना चाहिए।
इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री गौरव प्रताप, जिला अध्यक्ष अनंत अग्रवाल, जिला संयोजिका दीपा वार्ष्णेय, जिला मंत्री विजय चौधरी, विभाग संयोजक नितिन शर्मा सहित शक्ति, विष्णु, संतोष, राजेश व अन्य संगठन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया और चेतावनी दी कि यदि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार नहीं रुके तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# गन्ने के खेत में तेंदुए के शावक मिलने से मचा हड़कंप

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। सिंगाही कस्बा क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब गन्ने के खेत में काम करने गए मजदूरों को तेंदुए के शावक दिखाई दिए। शावकों को देखकर मजदूर सन्न रह गए और तुरंत गांव में सूचना फैल गई, जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना रहा।



यह मामला सिंगाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिंगहा कलां का है। किसान रामशंकर वर्मा पटेल के गन्ने के खेत में गन्ना छीलने गए मजदूरों ने खेत के अंदर तेंदुए के शावक देखे। लोगों को आशंका है कि शावकों की मां तेंदुआ भी आसपास ही मौजूद हो सकती है।
सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने तत्काल वन विभाग को जानकारी दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शावकों का निरीक्षण किया और उनकी मां के आसपास होने की संभावना जताई। वन विभाग ने किसानों और ग्रामीणों से खेतों में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।
गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से दुधवा नेशनल पार्क से निकलकर तेंदुओं की आवाजाही क्षेत्र के कई गांवों में देखी जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। लगातार मिल रही सूचनाओं को देखते हुए वन विभाग भी अलर्ट मोड पर है और तेंदुओं को सुरक्षित पकड़ने के प्रयास कर रहा है।
वन विभाग की टीम और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने किसानों व उनके बच्चों को चेतावनी दी है कि जब तक तेंदुए की मां को सुरक्षित पकड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर नहीं भेजा जाता, तब तक अत्यंत आवश्यक होने पर ही खेतों की ओर जाएं। खेतों में अकेले जाने के बजाय समूह में जाने और पूरी सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

# चौधरी चरण सिंह की जयंती पर सपा कार्यालय में गोष्ठी, राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया गया जन्मदिन

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। किसानों के मसीहा और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती सोमवार को शहर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनका जन्मदिन राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाते हुए उन्हें नमन किया गया।



चौधरी चरण सिंह की जयंती पर समाजवादी पार्टी के कार्यालय लोहिया भवन में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सपा के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने की। उन्होंने चौधरी साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए देश की निस्वार्थ सेवा की।
रामपाल यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपने प्रशासन में अक्षमता, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को कभी बर्दाश्त नहीं किया। उत्तर प्रदेश में भूमि सुधारों का पूरा श्रेय उन्हीं को जाता है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने जोत अधिनियम 1960 को लागू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका उद्देश्य भूमि की अधिकतम सीमा तय कर उसे पूरे प्रदेश में समान रूप से लागू करना था।
उन्होंने कहा कि देश में बहुत कम ऐसे राजनेता हुए हैं, जिन्होंने जनता के बीच रहकर सादगी और सरलता से कार्य करते हुए इतनी लोकप्रियता हासिल की हो। चौधरी चरण सिंह का जीवन अत्यंत साधारण रहा और वे ईमानदारी की मिसाल थे। उनके निधन के समय उनके बैंक खाते में मात्र 470 रुपये शेष थे। किसानों के हित में उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव याद रखे जाएंगे।
गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया। कार्यक्रम को पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व विधायक रामसरन, मिर्जा शेखू और रियाजुल्ला खां ने भी संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।
इस अवसर पर आनंद पटेल, शिवराज वाल्मीकि, प्रख्याति खरे, अमित वर्मा, दीपक रस्तोगी, संजीव वर्मा, आरती सिंह जनवार, रविशंकर वर्मा, फैसल खान, मजिस्टर यादव, पिंकी सक्सेना, शौर्य वर्धन गुप्ता, तारिक अहमद, धर्मदत्त तिवारी उर्फ कुनाल, रामनिवास निषाद, मनोज कुमार, कल्लू खां सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कोहरे और क्रॉस के चलते ट्रेनों की लेटलतीफी, यात्री हुए परेशान

## गोमती एक्सप्रेस ढाई घंटे, पैसेंजर ट्रेनें लगभग तीन घंटे रहीं लेट

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर। घने कोहरे के साथ-साथ ट्रेनों के क्रॉस कराए जाने के कारण लखनऊझ्रपीलीभीत रेल प्रखंड पर संचालित अधिकांश ट्रेनें लगातार देरी से चल रही हैं। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक्सप्रेस ट्रेनें जहां ढाई घंटे तक लेट रहीं, वहीं पैसेंजर ट्रेनों में करीब तीन घंटे की देरी दर्ज की गई। कई ट्रेनों को केवल क्रॉस कराने के लिए ही लगभग एक घंटे तक लखीमपुर स्टेशन पर खड़ा रहना पड़ा।




मंगलवार को इस रेल खंड पर चलने वाली लगभग सभी ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से पहुंचीं। गोरखपुर से चलकर इज्जतनगर जाने वाली 15009 एक्सप्रेस सुबह 8:45 बजे के स्थान पर 11:10 बजे लखीमपुर स्टेशन पहुंची। वहीं लखनऊ-पीलीभीत पैसेंजर (55086) अपने निर्धारित समय 10:37 बजे की बजाय 12:02 बजे पहुंची।
लखनऊ से मैलानी जाने वाली ट्रेन 11:21 बजे के स्थान पर 1:21 बजे लखीमपुर स्टेशन आई। इस ट्रेन को क्रॉस के चलते लगभग एक घंटे तक स्टेशन पर खड़ा रखा गया और बाद में 2:02 बजे रवाना किया गया। मैलानी से लखनऊ जाने वाली ट्रेन भी अपने निर्धारित समय 1:00 बजे की जगह 2:00 बजे लखीमपुर पहुंची।
इसी तरह मैलानी से सीतापुर जाने वाली 55081 पैसेंजर लखीमपुर स्टेशन पर 3:19 बजे की बजाय शाम 5 बजे के बाद पहुंची। इससे पहले सोमवार को भी 15010 एक्सप्रेस करीब डेढ़ घंटे, जबकि 55085 पीलीभीत-लखनऊ पैसेंजर लगभग दो घंटे की देरी से लखीमपुर स्टेशन पहुंची थी।
लगातार ट्रेनों के लेट चलने से यात्रियों में रोष देखा गया। यात्रियों का कहना है कि कोहरे के साथ-साथ क्रॉस व्यवस्था के कारण ट्रेनें अनावश्यक रूप से रोकी जा रही हैं, जिससे समय पर गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आयोजित दो दिवसीय इन्फ्लूएंजा चिंतन शिविर से फ्लू के मौसम से पहले तैयारियों और कार्रवाई के लिए अंतर-मंत्रालयी समन्वय सुदृढ़ हुआ

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचडब्ल्यू) की ओर से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के भारतीय कार्यालय के सहयोग से 22-23 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में "इन्फ्लूएंजा के संबंध में तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए अंतर-मंत्रालयी और अंतर-क्षेत्रीय समन्वय को सुदृढ़ करने" के विषय पर दो दिवसीय इन्फ्लूएंजा चिंतन शिविर का आयोजन किया। इस चिंतन शिविर में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आपदा प्रबंधन (डीएम) प्रकोष्ठ, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) और राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (एनआईएचएसएडी) के हितधारकों ने भाग लिया। इस शिविर ने इन्फ्लूएंजा के आगामी मौसम से पहले इससे निपटने की तैयारी और प्रतिक्रिया तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए विचार-विमर्श के उद्देश्य से सुव्यवस्थित मंच प्रदान किया।
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने वीडियो संदेश के माध्यम से उद्घाटन सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने इन्फ्लूएंजा से निपटने के लिए उपयुक्त समन्वित तैयारी और प्रतिक्रिया संबंधी उपायों के महत्व पर बल दिया जिनमें तेजी से कार्रवाई की क्षमता संबंधी योजना भी शामिल है ताकि देश को इन्फ्लुएंजा पर नियंत्रण के लिए सामर्थ्यवान बनाया जा सके। उन्होंने एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया और सुदृढ़ तथा सहयोगात्मक निगरानी प्रणालियों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल से किए जाने वाले प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।
चिंतन शिविर में स्वास्थ्य, पशुपालन, कृषि और पर्यावरण सहित विभिन्न मंत्रालयों के लगभग 100 प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उनमें प्रमुख अनुसंधान संस्थान, राज्य सरकारें और अंतर्राष्ट्रीय भागीदार भी शामिल थे, जिन्होंने सरकार की 'एक स्वास्थ्य' और समग्र सरकारी दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया।

# लेखपाल को रु5000 की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर सदर तहसील में एक लेखपाल को रु5000 की रिश्वत लेते हुए मुरादाबाद एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया इसके बाद तहसील में हड़कंप मच गया लेखपाल को एंटी करप्शन टीम शहर कोतवाली ले गई जहां मामले में कार्रवाई की जा रही है बताया जा रहा है कि मामला बिजनौर सदर तहसील से संबंधित है
जानकारी अनुसार गांव फतेहपुर खतापुर में तैनात लेखपाल रविंद्र कुमार शर्मा पर धर्मेंद्र नामक एक व्यक्ति रजिस्ट्री में संशोधन करने के लिए रिश्वत मांगने का आरोप है । शिकायतकर्ता धर्मेंद्र हीमपुर दीपा ननूपुरा निवासी पुत्र जगपाल है, धर्मेंद्र ने एंटी करप्शन मुरादाबाद से शिकायत की थी, शिकायत मिलने पर मंगलवार की सवेरे एंटी करप्शन



टीम ने लेखपाल को पकड़ने के लिए जाल बिछाया, टीम के सदस्य पहले जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां से जिलाधिकारी के आदेश पर दो कर्मचारियों को साथ लेकर सदर तहसील पहुंचे तथा तहसील के कमरा नंबर 24 से लेखपाल रविंद्र कुमार को 5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया रविंद्र कुमार मूल रूप से बागपत के रहने वाले हैं। मुरादाबाद से आई एंटी करप्शन टीम में इंचार्ज कृष्णावतार, मौहम्मद इश्तियाक, नवल मरवा, विजय कुमार शामिल थे। लेखपाल रविन्द्र का कहना है किसान उनसे एक बैनामे में संशोधन के लिए वकील से बात करने को कह रहा था यह पैसा वकील को ही दिया

# चौधरी चरण सिंह की जयंती पर समाजवादी कार्यालय में गोष्ठी, किसान दिवस के रूप में मनाया गया जन्मदिन

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। किसानों के मसीहा एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती सोमवार को शहर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनका जन्मदिन राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाते हुए उन्हें नमन किया गया।
जयंती के अवसर पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने की। उन्होंने चौधरी चरण सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी साहब दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने अपने प्रशासन में अक्षमता, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को कभी स्वीकार नहीं किया।
रामपाल यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भूमि सुधारों का पूरा श्रेय चौधरी चरण सिंह को जाता है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने जोत अधिनियम 1960 लागू करने में अहम भूमिका निभाई, जिसका उद्देश्य भूमि की अधिकतम सीमा तय कर उसे पूरे प्रदेश में समान रूप से लागू करना था। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब जैसे नेता बहुत कम हुए हैं, जिन्होंने आम जनता के बीच रहकर सादगी और ईमानदारी से कार्य करते हुए अपार लोकप्रियता हासिल की। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह का जीवन अत्यंत साधारण रहा और वे ईमानदारी की मिसाल थे। उनके निधन के समय उनके बैंक खाते में मात्र 470 रुपये शेष थे। किसानों के हित में उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव याद किए जाएंगे।
गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया। इस दौरान पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व विधायक रामसरन, मिर्जा शेखू एवं रियाजुल्ला खां ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आनंद पटेल, शिवराज वाल्मीकि, प्रख्याति खरे, अमित वर्मा, दीपक रस्तोगी, संजीव वर्मा, आरती सिंह जनवार, रविशंकर वर्मा, फैसल खान, मजिस्टर यादव, पिंकी सक्सेना, शौर्यवर्धन गुप्ता, तारिक अहमद, धर्मदत्त तिवारी उर्फ कुनाल, रामनिवास निषाद, मनोज कुमार, कल्लू खां सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# सर्वोच्च न्यायालय ने अधिवक्ता उत्कर्ष सिंह को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने झंडी स्टेट के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व विधायक ठाकुर करन सिंह के परपौत्र अजय सिंह के पुत्र, अधिवक्ता उत्कर्ष सिंह को एमिकस क्यूरी (Amicus Curiae) के रूप में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनकी विधिक योग्यता, निष्पक्षता और पेशेवर निष्ठा की महत्वपूर्ण मान्यता मानी जा रही है।



यह नियुक्ति 15 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशेष अनुमति याचिका (सिविल) संख्या 33537/2025 में की गई। यह मामला इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ पीठ के एक निर्णय से संबंधित है।
अधिवक्ता उत्कर्ष सिंह की यह नियुक्ति माननीय न्यायमूर्ति संजय करोल एवं न्यायमूर्ति नोंगमेकापम कोटिस्वर सिंह की खंडपीठ द्वारा की गई, जिन्होंने न्यायहित में न्यायालय की सहायता हेतु उन पर विश्वास व्यक्त किया।
एमिकस क्यूरी के रूप में अधिवक्ता उत्कर्ष सिंह को न्यायालय को स्वतंत्र और निष्पक्ष विधिक सहायता प्रदान करने, असप्रतिनिधि पक्षकारों को उनके विधिक अधिकारों से अवगत कराने, विधिक सेवा प्राधिकरणों के साथ समन्वय स्थापित करने तथा निजी अधिवक्ता नियुक्त होने की स्थिति में भी न्यायालय की सहायता जारी रखने का दायित्व सौंपा गया है।
सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्ति उन्हीं अधिवक्ताओं को प्रदान की जाती है, जिनकी विधिक समझ, नैतिक आचरण और सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता पर न्यायालय को पूर्ण विश्वास होता है। यह नियुक्ति अधिवक्ता उत्कर्ष सिंह की पेशेवर क्षमता और विधिक निष्पक्षता का प्रमाण मानी जा रही है।
इस उपलब्धि से विधि जगत में अधिवक्ता उत्कर्ष सिंह की प्रतिष्ठा और अधिक सुदृढ़ हुई है तथा यह कानून के शासन और न्याय तक समान पहुंच के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# लखीमपुर खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने बढ़ाया शहर का गौरव

## 'रन फॉर राम' मैराथन में 1600 से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में मेमोरियल ग्राउंड पर आयोजित लखीमपुर खेल महोत्सव सीजनझ्र2 के नौवें दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। खिलाड़ियों के उत्साह और उत्कृष्ट प्रदर्शन ने पूरे शहर को गौरवान्वित किया।



खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित "रन फॉर राम" मैराथन को प्रांत प्रचारक कौशल, विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश सिंह पटेल, विभाग प्रचारक अभिषेक, जिला प्रचारक अविनाश, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार तथा क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष कपिल श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में 1600 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# नजीबाबाद के क्षेत्र ग्राम धनसिनी मे फिर पकड़ा गया खूंखार चौथा गुलदार

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद के क्षेत्र तहसील ग्राम धनसिनी में फिर पकड़ा गया एक खूंखार गुलदार ग्राम धनसिनी में गुलदारों का ज्यादा से ज्यादा आतंक देखा जा रहा है ग्राम धनसिनी में दो ढाई महीने के अंदर अंदर यह चौथा गुलदार फिर हुआ पिंजरे में हुआ कैद गांव वासियों में बना डर का माहौल यह पिंजरा मास्टर अरविंद के खेतों पर लगाया गया था जहां किसानों ने



सुबह अपने खेतों पर जाकर देखा तो सुरेंद्र सिंह अरविंद कुमार संजीव कुमार सीताराम सिंह सुनील कुमार महेंद्र सिंह खेतों पर पहुंचे लगभग समय 7 से 8:00 बजे का समय था सुबह मंगलवार को दिनांक 23-12-2025 को जब किसान सुबह-सुबह अपने खेतों पर गए तो उन्होंने गुलदार के बच्चा पिंजरे में कैद देखा तो गांव में हड़कंप मच गया और गांव वासी अधिक से अधिक संख्या में गुलदार को देखने पहुंचे गुलदार का बच्चा दो से ढाई साल का बताया जाता है यह बच्चा मादा है धनसिनी में गुलदारों की संख्या ज्यादा से ज्यादा देखे जा रही है गांव वासियों का कहना है की वन विभाग की टीम से हमें ज्यादा से ज्यादा पिंजरा दिलाने की मांग है सूचना देने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार को अपने कब्जे में लेकर चले गए मौके पर रामकुमार रेंजर जी पहुंचे गांव वासियों ने ले राहत की सांस

# पशु वध के उपकरण सहित युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर क्षेत्रान्तर्गत गागन नदी पुल के नीचे एक कट्टे में गौवंशीय पशु की खाल/अवशेष पड़े है। जिसकी थाने में तहरीर दी गई थी। पुलिस ने वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना नजीबाबाद गौवध अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया था।



नजीबाबाद पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड के दौरान उपरोक्त घटना से संबंधित युवक मोहम्मद जमशेद पुत्र शरीफ निवासी कुरेशियान मस्जिद के पास पठानपुरा को पशु वध के उपकरण व अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार किया गया था।
युवक से की गई पूछताछ में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान महताब कुरैशी पुत्र अब्दुल शमी, शालू पुत्र फारुख, मगरूब उर्फ दुग्गी पुत्र छोटा, शहजाद पुत्र मैगा के नाम प्रकाश में आये। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुठभेड की घटना में वांछित युवक शहजाद उर्फ मैगी पुत्र मोहसीन निवासी हवेली तला जाब्ता गंज थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार किया गया। और आगे की कार्यवाही जारी है।

# गोला डिपो में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, 122 कर्मचारियों की हुई स्क्रीनिंग

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। गोला डिपो (बस स्टैंड) परिसर में एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डिपो से जुड़े कुल 122 कर्मचारियों की विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। शिविर में एआरएम, चालक, परिचालक, संचालक, सफाई कर्मी, मिस्त्री सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि शिविर के दौरान एचआईवी, सिफीलिस, हेपेटाइटिस-बी (एचबीएसएजी), हेपेटाइटिस-सी (एचसीवी) तथा टीबी (क्षय रोग) की स्क्रीनिंग की गई। जांच रिपोर्ट के अनुसार हेपेटाइटिस-बी के 2 मामले, सिफीलिस का 1 मामला रिएक्टिव पाया गया, जबकि एचआईवी का कोई भी मामला रिएक्टिव नहीं मिला।
टीबी जांच के अंतर्गत 37 कर्मचारियों का एक्स-रे कराया गया तथा 9 लोगों के स्पुटम (बलगम) की जांच की गई। इसके अतिरिक्त शिविर में 80 कर्मचारियों की आंखों की जांच भी की गई।
शिविर में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस और सिफीलिस जैसी बीमारियों की समय रहते पहचान से इलाज संभव हो पाता है और गंभीर जटिलताओं से बचाव किया जा सकता है। टीबी की पुष्टि एक्स-रे और स्पुटम जांच से, जबकि एचआईवी व सिफीलिस की जांच रक्त परीक्षण से की जाती है।
स्वास्थ्य शिविर में डॉ. सुधांशु त्रिपाठी, चित्रांशु समाज कल्याण परिषद के प्रतिनिधि, एचआईवी-टीबी कोऑर्डिनेटर, डीएसआरसी काउंसलर, पीपीसीटी जिला महिला अस्पताल, एनटीईपी स्टाफ तथा सीएचसी गोला का स्वास्थ्य स्टाफ मौजूद रहे। सभी ने कर्मचारियों से अपील की कि किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

# कड़ाके की ठंड और कोहरे में कराई गई ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं

## बच्चों की सुरक्षा पर उठे सवाल, अव्यवस्थाओं का रहा बोलबाला

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराए जाने को लेकर जिले में सवाल खड़े हो गए हैं। शहर से करीब पांच किलोमीटर दूर स्थित लालपुर स्टेडियम के खुले मैदान में मंगलवार से दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से बच्चों को बुलाया गया।





एक ओर जहां प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर और कोहरे को देखते हुए विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है, वहीं खीरी जनपद में शिक्षा विभाग ने बच्चों को सुबह-सुबह घरों से निकालकर खेल रैली और प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए बाध्य किया। अभिभावकों का कहना है कि इतनी ठंड और कोहरे में बच्चों को लाना उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है।
अभिभावकों ने चिंता जताते हुए कहा कि अगर इतनी ठंड और कोहरे में बच्चों के साथ कोई अनहोनी हो जाती है तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? शिक्षा विभाग के अधिकारी किसी भी अप्रिय घटना से बच नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों की देखरेख किसी औपचारिकता या अफसरशाही से नहीं हो सकती।
प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ठंड के मौसम में संवेदनशीलता बरतने और अनावश्यक आवागमन से बचने की अपील के बावजूद, शिक्षा विभाग ने गांवों से 80 से 100 किलोमीटर दूर तक के बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बुलाया। निघासन से शिक्षक सुबह सात बजे बच्चों को लेकर रवाना हुए, पलिया से छह बजे, वहीं पसगवां (शाहजहांपुर सीमा) से करीब 90 किलोमीटर दूर से भी शिक्षक बच्चों को लेकर पहुंचे। मोहम्मदी जैसे क्षेत्रों से भी बच्चों को ठंड और कोहरे में लाया गया।
स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के कई बच्चों के पास पर्याप्त गर्म कपड़े और जूते तक नहीं हैं। इसके बावजूद उन्हें खुले मैदान में खड़ा रखा गया। कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्थाओं का आलम यह रहा कि बच्चों को घंटों मुख्य अतिथियों का इंतजार करना पड़ा। मंच काफी देर तक खाली रहा और बच्चे ठंड में ठिठुरते रहे।
प्रतियोगिता में भाग लेने आई छात्राओं के लिए ड्रेस बदलने की कोई व्यवस्था नहीं थी, न ही पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। मौके का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की कवायद शुरू की गई।
कुल मिलाकर, शिक्षा विभाग द्वारा ठंड और कोहरे की अनदेखी कर आयोजित की गई इस प्रतियोगिता ने बच्चों की सुरक्षा, प्रशासनिक संवेदनशीलता और व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# धोखाधड़ी से निकाली गई बाइक के साथ दो फाइनेंस एजेंट गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे की हीरो एजेंसी मैं तैनात कर्मचारी ने एक अन्य फाइनेंस एजेंट के साथ मिलकर एक व्यक्ति के दस्तावेजों की चोरी कर फाइनेंस कंपनी से बाइक निकाल कर बेच दी।पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बाइक बरामद कर जेल भेज दिया है। कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव झाड़ खेड़ी निवासी नवाब ने न्यायालय के आदेश पर थाने पर अभियोग दर्ज कराया था। पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया था कि पीड़ित का कैराना के पंजाब नेशनल बैंक में खाता है, दिनांक 7 फरवरी 2025 को पीड़ित के खाते से 3532 रुपए काटने का एसएमएस



प्राप्त हुआ, पीड़ित ने दो दिन बाद जाकर जब बैंक में मैनेजर से जानकारी की तो मैनेजर द्वारा बताया गया कि उसने श्रीराम कंपनी से बाइक निकलावा रखी है। पीड़ित तुरंत बागपत जनपद के कस्बा बड़ौत स्थित श्री राम कंपनी के कार्यालय पर पहुंचा और अपने कागजात दिखाएं, कंपनी के द्वारा दिखाए गए कागजात पर पीड़ित के फोटो नहीं थे किसी अन्य व्यक्ति के फोटो लगाए गए थे, श्रीराम फाइनेंस कार्यालय पर तैनात कर्मचारियों ने बताया कि दस मई 24 को कस्बे के दिल्ली रोड स्थित रुद्र ऑटोमोबाइल कंपनी से आपकी बाइक निकाली गई है। पीड़ित ने,श्रीराम कंपनी के मैनेजर, फाइनेंसर अक्षय चौहान व प्रवीण शर्मा सहित तीन अज्ञात पर आरोप लगाते हुए बताया था कि उसके दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करते हुए दो अन्य व्यक्तियों को गवाह बनकर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल निकला ली। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर थाने पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। मंगलवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए फाइनेंस कंपनी के एजेंट अक्षय चौहान निवासी ग्राम लूम जनपद बागपत व ईशाम सिंह निवासी थाना नांगल जनपद सहारनपुर को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया और दोनों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

**इनसेट ,,,**

पकड़े गए दोनों आरोपी है फाइनेंस कंपनी के एजेंट कांधला। पुलिस ने पकड़े दोनों आरोपी फाइनेंस कंपनी के एजेंट है एक श्री राम फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी है तो दूसरा मोफिन ग्रीन कंपनी में लोगों की फाइनेंस कराता है। पुलिस हिरासत में पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि उन दोनों की मुलाकात कंपनी के द्वारा रखे गए सेमिनार के जरिए हुई थी। दोनों आरोपियों ने सांठ-गांठ करते हुए बाइक कांधला से निकलकर सहारनपुर भेज दी थी ताकि आसानी से पकड़ में ना आ सके। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों से बाइक बरामदकर जेल भेज दिया है।

# युवती को भगा ले जाने पर दो भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के ही दो सगे भाइयों पर पीड़ित की पुत्री को बहला फुसलाकर भाग ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर युवती और दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला से शेखजादगान निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर पहले देते हुए बताया कि पड़ोस के ही आसिफ व दानिश पुत्र जमील पीड़ित की पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि पीड़ित की पुत्री घर से नगदी और जेवरात भी अपने साथ ले गई। काफी तलाश करने के बाद भी युवती और दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं लग सका। दोनों ने दोनों सगे भाइयों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर युवती और दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही युवती को बरामद कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# श्रद्धा से मनाई गई चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती

**समाज जागरण काधला।**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती सोमवार को समाजवादी पार्टी द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। ग्राम भभीसा में सुरेश प्रधान भभीसा के फार्म हाउस पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र एवं कस्बे व देहात से बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरूआत हवन-पूजन से हुई, जिसमें चौधरी चरण सिंह के किसान हितैषी विचारों का स्मरण किया गया। हवन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेशपाल प्रधान ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जीवन किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा है। उनके आदर्श आज भी समाज के



लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और समाजवादी पार्टी उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में ग्राम भभीसा, नाला, डांगरोल, एलम, भारसी, हरमुजपुर, सुन्ना, डागरौड, कनियान, किवाना, मख मूलपूर आदि गांवों लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। भारत रत्न से सम्मानित भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी ने शहर के कैराना रोड स्थित एक



बारातघर में विचार गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए प्रोफेसर सुधीर पंवार व पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने किया। कहा कि चौधरी चरणसिंह का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे सामाजिक-आर्थिक चिंतक, जननेता एवं अद्वितीय प्रशासक थे। गांवों-किसानों को राजनीति की मुख्यधारा में लाने का श्रेय उन्हीं का है। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने 50 जरूरतमंदों को रजाई का वितरण भी किया। मौके पर डा. सत्यपाल कश्यप, अनुज जावला, सलेक चंद, चौधरी बहादुर, योगेन्द्र गोगर, विनीत, कविन्द्र, संजीव राझड, अरूण उर्फ बिट्टू मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला कार्यालय से शिव चौक तक विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिहादी हिंसा, प्रशासनिक निष्क्रियता और अल्प संख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की कड़ी निंदा की। विहिप कार्यकताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हालिया सत्ता परिवर्तन के बाद असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि हुई है, जिनका निशाना विशेष रूप से हिंदू समाज बन रहा है। मंदिरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, महिलाओं, संपत्तियों, शासकीय कर्मचारियों एवं पत्रकारों पर हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने गत



सप्ताह बांग्लादेश के मेमनसिंह जिले के भालुका क्षेत्र में हुई घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि एक श्रमिक दीपू दास पर ईशनिंदा का झूठा आरोप लगाकर उन्मादी भीड़ द्वारा उसकी नृशंस हत्या कर दी गई। आरोप है कि यह पूरी घटना पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में हुई, लेकिन उसे रोकने के प्रयास नहीं किए गए। विहिप नेताओं ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का खुलेआम हनन हो रहा है, जो किसी भी सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा को तत्काल रोका जाए, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो और अल्पसंख्यकों के लिए भय-मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर प्रदीप, मोहित, प्रवीण चौहान, विशाल निर्वाल, विशाल राणावत, नटवर, रोहित चौहान, मुकेश सैनी, विभांशु, हिमांशु राणा, अंकित, सालू राणा, रवि मौजूद रहे।

# सभासदों ने ईओ पर लगाए गंभीर आरोप, डीएम को शिकायत

**समाज जागरण शामली।**

नगर पंचायत बनत के सभासदों ने ईओ पर गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए डीएम से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को सभासद नीरज पाल, दीपक कुमार, ख्वाजा, अमरेश, इकराम अली, अजय कुमार ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति, ठेके, डीजल की अत्यधिक खपत, बोर्ड बैठक में अनियमितताओं तथा सफाई कर्मचारियों के माध्यम से सभासदों पर दबाव बनाए जाने को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत का निस्तारण 15 दिसंबर को कर दिया गया, जिसे सभासदों ने पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है।

आरोप लगाया कि ईओ द्वारा बोर्ड बैठकों में क्लर्क के स्थान पर चपरासी को बैठाकर प्रस्ताव लिखवाए जाते हैं। जबकि आईजीआरएस पर दिए गए जवाब में इस आरोप को निराधार बताया गया है। सभासदों का कहना है कि उनके पास जीपीएस मैप कैमरे से ली गई फोटो सहित पुख्ता साक्ष्य मौजूद हैं, जिनमें अलग-अलग तिथियों पर चपरासी द्वारा बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लिखते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। सभासदों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पंचायत के अतिथि विश्राम गृह में सेवानिवृत्त क्लर्क ओमकुमार अवैध रूप से रह रहा है और बोर्ड बैठकों जैसी गोपनीय कार्यवाहियों में हस्तक्षेप कर रहा है। जबकि ईओ द्वारा यह जवाब दिया गया कि नगर पंचायत में कोई सरकारी आवास ही नहीं है। सभासदों ने इस जवाब को तथ्यहीन बताते हुए मामले की गहन जांच की मांग की है। इसके अलावा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति में भी भारी गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है।

# शहर के बाजार बनाए जाएंगे चांदनी चौक की तरह सुंदर, अरविंद संगल

**समाज जागरण**

शामली। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अरविंद संगल के अपने 61वें जन्मदिन पर नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर के बाजारों को चांदनी चौक की तरह सुंदर बनाये जाने का संकल्प लिया। उन्होने दुकानदारों से भी अतिक्रमण हटाने में अपना सहयोग दिए जाने की अपील की है। सोमवार को नगर पालिका के सभागार में चेयरमैन अरविन्द संगल के जन्मदिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां कर्मचारियों व सभासदों ने उनके पिछले कार्यकाल को सराहा। इस दौरान सभी से मिलकर शहर के विकास में अहम योगदान देने का आहवान किया। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि नगर का विकास सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसमें सभी सहयोग प्रदान




करे। साथ ही उन्होने कहा कि पूर्व चेयरमैन सलेक चंद ने शहर के बाजारों को स्थापित करने का काम किया उसको आगे बढाते हुए वह बाजारों का सौदर्यकारण करा रहे है। जिसमें नालियों का निर्माण शुरू हो चुका है। इसके बाद बडी ही आकर्षक डिजाईनों की लाईटे लगाई जायेगी, जिससे बाजार चांदनी चौक की तरह जगमग होगे। उन्होने दुकानदारों से भी बाजारों से अति क्रमण हटाने में अपना सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर उन्होने हाथों में गदा उठाकर शहर के विकास का संकल्प लिया है। इस अवसर पर सभासद पंकज गुप्ता, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, राजीव कुमार, रोबिन गर्ग, रामनिवास सैनी, धुरेंद्र निर्वाल, गुलजार, अजय निर्वाल, संदीप कुमार, डॉ. राजेंद्र गोयल, संजय उपाध्याय, अरविंद सहित ईओ विनोद कुमार सोलंकी, सफाई इंस्पेक्टर अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बाल संस्कार विभाग के तत्वावधान में तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि अमित शर्मा ने तुलसी पूजन दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए



तुलसी की महिमा और उसके औषधीय व आध्यात्मिक गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को अपने घर में तुलसी का पौधा लगाकर नियमित पूजन और सेवन करना चाहिए, जिससे लौकिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं। तुलसी आयु, आरोग्य और पुष्टि प्रदान करती है। इसके दर्शन से पापों का नाश, स्पर्श से पवित्रता, प्रणाम से रोगों का निवारण और सींचने से नारकीय योनियों से रक्षा होती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने श्रद्धाभाव से तुलसी पूजन किया और तुलसी माता की परिक्रमा की। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, विकास कुमार, अनिता, सुरभि, मोहित कुमार, अमित कुमार, उपासना आदि मौजूद रहे।

# अपर दोआब शुगर मिल में आई तकनीकी खराबी पुरी तरह ठीक नहीं, पेराई कार्य शुरू

**समाज जागरण**

शामली। त्रिवेणी ग्रुप के अपर दोआब शुगर मिल में गत दिवस आई तकनीकी खराबी जहां अभी तक पूरी तरह ठीक नही हो सकी वही मिल अधिकारियों ने टपरेरी जनरेटरों को लेकर पेराई कार्य प्रारंभ कर दिया है। मिल में टरबाईन ठीक न होने से गन्ने की पेराई धीमी गति से चलती रही, जिससे शहर के मिल रोड पर गन्ने के वाहनों का जाम लगा रहा।

गत सोमवार सवेरे अचानक शामली शुगर मिल की टरबाईन खराब हो गई थी। जिसके बाद मिल का पेराई कार्य पूरी तरह से बंद हो गया था। सुबह से शाम तक मिल का पेराई कार्य बंद रहने से किसानों के गन्ने से भरे वाहन तैयार खडे रहे और मिल अधिकारियों पर लगातार दबाव बनाया गया, जिसके बाद मिल



प्रबंधक ने निर्णय लिया कि टरबाईन ठीक होने तक अतिरिक्त जनरेटरों को लगाकर मिल का पेराई कार्य प्रारंभ किया गया। जिसके बाद रात्रि 9 बजे के लगभग मिल का पेराई कार्य जनरेटरों को लगाकर प्रारंभ कर दिया गया। मिल चलने की सूचना पाकर किसान अपने गन्ना वाहन लेकर शामली मिल पहुंचे। मंगलवार को मिल का पेराई कार्य धीमा चलने से मिल गेट से लेकर हनुमान रोड, अग्रसैन पार्क तक गन्ने के वाहनों से जाम लगा रहा। जिससे वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पडा। मिल के महाप्रबंधक गन्ना दीपक राणा ने बताया कि टरबाईन को बुधवार तक ठीक कर लिया जायेगा। शहर में जाम न लगे इसके लिए थोडे थोडे किसानों को बुलाया जा रहा हैं। जहां प्रतिदिन 60 से 70 हजार क्विंटल गन्ना क्रश होता था मंगलवार को मात्र 45 हजार क्विंटल गन्ना ही क्रश हो पायेगा।

# एंटी रोमियो टीम ने बालिकाओं को साइबर अपराध व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर थाने की एंटी रोमियो टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं के साथ एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा कानूनों तथा आपात स्थिति में पुलिस से सहायता लेने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक सुनील दत्त एवं महिला कांस्टेबल श्वेता ने छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनजान कॉल व मैसेज से सतर्क रहने, ऑनलाइन ठगी से बचने



तथा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, हिंसा या असुरक्षा की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न योजनाओं, हेल्प लाइन नंबरों और सहायता सेवाओं की जानकारी भी दी। टीम ने छात्राओं से निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने और कानून का सहारा लेने की अपील की।कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने जागरूकता संबंधी सवाल पूछे, जिनका टीम द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस सदैव तत्पर है और किसी भी समस्या में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# रोडवेज कर्मियों के लिए सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।( फुरकान जंग )सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा शामली रोडवेज बस स्टैंड परिसर में रोडवेज कर्मियों के लिए बहुआयामी सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के दिशा-निदेर्शों के अंतर्गत आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनोद कुमार एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उन्होने कहा कि रोडवेज कर्मियों का स्वस्थ रहना यात्रियों की सुरक्षा तथा परिवहन व्यवस्था की विश्वसनीयता के लिए



अत्यंत आवश्यक है।

स्वास्थ्य शिविर में नेत्र परीक्षण, सामान्य रक्त जांच, एचआईवी परामर्श एवं जांच, टीबी स्क्रीनिंग तथा एसटीआई परामर्श एवं जांच की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। साथ ही कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने एवं समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर अमित चौहान, प्रेमांकुर दत्ता, पुष्पेन्द्र सिंह, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी, रोडवेज राजेन्द्र चौहान, अजीत श्रीवास्तव, डॉ. रूपेन्द्र, पीबीसीटी परामर्शदाता दीपा चौहान, पंकज चौहान, शिवम कुमार, गौरव कुमार मौजूद रहे।

# सर्वोदय आश्रम में धूमधाम से मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती

**समाज जागरण**

शामली। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती मंगल वार को कुडाना रोड स्थित सर्वोदय आश्रम में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव धीरज तोमर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के जीवन परिचय, उनके आदर्शों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समाज के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। भूमि सुधार, सामाजिक न्याय और ईमानदार राजनीति के क्षेत्र में उनके योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता।



उनके सच्चे और सिद्धांतवादी राजनीतिक जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। 9 फरवरी 2024 को चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया, जो उनके योगदान का सम्मान है।

कार्यक्रम में धीरज तोमर, गौरव कश्यप, राफा चौधरी, सोहनवीर सिंह, राजीव मलिक, चौधरी नरेश मलिक, शालू प्रधान, डिम्पल जैन, सतीश राणा आदि मौजूद रहे।

# एमएलसी किरणपाल कश्यप ने विधान परिषद में उठाया सड़क निर्माण में लापरवाही का मुद्दा

**समाज जागरण**

शामली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों की समस्याओं, गन्ना भुगतान में हो रही देरी और जनपद शामली में सड़क निर्माण की लापरवाही का मुद्दा विधान परिषद में एमएलसी किरण पाल कश्यप ने उठाया। किरणपाल कश्यप ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि देश की रीढ़ है, लेकिन आज वही किसान सबसे अधिक संकट में है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बजाज ग्रुप की चीनी मिलों द्वारा किसानों का गन्ना भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। कई किसानों का भुगतान एक वर्ष तक लंबित रहता है और



विलंब के बावजूद ब्याज तक नहीं दिया जा रहा। ऐसी स्थिति में किसान परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और बेटियों की शादी जैसे दायित्व कैसे निभाए, यह एक गंभीर सवाल है। उन्होंने आलू किसानों की समस्याओं को भी सदन में उठाया। कहा कि आलू के लिए न तो पर्याप्त कोल्ड स्टोरेज हैं और न ही न्यूनतम समर्थन मूल्य तय है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी क्रम में उन्होंने जनपद शामली के थानाभवन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भैसवाल से मल्हेंडी तथा झिंझाना से पिरखेड़ा तक सड़क निर्माण का मुद्दा भी उठाया। विधान परिषद के तृतीय सत्र में उन्होंने सवाल किया कि दोनों सड़कों का निर्माण दर्शाए जाने के बावजूद बीच का लगभग 1.5 किलोमीटर हिस्सा आज भी कच्चा है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनत में हुई चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनत में हुई बड़ी चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक फिजियोथेरेपिस्ट और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया शत-प्रतिशत सामान और घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार भी बरामद कर ली है। हैरान करने वाली बात यह रही कि आरोपी ने अपने शौक और प्रेमिकाओं के खर्च पूरे करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है।



मंगलवार को शामली पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में एसएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि 9 दिसंबर को आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के कस्बा बनत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चोरी की घटना हुई थी। इस संबंध में फार्मासिस्ट आदेश कुमार ने थाने में तहरीर देते हुए नेबुलाइजर मशीन, बीपी इंस्ट्रूमेंट, एलईडी टीवी, इनवर्टर बैटरी, प्रिंटर समेत अन्य सामान चोरी होने की जानकारी दी थी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एएसपी ने बताया कि 23 दिसंबर को आदर्श मंडी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सेहटा फ्लाईओवर अंडरपास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम आसिफ पुत्र शराफत अली निवासी ग्राम भौराखुर्द थाना भौराकलां, तथा सचिन पुत्र कृष्णपाल मूल निवासी भौराखुर्द और हाल निवासी विजय नगर , सहारनपुर बताए। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने बनत के सरकारी अस्पताल से चोरी किया गया समस्त सामान बरामद कर लिया। इसके अलावा चोरी में प्रयुक्त क्रेटा कार भी कब्जे में ले ली गई है। पूछताछ में आरोपी आसिफ ने बताया कि वह गांव भाज्जू में फिजि योथेरेपिस्ट है और अपना क्लीनिक चलाता है। उसने स्वीकार किया कि उसकी कई प्रेमिकाएं हैं, जिनके खर्च पूरे करने के लिए उसने अपने साथी सचिन के साथ मिलकर अस्पताल में चोरी की योजना बनाई। मंगलवार को दोनों आरोपी चोरी का सामान लेकर पानीपत बेचने जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि फिलहाल आसिफ के खिलाफ अन्य किसी आपराधिक मामले की जानकारी नहीं मिली है।

# चौधरी चरण सिंह के विचार आज भी गांव गरीब किसान के लिए मार्गदर्शक: धीरज उज्ज्वल

**मवीकलां में चौधरी चरण सिंह जयंती पर यज्ञ गोष्ठी और कंबल वितरण**

**किसान मजदूरों के सच्चे रहनुमा थे चौधरी चरण सिंह**

**गरीबों को हक दिलाने का नाम है चौधरी चरण सिंह का संघर्ष**



**समाज जागरण बागपत।**
मवीकलां गांव में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गोष्ठी, यज्ञ और निर्धन बेसहारा ग्रामीणों को कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राहुल पांचाल के आवास पर संपन्न हुआ, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज उज्जवल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन गांव, गरीब, किसान और वंचित वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में जमींदारी प्रथा का उन्मूलन चौधरी चरण सिंह की ऐतिहासिक उपलब्धि थी, जिससे गरीबों को जमीन पर अधिकार मिला। उन्होंने लेखपाल जैसे महत्वपूर्ण पद का सृजन कर ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत किया। धीरज उज्जवल ने बताया कि किसानों के हित में सन 1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून बनाया गया, जिसे विधानसभा सदस्य पंडित उमराव दत्त शर्मा की सहायता से विधानसभा में पारित कराया गया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह की आर्थिक नीतियों को न केवल देश बल्कि पूरे विश्व में मान्यता मिली है और उनकी पुस्तकें आज भी विश्व के कई विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जा रही हैं। पूर्व जिला महासचिव राजू तोमर सिरसली ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसान और मजदूरों के सच्चे हमदर्द थे। उनके मूल्य, सिद्धांत और विचारधारा को जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान करीब 900 गरीब और बेसहारा ग्रामीणों को गर्म कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन मास्टर नीटू ने किया और अध्यक्षता रणवीर सिंह ने की।
कार्यक्रम में लेखराज प्रधान, संजय उज्जवल, गुलवीर सिंह, रविंद्र चौधरी, इन्द्रपाल प्रधान, योगेन्द्र वैदिक, जयराम, निर्भय सिंह, डॉ. सुभाष, मास्टर ब्रहमपाल, हरपाल आर्य, मोहनवीर, गुलाब उज्जवल, मोहित सौलंकी, मदन उज्जवल, विवेक सोलंकी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# सपाइयों ने किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

## चौधरी चरण सिंह जयंती पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का समापन

**समाज जागरण**



बागपत। जिला समाजवादी पार्टी बागपत के कार्यालय में किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद उनके विचारों और संघर्षों पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ग्रामीण भारत की सशक्त आवाज थे। उनका पूरा चिंतन किसान, गांव और ग्रामीण अथ व्यवस्था को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब के विचार आज भी देश के लिए मार्गदर्शक हैं। प्रदेश सचिव संजीव त्यागी ने चौधरी चरण सिंह को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने सार्वजनिक जीवन में रहते हुए ईमानदारी और सुचिता की राजनीति की। आज की आपाधापी भरी राजनीति में उनके सिद्धांत एक आदर्श और सबक हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब सच्चे अर्थों में गांधी के सपनों को साकार करने वाले नेता थे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव संजीव त्यागी के सौजन्य से नेताजी की जयंती से लेकर चौधरी चरण सिंह की जयंती तक बागपत विधानसभा के 21 स्थानों पर संचालित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का समापन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान रवि शंकर शर्मा और पवन शास्त्री को समाजवादी प्रबुद्ध सभा का जिला ध्यक्ष और जिला महासचिव मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में नगेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, बिल्लू प्रधान, सुरेंद्र पंवार, डॉ. सतीश गौड, संजय डीलर, राहुल यादव, महबूब मालिक सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों के सच्चे पैरोकार थे चौधरी चरण सिंह: डॉ. आर्य

**समाज जागरण बागपत।**
गुरुकुल इंटर नेशनल स्कूल में मंगलवार को किसान मसीहा भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर शिक्षकों और बच्चों ने यज्ञ किया। उन्होंने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उनके



सिद्धांतो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने कहा कहा स्व.चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे पैरोकार थे। उन्होंने हमेशा धरती पुत्रों की आवाज को बुलंद करने का काम किया।किसान हितों में किये गये उनके कार्यो को कभी भुलाया नही जा सकता। इस अवसर पर निदेशक डॉ. सुनील आर्य, एडवोकेट कुणाल आर्य, प्रधानाचार्य पवन त्यागी, उपप्रधानाचार्य डॉ. सुशील वत्स, चंद्रवीर शिवांच, प्रवीण तोमर, गुड़िया खोखर, सोनिका त्यागी, आदि उपस्थित रहे।

# रजवाहे की पटरी टूटने से सैकड़ों बीधा फसल जलमग्न

## पानी के चलते खासपुर मंसुरपुर मार्ग टूटने से मार्ग अवरूध राहगीर परेशान

**समाज जागरण चांदीनगर।**



खासपुर गांव के पास रजवाहे की पटरी टूटने से किसानो की 150 बीधा फसल जलमग्न होने से नुकसान हुआ है। वही पानी के बाहव के चलते खासपुर मंसुरपुर मार्ग टूटने से मार्ग अवरूध हो गया है जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने रजवाहे की पटरी की मरम्मत कराने की मांग की है। खासपुर गांव से होकर एक नहर का रजवाहा निकल रहा है। जो पिछले कई वर्षो से पानी न आने के कारण सूखा पड़ा हुआ था और उसमें जगली जानवरों ने जगह जगह गढढे भी कर रखे थे। रात्रि रजवाहे में अचानक पानी आ गया। जिसके चलते खासपुर गांव के पास रजवाहे की पटरी टूट गयी। जिसके चलते अनिल पुत्र जयप्रकाश गन्ने सरसों की आठ की फसल,किरणपाल 40 बीघा गेहूं की फसल रामकुमार की 6 बीघा गन्ने की फसल । बॉबी की 6 बीघा सरसों की फसल बडागांव निवासी प्रीतम की दस बीघा गैहूं सरसो की फसल जलमग्न होने से किसानो को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा खेतो में पानी भरने रजवाहे टूटने से पानी के बहाव के चलते खासपुर मंसुरपुर मार्ग टूट गया है। जिससे मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वही एयरफोर्स स्टेशन के लिए भी यही मार्ग जाता है जिससे जवानों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से जल्द रजवाहे की पटरी की मरम्मत करने की मांग की है। वही मार्ग भी शुरू कराने की मांग की है उधर प्रशासन द्वारा गम्भीरता से लेते हुए जेसीबी मशीन भेज रजवाहे और मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू शुरू कराया गया।

# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर यज्ञ और हवन क आयोजन

**समाज जागरण चांदीनगर।**



ढिकौली गांव में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती पर सैनिक भवन में यज्ञ और हवन का आयोजन किया गया और वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। ढिकौली गांव में सैनिक भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी की 123 बी जन्म जयंती पर यज्ञ और हवन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी किसान मजदूर नौजवान युवा सभी ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प माला अर्पित की और उनके बताये बताए हुए मार्ग पर सभी ने चलने का संकल्प लिया। लोगों ने अपने भारत रत्न किसान नेता को सच्ची श्रद्धांजलि दी एवं पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की उन्होंने हमेशा किसानो के हित की बात की ग्राम प्रधान प्रहलाद ढाका नें कहा की चौधरी चरण सिंह मजदूरों और किसानो के हित के लिए हमेशा तैयार रहते थे। उनके कार्य कभी नही भुलाये जा सकते है। वही प्रहलाद ढाका नें बुजुगो को साल उढाकर सम्मानित किया इस मौकें पर सन्दीप प्रधान, राजू नेता, जयकुमार प्रधान, बाबू खान, बलबीर ढाका, पिंटू ढाका, उम्मेद प्रधान, प्रह्लाद ढाका, चौधरी कालू राम, मास्टर राजपाल ढाका, जलसिंह, तरूण फौजी आदि मौजूद रहे।

# पैरा एथलेटिक एवं पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**समाज जागरण बागपत।**
10वीं उत्तर प्रदेश पैरा एथलेटिक एवं पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 20 एवं 21 दिसंबर को 10वीं उत्तर प्रदेश पैरा एथलेटिक एवं पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन बी एल ग्राउंड बरेली में किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वा वधान में किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के लगभग 30 जिलों से करीब 400 पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने बालक एवं प्रतिभागी वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। चिराग त्यागी (टी12) 400 मीटर-स्वर्ण, 100 मीटर-स्वर्ण, लॉन्ग जंप-स्वर्ण, यश (टी13) 400 मीटर-स्वर्ण, 100 मीटर- स्वर्ण, लॉन्ग जंप- स्वर्ण, मौजाहिद खान (टी13) 5000 मीटर-स्वर्ण, 1500 मीटर-स्वर्ण, शॉटपुट-स्वर्ण, प्रदीप यादव (एएफ54) शॉटपुट-स्वर्ण,जैवलिन थ्रो- स्वर्ण, विकास (एएफ46) शॉटपुट- स्वर्ण, समी(एफ 45) 1500 मीटर-रजत, शांतनु कुमार चौधरी (एफ45) 1500 मीटर- कांस्य, दीपक कुमार (एफ51) क्लब थ्रो-रजत, डिस्कस थ्रो- रजत, संदीप




पंचाल (एफ57) जैवलिन थ्रो-रजत, शोभित कौशिक (एफ37) डिस्कस थ्रो-रजत, इज्जाजुद्दीन (एफ39) शॉटपुट-रजत, आरिफ (एफ57) पावरलिफ्टिंग-रजत नितिन रावत (टी47) लॉन्ग जंप में कांस्य पदक प्राप्त किया। यह ऐतिहासिक सफलता मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद आईएएस अभिनव गोपाल के मार्गदर्शन एवं पैरा स्पोर्ट्स एसो सिएशन गाजियाबाद के चेयरमैन सत्या यादव के नेतृत्व के बिना संभव नहीं थी। इस उपलब्धि में संगठन की पूरी टीम का विशेष योगदान रहा, जिसमें अध्यक्ष अर्जुन वीरवाल, सचिव मोनू कुमार, संयुक्त सचिव राजेंद्र यादव, डीएसओ गाजियाबाद अभिषेक, खिलाड़ियों के कोचः पुनीत पाल उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन को सशक्त समर्थन प्रदान करने के लिए जे पी सिंह (चेयरमैन, पैरा पावर लिफ्टिंग इंडिया) एवं बी एल एग्रो इंडस्ट्री का विशेष आभार व्यक्त किया।

# आदर्श पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किसान दिवस पर निभाई किसान की भूमिका

**समाज जागरण बागपत।**



कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में आज किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई। इसे किसान दिवस भी कहा जाता है। किसान दिवस पर बच्चे किसान की पोशाक पहनकर आए व बच्चों ने खेतों में जाकर किसान की भूमिका निभाई।बच्चों ने किसान की दिनचर्या जैसे- खेतों में कटाई, खेतों में बीज बोना, खेतों में पानी चलाना, खेतों में बैठकर खाना खाना आदि विविध आयामों को अपने शानदार अभिनय से जीवित किया। स्कूल की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा ने बताया कि पूरे भारत वर्ष में 23 दिसम्बर को किसान दिवस मनाया जाता है। यह दिन किसानों को समर्पित किया गया है। भारत में किसान को अन्नदाता और धरती पुत्र भी कहा जाता है, इसलिए यह दिन किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज धरती के सच्चे नायक को नमन का दिन है। किसान हमारी अर्थव्यवस्था, संस्कृति और खाद्य सुरक्षा रीढ़ है। आज के दिन राष्ट्रीय किसान दिवस पर अन्नदाता के देश के प्रति परिश्रम समर्पण और योगदान का सम्मान करना चाहिए। किसान दिवस पर किसान बनकर आए बच्चे देवांश, दीपांशु जैन, वर्णम धामा, अतीक धामा, प्रेम वर्मा, भव्य जैन, अरनव शर्मा, अर्जुन धामा, सम्राट त्यागी , अवनी धामा, नैंसी, शगुन, गुरुबाणी, निहारिका, अरसद, शिवांश बेदी, रिद्धि, विशाखा आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई और नारा लगाया। मिट्टी की गोद में पलती मेरी कहानी- मैं किसान हूँ और धरती मेरे रानी।

# ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में चौधरी चरण सिंह को किया गया नमन

**समाज जागरण बागपत।**
ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल मवीकलां खेकड़ा बागपत में देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सुशोभित और किसानों के मसीहा परम श्रद्धेय स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रिंसिपल ब्रिजेश कुमार




शर्मा ने समस्त स्टाफ और बच्चों के साथ संयुक्त रूप से किसानों के मसीहा की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित किया और बच्चों को चौधरी चरण सिंह जी द्वारा देश व समाज के लिए किए गए कार्यों को गिनाया। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने किसानों को किसानों का हक दिलाया। चौधरी साहब ने कहा था कि भारत के विकास की गंगा खेत और खलियानों से होकर निकलती हैं। इस मौके पर रामकिशोर शर्मा, ओमबीरी, संगीता शर्मा, रवि मलिक, इंदु शर्मा, सोनिका, मानसी ठाकुर, शिवानी कश्यप, कोमल पांचाल, राखी शर्मा, दीपाली, दीपा जैन, शालू धामा एवं बच्चें उपस्थित रहे।

# सेंट आर वी में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई चौधरी चरण सिंह की जयंती

**समाज जागरण बागपत।**



सैंट आर वी कॉन्वेंट स्कूल बडौत के प्रांगण में किसानों के मसीहा एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती अत्यंत श्रद्धा, सम्मान और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजसेवी अनुराग जैन, प्रधानाचार्य पंकज शर्मा, उपनिदेशक प्रथम जैन तथा निर्देशिका चारू जैन ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उन्हें शत-शत नमन किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को चौधरी चरण सिंह के जीवन, उनके विचारों और किसानों के उत्थान हेतु किए गए संघर्षों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि चौधरी चरण सिंह सादगी, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के प्रतीक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, श्रमिकों और ग्रामीण भारत के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके जीवन से प्रेरणा लेकर परिश्रम, सत्यनिष्ठा और समाजसेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर निर्देशिका चारू जैन ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जीवन हमें यह सिखाता है कि देश की प्रगति की नींव गांवों और किसानों की मजबूती पर टिकी होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति को अपनाएं तथा समाज के कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशील बनें। समाजसेवी अनुराग जैन एवं उपनिदेशक प्रथम जैन ने भी चौधरी चरण सिंह के विचारों को आज के समय में प्रासंगिक बताते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में महान नेताओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेना रहा।कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह की 123 वी जन्म जयंती मनाई

**समाज जागरण छपरौली।**



मंगलवार को कस्बा छपरौली मे स्थित चौधरी चरण सिंह पुस्तकालय पर यज्ञ का आयोजन कर भारत रत्न से अवसरभित भारत के पूर्व प्रधान मंत्री किसानो के नेता चौधरी चरण सिंह की 123 वी जन्म जयंती मनाई। यज्ञ के उपरांत उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह अपने आप मे सादगी की मिसाल थे। उन्होंने जीवन भर किसानो के लिए संघर्ष किया वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह हमेशा हमारी यादो मे बसे रहेंगे। वही यज्ञ पर उपस्थित पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण दल भारत वर्ष के चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह तुगाना ने जयंती मनाओ पेड़ लगाओ अभियान के तहत सभी किसानो को पौधा भेट किया। तथा वहां उपस्थित किसानो को चौधरी चरण सिंह को याद दिलाते हुए। किसानो को सम्बोधित करते हुए कहा कि चौधरी साहब हमेशा पर्यावरण की चिंता करते थे।उन्होंने हमेशा कहा कि देश की उन्नति एवं खुशहाली का रास्ता खेत खलियानों से होकर गुजरता है। दल के चैयरमेन सुरेन्द्र सिंह तुगाना ने कहा कि अगर खेत खलियान नहीं होगे तो पेड़ पौधे भी नहीं होगे। आये दिन बढ़ते प्रदूषण की समस्या मे सांस लेना भी दुस्वार हो गया है। समूचे विश्व मे आज प्रदूषण विकराल रूप धारण कर चुका है। अगर समय रहते इस पर कम नही किया गया तो स्थिति और भी भयावह होगी। सभी ने पौधा रोपण के कार्य को ईश्वरीय कार्य बताया। और इस पौधा रोपण अभियान की सरहाना करते हुए पुस्तकालय के प्रांगण मे पौधे का रोपण किया।इस अवसर ज्ञानेंद्र खोखर, श्यामपाल खोखर, योगेंद्र आर्य, हरेन्द्र फौजी, विकास तोमर, अनिल शर्मा, विजय, अजय, वीरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# कन्नौज: एफएसडीए टीम ने छापा मारकर किये केक, जेली और चॉकलेट के नमूने सील

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**
कन्नौज। शासन के आदेश एवं जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार क्रिसमस पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित, शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान दिनांक 22 दिसम्बर 2025 से 24 दिसम्बर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विभागीय अधिकारियों द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं



छापेमारी की गई। निरीक्षण के दौरान कौशल बेकर्स, छिबरामऊ से केक निर्माण में प्रयुक्त क्रश का नमूना, गुप्ता जी आइसक्रीम, छिबरामऊ से केक निर्माण में प्रयुक्त चॉकलेट एवं जेली के नमूने तथा आदेश वर्मा, गोल कुआँ, कन्नौज से तैयार केक का नमूना संकलित किया गया। संकलित सभी खाद्य नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु निर्धारित खाद्य प्रयोगशाला को प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि आम जनहित को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान क्रिसमस पर्व तक निरंतर जारी रहेगा, ताकि त्योहार के अवसर पर किसी भी प्रकार की मिलावटयुक्त अथवा असुरक्षित खाद्य सामग्री की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

# चौधरी चरण सिंह की जयंती पर निकाली गई पदयात्रा

**समाज जागरण बागपत।**




भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती पर रालोद कार्यकताओं ने राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह के नेतृत्व में चौधरी साहब की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर पद यात्रा निकाली। इस अवसर अंजलि सैनी, आरती, शुमाइना, अंशिका, वर्षा, खुशी सहित 31 खिलाड़ी बेटियों को चौ चरण सिंह चौक पर ही चरण सिंह अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सभी रालोद कार्यकर्ता हसनपुर चुंगी पर एकत्रित हुए। जहां से सभी नेता कार्यकताओं के साथ पद यात्रा करते हुए दिल्ली रोड,कोर्ट रोड, दीवानी तिराहे से सदर थाना रोड होते हुए चौधरी चरण सिंह चौक पर पहुंचे जहां पर चौधरी साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि चौधरी साहब करोड़ों किसानों, नौजवानों के दिलों में बसते हैं,चौधरी साहब ने देश के किसानों को मान सम्मान से जीना सिखाया,किसानों को उनके हक और न्याय दिलाए। जयंती पर नौजवानों को उनके आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित किया। पद यात्रा के दौरान मुख्य रूप से उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांत चौधरी, महा नगर अध्यक्ष भूषण चौहान,पूर्व जिला ध्यक्ष राव केसर सलीम, जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, युवा जिलाध्यक्ष पुनीत चौधरी,जिलाध्यक्ष हरिद्वार शारिक चौधरी,प्रदेश उपाध्यक्ष रुपिन चौधरी,सतीश चौधरी एड वोकेट, राजदीप ढाका,मुकेश पप्पू,कमल सोनकर,रवि चौधरी, गुरमीत,रूपचंद, मेहरबान, आशीष चौधरी, आरिफ मलिक ने पूरा सहयोग किया।

# मृत्यु के बाद भी दुनिया को देखेगी अर्चना गोयल की आंखें

**समाज जागरण बागपत।**



इंडियन रेडक्रॉस समिति बागपत के चेयरमैन पंकज गुप्ता की मामी अर्चना गोयल धर्मपत्नी विनोद गोयल मेरठ ने मृत्यु के उपरांत अपना नेत्रदान किया। जिससे दो नेत्रहीन व्यक्तियों की दुनिया में उजाला लौट आया। उनके इस कार्य की सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं। अर्चना गोयल के सुपुत्र राहुल गोयल के द्वारा मेडिकल कॉलेज मेरठ की टीम को अपनी माता की मृत्यु की सूचना दी गई। उसके बाद वहां से डॉक्टरों की टीम डॉक्टर साक्षी के नेतृत्व में उनके घर पहुँची और अर्चना गोयल की आंखों से कार्निया ले लिया। उसके बाद उस कार्निया को दो नेत्रहीन व्यक्तियों को प्रत्यारोपित कर दिया गया, जिससे उनकी अंधेरी दुनिया में उजाला लौट आया। अर्चना गोयल के बेटों द्वारा अपनी माता का नेत्रदान कराकर उनकी अंतिम इच्छा को पूरा किया। उनके बेटों द्वारा किए गए इस कार्य की हर कोई प्रशंसा कर रहा है। इस मौके पर अर्चना गोयल के पुत्र मुकुल गोयल, बहू रूपाली गोयल, दीप्ति गोयल सहित सभी परिवारजन व मित्रगण उपस्थित थे।

# बार एसोसिएशन कालांवाली में अस्थायी कोर्ट बनाए जाने को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) शहर की बार एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रधान कमल गर्ग की अध्यक्षता में अस्थायी कोर्ट कम्पलेक्स कालांवाली में बनाए जाने को लेकर मंगलवार को बीजेपी जिला अध्यक्ष रेनू शर्मा से मिले। इस मौके जिलाध्यक्ष रेनू शर्मा ने आस्वस्त किया कि अस्थायी कोर्ट कालांवाली में ही बनेगी और मौके पर उपायुक्त महोदय को कॉल कर कालांवाली में जगह का निरीक्षण करने की बात कही। बार एसोसिएशन के प्रधान कमल गर्ग, सरोज मक्कड़, सचिव, गुरविंदर सिंह सह सचिव, पूर्व प्रधान घनश्याम दास शर्मा, लखजिंदर सिंह सिद्धू, कुलदीप सिंह संधू, हरबंस सिंह चौहान, प्रगट सिंह सरां, जयवीर थोरी, दिनेश बांसल, सतीश सिंगला आदि ने बताया कि कालांवाली शहर को उपमंडल बनाने के लिए 2014 में घोषणा की गई थी। उन्होंने बताया कि 12 वर्ष बीत जाने के बावजूद



अभी तक कोर्ट कम्पलेक्स नही बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला जज की ओर से कोर्ट कम्पलेक्स बनाए जाने को लेकर कालांवाली ओर ओढा में जगहों का निरीक्षण किया गया था। जिसके उपरांत बार एसोसिएशन के पदाधिकारी जिला जज से मिलकर कालांवाली में अस्थायी कोर्ट व परमानेंट कोर्ट बनाने को लेकर मिले थे। उन्होंने बताया कि सुनने में आया था कि अस्थायी कोर्ट ओढा में बनाया जा रहा है जिसका बार एसोसिएशन विरोध करती है। उन्होंने बताया कि अस्थायी कोर्ट कालांवाली में बनने के कारण आस पास के गांवों के लोगो को कालांवाली आने के लिए बस सुविधा बेहतर मिल जाती है अगर ओढा में बनाई जाती है तो लोगो को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बार एसोसिएशन ने भाजपा सरकार से मांग करते हुए कहा कि अस्थायी रूप से बनने वाली कोर्ट कम्पलेक्स को कालांवाली शहर में बनाया जाए। ताकि लोगो को समय की बचत होगी।

# अरावली पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला विनाश को न्योता, 90% पर्वत अस्तित्व पर खतरा : महावीर चहल

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**(महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 24 दिसंबर। पर्यावरण प्रेमी एवं चिंतक महावीर चहल ने कहा है कि देश व दुनिया ग्लोबल वार्मिंग को लेकर चिंता जद्दा है, बावजूद इसके केंद्र सरकार की सिफारिश और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अरावली पर्वत माला को लेकर औचित्यहीन कहा जा सकता है। यदि फैसला बरकरार रहा तो यह जन आंदोलन का कारक बनेगा साथ ही राष्ट्रपति भवन की रायसिना हिल से गुजरात तक 8 सौ किलोमीटर तक का क्षेत्र प्राकृतिक श्रोत प्रभावित होंगे। आदेश लागू होते हैं तो हरियाणा सहित प्रमुख राज्य बंजर, सुखे हरियाली से वंचित और प्राण वायु आक्सीजन रहित क्षेत्र बन जाने की बड़ी आहट है। अरावली पर्वत श्रृंखला केवल पहाड़ नहीं है, यह आधे देश की जीवन रेखा प्राण धारा और कोटी कोटी जीव जंतुओं की पालनहार व संरक्षक जन्म स्थली है। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय का फैसला दुर्भाग्य पूर्ण और राजनीति से प्रेरित लगता और न्यायलय के फैसले से 90 फीसदी से भी ज्यादा पहाड़ियों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। पर्यावरण प्रेमी ने सर्वोच्च न्यायालय को फैसले पर पुनर्विचार देश और जनहित में करना चाहिए। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में ऐसी रिपोर्ट पेश की है जिससे अरावली का दायरा सिमट गया है। अरावली राजस्थान का केवल पर्वत नहीं, हमारा 'रक्षा कवच' है। केंद्र सरकार की सिफारिश पर इसे 100 मीटर के दायरे में समेटने से अरावली का 90 प्रतिशत क्षेत्र के मृत्यु प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने जैसा आदेश साबित रहेगा। 10 से 30 मीटर ऊंची छोटी पहाड़ियां भी धूल भरी आंधियों को रोकने में उतनी ही कारगर होती हैं।



उन्होंने ने कहा अरावली को उसकी ऊंचाई या कागजी मापदंडों से नहीं, बल्कि उसके पर्यावरणीय योगदान और पारिस्थितिक प्रभाव से आंका जाना चाहिए। चहल ने कहा कि दीवार में एक भी ईंट कम हो जाए, तो पूरी सुरक्षा व्यवस्था ढह जाती है और अरावली की पहाड़ियां सिर्फ पत्थरों का ढेर नहीं हैं।

भारत की सबसे प्राचीन पर्वतमालाएं आपकी लाइफ लाइन हैं। अरावली से छेड़छाड़ सीधे तौर पर आपके घरों पर, जल पर, जंगल पर, हवा पर, आपके अस्तित्व पर तथा आपकी आने वाली पीढ़ियों कि भविष्य पर एक तरह से हमला और अस्तित्व मिटने की साजिश कहीं जा सकती है। उन्होंने ने यह भी बताया कि पहाड़ की परिभाषा उसकी ऊंचाई से नहीं, बल्कि उसकी भूगर्भीय संरचना (जूलाजिकल स्ट्रक्चर) से होती है। एक छोटी चट्टान भी उसी टेक्टोनिक प्लेट और पर्वतमाला का हिस्सा है जो एक ऊंची चोटी है। इसे अलग करना वैज्ञानिक रूप से तर्कहीन है। अरावली वह दीवार है जो पश्चिम से आने वाली जानलेवा लू (हीट वेव) और थार रेगिस्तान को पूर्वी राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के उपजाऊ मैदानों में घुसने से रोकती है। महावीर चहल ने कहा कि यह फैसला पर्यावरण संरक्षण नहीं, बल्कि खनन माफियाओं के लिए रेड कार्पेट है। थार के रेगिस्तान को दिल्ली तक जाने का निमंत्रण देकर सरकार आने वाली पीढ़ियों के साथ जो अन्याय कर रही है, उसे इतिहास कभी माफ नहीं करेगा।

विडंबना ये है कि सुप्रीम कोर्ट में यह सुनवाई इसलिए शुरू हुई थी ताकि अरावली को स्पष्ट रूप से पहचाना और बचाया जा सके। लेकिन केंद्र सरकार की जिस सिफारिश को कोर्ट ने माना, उसने अरावली के 90 प्रतिशत हिस्से को ही तकनीकी रूप से गायब कर देना है।

महावीर चहल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह करता हूं कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को देखते हुए अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करे। यह फैसला सीधा विनाश को निमंत्रण देने वाला है।

# स्वयं सेवकों ने ब्रह्मलीन तपस्वी बाबा रति गिरी महाराज की समाधि पर माथा टेक इस अभियान की शुरुआत महंत बाबा विकास गिरी महाराज के नेतृत्व में की

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 24 दिसंबर।श्रीअलख आश्रम के महंत बाबा विकास गिरी महाराज ने समाज की युवा पीढ़ी में तेजी से फैलते नशे से बचाने और नशा छोड़ मानवीय मूल्यों से जोड़ने को लेकर मंगलवार की सुबह स्वच्छता अभियान के माध्यम से हर घर के जीवन को अपराध मुक्त बनाने को लेकर अभियान का आगाज किया। यह अभियान 30 दिसंबर तक चलेगा। स्वयं सेवकों ने ब्रह्मलीन तपस्वी बाबा रति गिरी महाराज की समाधि पर माथा टेक इस अभियान की शुरूआत महंत बाबा विकास गिरी महाराज के नेतृत्व में की। महंत



बाबा विकास गिरी महाराज ने कहा कि समाज की भलाई की खातिर नशा मुक्ति सबसे जरूरी है और स्वस्थ रहने के लिए उसे क्षेत्र वी गांव के लिए सफाई जरूरी है। इसी उद्देश्य को लेकर लोगों में जनचेतना लाने के लिए इस अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान में कस्बे के जागरूक युवाओं को जोड़ना और सामाजिक संगठनों के माध्यम से घर-घर पहुंचना प्राथमिकता होगी। अभियान के पहले बहुत सारे युवाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया और कूड़े करकट का निस्तारण किया।

# दर्दनाक हादसा: होटल के कमरे में अंगीठी जलाकर सोए पांच लोगों की मौत

**समाज जागरण, अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां होटल के एक बंद कमरे में कोयले की अंगीठी से निकले जहरीले धुएं के कारण पांच लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में उत्तर प्रदेश के चार मजदूर और एक ठेकेदार शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार सभी मृतक सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले थे और जिला जेल के पास स्थित एक होटल में ठहरे हुए थे। वे कुरुक्षेत्र में पेंटिंग का काम करने आए थे। ठंड से बचने के लिए उन्होंने रात में कमरे के अंदर कोयले की अंगीठी जलाई और सो गए।

मंगलवार सुबह काफी देर तक कमरा बंद रहने पर होटल कर्मचारियों को



शक हुआ। कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाकर उन्हें जगाने की कोशिश की, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद होटल प्रबंधन और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा दरवाजा खोले जाने पर कमरे के अंदर सभी पांचों व्यक्ति बेहोशी की हालत में पाए गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी दिनेश राणा ने बताया कि कमरे के अंदर कोयले की अंगीठी मिली है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि अंगीठी से निकली जहरीली गैस (कार्बन मोनोऑक्साइड) के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों की पुष्टि की जाएगी और उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# कैथल को मिली विकास की नई पहचान, मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक घोषणाएँ की

**समाज जागरण,**

कैथल, 23 दिसंबर 2025 मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने जगतगुरु ब्रह्मानंद जी की जयंती के अवसर पर कैथल जिले के गांव चुहड़ माजरा का नाम बदलकर ब्रह्मानंद माजरा करने की ऐतिहासिक घोषणा की। यह कदम न केवल धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि जिले की विकास की नई पहचान बनाने में भी मदद करेगा।



मुख्यमंत्री ने गांव के लिंक मार्ग पर गुरु ब्रह्मानंद के नाम से भव्य स्वागत द्वार निर्माण के लिए 21 लाख रुपये प्रदान करने की भी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने गांव में बच्चों के लिए पुस्तकालय स्थापित करने, ढांड से पूंडरी तक जाने वाली मुख्य सड़क का नाम गुरु ब्रह्मानंद मार्ग करने तथा 51 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणाएँ कीं।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में बच्चों की शिक्षा के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने तथा करनाल में अंजनथली गुरुकुल एवं सेक्टर-32 स्थित कोचिंग सेंटर के लिए 11-11 लाख रुपये की सहायता राशि देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा, सांस्कृतिक चेतना और विकास योजनाएँ एक साथ चलते हुए समाज को सशक्त बनाती हैं। उन्होंने इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव और जिले में विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

इस ऐतिहासिक निर्णय और विकास घोषणाओं से न केवल ब्रह्मानंद माजरा का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व बढ़ा है, बल्कि बच्चों और युवाओं के लिए शिक्षा और खेल के क्षेत्र में नए अवसर भी सृजित हुए हैं।

# द्रोणाचार्य स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन, मुख्यमंत्री ने युवाओं में भरा उत्साह

**समाज जागरण**

कुरुक्षेत्र, 23 दिसंबर 2025

द्रोणाचार्य स्टेडियम, कुरुक्षेत्र में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी की उपस्थिति में भव्य रूप से हुआ। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर युवाओं में जोश और उत्साह भरते हुए कहा कि इस आयोजन में 1.10 लाख एथलीटों का हिस्सा बनना हरियाणा में खेल संस्कृति के प्रति लोगों के जुनून और प्रदेश के युवाओं की प्रतिस्पर्धात्मक भावना को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल केवल शरीर और मानसिक विकास का माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। उन्होंने सांसद श्री नवीन जिंदल और उनकी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि हरियाणा के धाकड़ खिलाड़ी आगामी 2036 ओलंपिक में पदकों की झड़ी लगाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे निरंतर मेहनत और अभ्यास करते रहें और खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर खेल महोत्सव में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के परिवारजन, कोच, प्रशिक्षक और विभिन्न शैक्षणिक एवं खेल संस्थानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खेल प्रतियोगिताओं, पुरस्कार वितरण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से खेल के महत्व को व्यापक रूप से प्रदर्शित किया गया।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार खेलों के क्षेत्र में निरंतर निवेश कर रही है और प्रदेश में खेल परिसरों, प्रशिक्षण केंद्रों और युवा प्रतिभाओं के लिए नई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस महोत्सव ने प्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाने, प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

# मुख्यमंत्री का लाडवा विकास पर जोर, हर घर तक खुशहाली पहुंचाने का किया संकल्प

**समाज जागरण**

लाडवा, 23 दिसंबर 2025 मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने संत कबीर कुटीर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि लाडवा को विकास के मामले में प्रदेश का सिरमौर बनाना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने सभी अधिकारियों और नागरिकों से मिलकर विकास रथ को गति देने का आह्वान किया, ताकि हर घर और हर नागरिक तक खुशहाली पहुँच सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाएगी।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकास की दिशा में आने वाली परियोजनाओं, नागरिक कल्याण और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में सरकार की प्राथमिकताओं की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित नागरिकों और अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे सामूहिक प्रयासों से लाडवा को एक मॉडल नगर बनाने में सहयोग करें।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री का यह संदेश लाडवा के विकास एवं नागरिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# फ्लड नियंत्रण योजनाओं की समीक्षा बैठक में वित्त आयुक्त ने दिए कड़े निर्देश

**समाज जागरण,**

हरियाणा, 23 दिसंबर 2025 हरियाणा स्टेट टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी ऑन फ्लड्स (HSTAC) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए वित्त आयुक्त (राजस्व एवं आपदा प्रबंधन) डॉ. सुमित मिश्रा ने उपायुक्तों को 528 करोड़ की लागत वाली 328 बाढ़ नियंत्रण योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी परियोजनाओं की कड़ी निगरानी, गुणवत्ता सुनिश्चित करना और मानसून से पहले समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करना प्रत्येक उपायुक्त की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही, उन्होंने कहा कि तीन दिन के भीतर मुख्यालय को प्रगति रिपोर्ट भेजी जाए, ताकि राज्य स्तर पर योजनाओं की स्थिति पर नजर रखी जा सके।



डॉ. मिश्रा ने यह भी जोर दिया कि बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं का उद्देश्य केवल संरचना निर्माण नहीं है, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा और किसानों की फसल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने उपायुक्तों से कहा कि वे परियोजनाओं की नियमित जांच करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही की अनुमति न दें।

बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ भी उपस्थित थे, जिन्होंने परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की।

# हरियाणा में अवैध गर्भपात पर अंकुश, लिंगानुपात में सुधार

**समाज जागरण**

हरियाणा, 23 दिसंबर 2025

हरियाणा सरकार द्वारा अवैध गर्भपात पर सख्त अंकुश लगाने और राज्य के लिंगानुपात में सुधार लाने के निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष गर्भपात के मामलों में 23% की कमी दर्ज की गई है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इसका सीधा और सुखद असर प्रदेश के लिंगानुपात पर दिखा है, जो पिछले वर्ष के 909 से बढ़कर 918 हो गया है। यह बढ़ोतरी लड़कियों के जन्म को प्रोत्साहित करने और राज्य में



संतुलित लिंगानुपात सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

विशेषज्ञों ने बताया कि यह सफलता सरकार की जागरूकता मुहिम, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और कड़े नियमों के पालन का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने भी इस उपलब्धि को प्रदेश के लिए गर्व की बात बताते हुए कहा कि हरियाणा में बेटियों के जीवन और अधिकारों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# दिल्ली में प्रशासनिक सुधार: अब राजधानी में 13 जिले और आधुनिक मिनी सचिवालय

**समाज जागरण**

दिल्ली, 23 दिसंबर 2025

दिल्ली में प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब राजधानी में कुल 13 जिले होंगे। इस पहल का उद्देश्य प्रशासनिक सेवाओं को और अधिक संगठित, तेज और नागरिक-केंद्रित बनाना है।

प्रत्येक जिले में आधुनिक मिनी सचिवालय स्थापित किए जाएंगे, जहां सभी प्रशासनिक सेवाएं सिंगल विंडो सिस्टम के तहत एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। इससे नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर



लगाने की आवश्यकता नहीं होगी और सेवाओं की प्रक्रिया सरल और त्वरित हो जाएगी।

इस पहल के जरिए निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज, प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ेगी और दिल्ली को एक अधिक सुव्यवस्थित राजधानी के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।

# कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने ग्रीन, क्लीन और फ्यूचर-रेडी दिल्ली के लिए लिए तीन अहम निर्णय

**समाज जागरण**

दिल्ली, 23 दिसंबर 2025 आज दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में ग्रीन, क्लीन और फ्यूचर-रेडी दिल्ली की दिशा में तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

**राजधानी की बस सेवाएं पूरी तरह DTC द्वारा संचालित**

1 अप्रैल 2026 से DIMTS द्वारा संचालित बस सेवाओं को समाप्त कर दिल्ली की सभी बस सेवाओं को पूर्ण रूप से DTC द्वारा संचालित किया जाएगा। इससे बस संचालन अधिक प्रभावी होगा, सेवाएं समयबद्ध रहेंगी और यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी एवं सुविधाजनक पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध होगा।

**जलाशयों और जल स्रोतों का पुनर्जीवन**

राजधानी के जलाशयों और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने का निर्णय



लिया गया है। इससे भूजल स्तर में सुधार होगा, जैव विविधता बढ़ेगी और स्वच्छ जल स्रोतों का संरक्षण सुनिश्चित होगा।

**होलंबी कलां में 'e-Waste Eco Park की स्थापना**

होलंबी कलां में e-Waste Eco Park स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। यह पहल इलेक्ट्रॉनिक कचरे के वैज्ञानिक और सुरक्षित निपटान को सुनिश्चित करेगी और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती देगी।

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि ये निर्णय न केवल आज की जरूरतों को पूरा करेंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण, मजबूत सार्वजनिक सेवाएं और सुरक्षित भविष्य की ठोस नींव भी रखेंगे।

# खेल राज्य मंत्री के आदेश पर झज्जर में कोच अजय राठी सस्पेंड

**समाज जागरण, झज्जर, 23 दिसंबर 2025**

खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम के आदेश पर खेल विभाग ने झज्जर (खरहर) में बच्चों को नियमित प्रशिक्षण न देने और ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कोच अजय राठी को तत्काल सस्पेंड कर दिया है।

खेल राज्य मंत्री ने कहा, सरकार खिलाड़ियों के हितों का पूरा ध्यान रख रही है। किसी भी प्रशिक्षक द्वारा ड्यूटी में लापरवाही या दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण केंद्रों में बच्चों को समय पर और गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण मिलना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

खेल विभाग ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कहा कि ऐसे किसी भी मामले में कड़े और त्वरित कार्रवाई की जाएगी, ताकि बच्चों के खेल प्रशिक्षण और उनकी प्रतिभा विकास में कोई बाधा न आए।

# दिल्ली पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले अपराधी को जयपुर से किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

दिल्ली, 23 दिसंबर 2025

दिल्ली पुलिस के साइबर थाने की टीम ने एक ऐसे अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो दक्षिण भारतीय फिल्म "Vettaiyan"से प्रेरित होकर साइबर ठगी कर रहा था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी असली व्यापारी के दफकोड को एडिट करके अपने खाते से लिंक करता था। इसके चलते ग्राहक द्वारा भुगतान किए गए पैसे सीधे अपराधी के खाते में चले जाते थे।

तकनीकी ट्रेसिंग और साइबर फॉरेंसिक जांच की मदद से अपराधी




को राजस्थान के जयपुर जिले से धर-दबोचा गया। उसके मोबाइल और अन्य डिजिटल उपकरणों की जांच में 100 से अधिक एडिटेड दफ कोड और ठगी से जुड़े अन्य डिजिटल सबूत बरामद किए गए।

दिल्ली पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे दफ कोड या डिजिटल भुगतान के समय हमेशा सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर पुलिस को दें।

यह गिरफ्तारी साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस की सक्रियता और डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों का उदाहरण है।

# उन्नाव दुष्कर्म मामले में आरोपी को जमानत मिलने पर महिला कार्यकर्ता ने जताया गहरा आक्रोश

**समाज जागरण,**

दिल्ली, 23 दिसंबर 2025 दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले के आरोपी की सजा को स्थगित कर जमानत देने के फैसले के बाद महिला कार्यकर्ता योगिता भैया ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

योगिता भैया ने कहा, पीड़ितों को शुरू से ही बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। आज क्या हुआ कि आरोपी को जमानत मिल गई? दुष्कर्मी जमानत पा रहे हैं और निर्दोष जेल में हैं। आज उनके साथ कोई खड़ा नहीं है। जमानत मिलने के बाद वे खतरे में हैं।

योगिता ने इस फैसले को न्याय व्यवस्था में असमानता और पीड़ितों के प्रति अनदेखी का उदाहरण बताया। उनका कहना है कि ऐसे मामलों में पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन्हें न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

इस घटना ने समाज में नारी सुरक्षा और न्याय की संवेदनशीलता पर पुनः सवाल खड़ा कर दिया है।

# सिस्टम से बेखबर MP के मंत्री: PWD कार्य पहले ही निरस्त, फिर मंत्री ने दिए निरस्तीकरण के निर्देश, समन्वय और सूचना तंत्र की खुली पोल

**समाज जागरण**

सतना। कहते हैं निरीक्षण से व्यवस्था सुधरती है, लेकिन जब निरीक्षण ही जानकारी के बिना हो तो वह व्यवस्था पर नहीं, निरीक्षक पर सवाल खड़े कर देता है। कुछ ऐसा ही नजारा उपसंभाग मझगवां के पोड़ी-मनकहरी मार्ग पर देखने को मिला, जहां लोक निर्माण विभाग (PWD) द्वारा अमानक घोषित कर दो दिन पहले ही निरस्त किए जा चुके सड़क नवीनीकरण कार्य को लेकर राज्य मंत्री नगरीय प्रशासन प्रतिमा बागरी ने निरीक्षण कर उसे निरस्त करने के निर्देश दे डाले। विडंबना यह कि जिस कार्य का मंत्री महोदया नव निर्माण समझकर निरीक्षण कर रही थीं, वह असल में डामर नवीनीकरण का काम था। इससे भी अहम बात यह रही कि उक्त कार्य को PWD पहले ही अमानक पाकर खारिज कर चुका था। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या मंत्री को अपनी ही विधानसभा में हो रही कार्रवाई की जानकारी नहीं थी, या फिर निरीक्षण केवल औपचारिकता बनकर रह गया है।

**इंटरनेट मीडिया से खुली थी पोल-:**

विभाग ने पहले की कार्रवाई स्थानीय इंटरनेट मीडिया (व्हाट्सऐप) पर गुणवत्ता हीन कार्य की जानकारी सामने आने के बाद 15 दिसंबर 2025 को अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग मझगवां ने उपयंत्री सुरेन्द्र सिंह के साथ स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण में कि.मी. 3/10 से 3/4 तक पी.एम.सी. कार्य अमानक पाया गया, जिसे तत्काल अमान्य घोषित कर ठेकेदार को हटाकर मानक स्तर का कार्य दोबारा कराने के निर्देश दिए गए। इसके बाद 19 दिसंबर को कार्यपालन यंत्री द्वारा भी उक्त कार्य को निरस्त कर दिया गया। यानी विभागीय स्तर पर कार्रवाई पहले ही पूरी हो चुकी थी।





**एक दिन बाद मंत्री निरीक्षण, वही आदेश फिर से-:**

इसके बावजूद, अगले ही दिन राज्य मंत्री का निरीक्षण हुआ और उन्होंने उसी नवीनीकरण कार्य को निरस्त करने के निर्देश दे दिए, जो पहले ही निरस्त हो चुका था। इससे न केवल मंत्री के निरीक्षण की गंभीरता पर सवाल खड़े हुए, बल्कि विभागीय समन्वय और सूचना तंत्र की भी पोल खुल गई। जब सड़क का अमानक होना विभाग पहले ही मान चुका था और ठेका पहले ही निरस्त हो चुका था, तो मंत्री का निरीक्षण कार्रवाई था या री-टेक? क्या यह मान लिया जाए कि मंत्री को न तो विभागीय पत्रों की जानकारी थी और न ही अपनी विधानसभा में चल रही कार्रवाई की?

# सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य समापन 25 दिसंबर को, गांधी स्टेडियम शहडोल में होगा खिलाड़ियों का सम्मान

**समाज जागरण**

अनूपपुर। फिट इंडिया अभियान के तहत पूरे देश में आयोजित किए जा रहे सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य समापन समारोह 25 दिसंबर 2025, गुरुवार को गांधी स्टेडियम, शहडोल (म.प्र.) में आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव फिट युवा, विकसित भारत के संकल्प के साथ देशभर के युवाओं और उदीयमान खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से एक मंच पर जोड़ने का महत्वपूर्ण अभियान है। शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त 2025 से प्रारंभ होकर यह महोत्सव 25 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल सहित कई खेलों की प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। शहडोल संसदीय क्षेत्र में भी इस महोत्सव के अंतर्गत खंड एवं संसदीय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित कर स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया गया है। खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे से होगा, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी, कोच, खेल अधिकारी तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति अपेक्षित है। फिट इंडिया मूवमेंट अभि यान को आगे बढ़ाने की दृष्टि से भी इस महोत्सव को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने क्षेत्र के युवाओं, खेल प्रेमियों और नागरिकों से अपील की है कि वे गांधी स्टेडियम, शहडोल पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और स्वस्थ व फिट भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने दी।



# ... क्या शहडोल को इस बार मंत्री मण्डल में मिलेगी जगह ?

## मंत्री मण्डल में शहडोल की लगातार हो रही उपेक्षा से जिले की जनता और कार्यकर्ता हैं नाखुश

**समाज जागरण शहडोल**

प्रदेश मंत्री मण्डल में क्या शहडोल को इस बार जगह मिलेगी? इसके कयास फिर लगने लगे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री मण्डल में शहडोल की लगातार हो रही उपेक्षा से जिले की जनता और कार्यकर्ता नाखुश हैं।यहां बताते चलें कि शहडोल जिले के आदिवासी बाहुल्य व्यौहारी विधानसभा क्षेत्र से शरद कोल दूसरी मर्तबा विधायक निर्वाचित हुये हैं। आदिवासी कोटे से विधायक शरद कोल की सबसे मजबूत दावेदारी मंत्री पद के लिये मानी जा रही है। युवा आदिवासी विधायक होने के कारण लोग कयास लगा रहे हैं कि इस बार शहडोल जिले से शरद को भाजपा मंत्रीमंडल में जगह मिल सकती है।उनकी प्रबल दावेदारी मंत्री पद को लेकर पिछले बार भी थी लेकिन अंतिम समय में क्षेत्रीय समीकरण के चलते उनको जगह नहीं मिल सकी थी। शहडोल जिला वर्ष 2003 से अब तक उपेक्षा का दंश झेल रहा है। भारतीय जनता पार्टी सरकार के करीब 21 वर्षों के कार्यकाल में शहडोल जिले को मंत्री पद नसीब नहीं हो सका है। जिले को भाजपा मंत्रीमंडल में दो दशक बाद भी जगह नहीं मिल सकी। शहडोल जिले को भाजपा मंत्रीमंडल में जगह मिलने की चचाएं हमेशा सुर्खियों में रहीं लेकिन ऐन वक्त पर नाम गायव हो जाता था। पूर्व में जहां वरिष्ठ विधायक जय सिंह मरावी एवं लगातार दूसरी बार विधायक बनी मनीष सिंह की चचाएं होती रहीं लेकिन इनको मंत्रीमंडल में जगह पाने से अंतिम समय में मायूस होना पड़ता था। अब फिर मंत्रीमंडल विस्तार की चचाएं होने पर शहडोल का नाम फिर से दौड़ शामिल है। कामयाबी मिलती है या नहीं यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। फिर भी लोग शहडोल जिले से दो विधायकों की दावेदारी पर कयास लगा रहे हैं। महिला कोटे से जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह की मजबूत दावेदारी भाजपा मंत्री मंडल विस्तार में महिला कोटे से मनीष सिंह विधायक की मजबूत दावेदारी मानी जा रही है। दूसरी बार विधायक निर्वाचित होने के बाद से ही शहडोल जिले में चर्चा थी कि महिला कोटे से मनीषा सिंह को मंत्री पद से नवाजा जा सकता है। भाजपा के मंत्रीमंडल के गुणा-गणित में श्रीमती सिंह को उस दौरान मायूस होना पड़ा था।

# सुतरी, जाजागढ़, लदहर, बरीघटा में दो महीने से धड़ल्ले से रेत खनन, नियमों की उड़ रही धज्जियां

**समाज जागरण**

कटनी। कटनी जिले के सुतरी, जाजागढ़, लदहर और बरीघटा क्षेत्रों में पिछले करीब दो महीने से धड़ल्ले से रेत खनन किए जाने की खबर है। आरोप है कि बिना वैधानिक अनुमति और आवश्यक दस्तावेजों के नदी में भारी मशीनें उतारकर बड़े पैमाने पर खनन किया गया। सूत्रों के अनुसार, टेंडर प्रक्रिया में सबसे अधिक बोली लगाने के बाद धन लक्ष्मी कंपनी ने जिले में मौजूद अपने इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करते हुए इन क्षेत्रों में खनन कार्य शुरू कर दिया। जबकि इस अवधि में न तो कंपनी को लेटर ऑफ इंटेंट (LOI) जारी हुआ था और न ही खनन का कोई वैध अनुबंध हुआ था। नियमों के मुताबिक LOI और अनुबंध के बिना किसी भी प्रकार का खनन अवैध माना जाता है। इसके बावजूद सुतरी, जाजागढ़, लदहर और बरी घटा में नदी के भीतर बड़ी-बड़ी मशीनें लगाकर लगातार रेत निकाली जाती रही। इस पूरे मामले में स्थानीय खनिज अधिकारी की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। आरोप है कि उन्होंने न केवल खनन को रोकने में विफलता दिखाई, बल्कि मशीनों को जब्त कर कार्रवाई करने के बजाय कंपनी की गतिविधियों पर आंख मूंदे रहे। बताया जा रहा है कि भंडारण के नाम पर ई-टीपी जारी कर खनन और परिवहन को अप्रत्यक्ष रूप से अनुमति दी जाती रही। अब शासन स्तर से कंपनी की LOI निरस्त कर दी गई है, लेकिन इस बीच दो माह तक चले अवैध खनन से कंपनी को भारी आर्थिक लाभ होने की चर्चा है। बड़ी विडंबना है कि कटनी जिले में खनिज विभाग के अधिकारियों एवं राजनेताओं की मिली भगत से शासन द्वारा तय किए गए मापदंडों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं लेकिन कोई देखने और सुनने वाला नहीं है। वैसे भी कटनी जिला विभिन्न मामले को लेकर प्रदेश भर में चचाओं में है।

# रीवा में होमवर्क नहीं करने पर शिक्षिका ने स्टील की बोतल मारकर छात्र का सिर फोड़ा, परिजनों ने थाने में की शिकायत

**समाज जागरण**

रीवा। जिले में एक निजी स्कूल की शिक्षिका पर 11 साल के छात्र के सिर पर स्टील की बोतल मारकर सिर फोड़ने का आरोप लगा है। मामले में परिजनों ने शिक्षिका पर गंभीर रूप से मारपीट करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने पुलिस थाने में आवेदन देकर शिक्षिका और स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की है।घटना जेंटल शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल की बताई जा रही है। पीड़ित बच्चे की बहन भी इसी स्कूल में पढ़ती है। जब उसने अपने भाई को पिटता देखा और बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोप है कि शिक्षिका मनीषा विश्वकर्मा ने उसके साथ भी मारपीट की।

**परिजनों का क्या कहना है-:**

परिजनों का आरोप है कि शनिवार 20 दिसंबर की शाम से ही स्कूल प्रबंधन मामले को दबाने की कोशिश करता रहा। रविवार देर रात परिजन खुलकर सामने आए और थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित छात्र के पिता पुष्पेंद्र पांडेय ने कहा कि वह क्षमता से ज्यादा मेहनत कर बच्चों की फीस भरते हैं। उनका सवाल है कि क्या फीस देने का मतलब यह है कि बच्चों के साथ मारपीट की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि काम पूरा न होने पर इस तरह की सजा दी गई और एफआईआर दर्ज न कराने का लगातार दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे थाने से लेकर एसडीओपी तक अपनी बात रख चुके हैं। परिजनों ने यह भी बताया कि घटना के बाद से बच्चे को तेज बुखार है।

**कार्रवाई की मांग-:**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, रीवा के जिला संयोजक, पीएन पांडे ने कहा कि "प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। कहा गया है कि अगर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। रीवा में बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इससे पहले ज्योति स्कूल और सेमरिया में छात्रा के सुसाइड जैसे मामले सामने आ चुके हैं। ज्योति स्कूल मामले में राष्ट्रीय बाल आयोग को भी दखल देना पड़ा था। वहीं, रीवा के जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा का कहना है कि "निजी स्कूल में छात्र के साथ मारपीट की शिकायत संज्ञान में आई है। जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। यदि शिक्षिका या स्कूल प्रबंधन की लापरवाही सामने आती है, तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।"

# अवैध रेत खनन पर टास्क फोर्स की ताड़बतोड़ कार्यवाही जारी

## अवैध खनिज परिवहन पर आधा दर्जन वाहन जब्त



**समाज जागरण**

कटनी।कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले भर में अवैध खनन,परिवहन और भंडारण पर कार्यवाहियां की जा रही है ।इसी कड़ी में शनिवार को खनिज और पुलिस विभाग द्वारा रेत खनन की सूचना मिलने पर तहसील ढीमरखेड़ा में कड़ी कार्यवाही की गई ।जिसमे ग्राम सगमा ,दशरमन के पास से चार ट्रेक्टर जब्त किए गए। सभी में कार्यवाही कर सुरक्षित पुलिस चौकी सिलोंडी में खड़ा कराया गया। इसके अलावा दो वाहन मार्बल खण्डा और मार्बल ब्लॉक का ईटीपी से अतिरिक्त मात्रा का परिवहन करते हुए जब्त किया गया।जिन्हें स्लीमनाबाद पुलिस थाने में सुरक्षार्थ सौंपा गया है। टास्क फोर्स की संयुक्त कार्यवाही में उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा , खनिज निरीक्षक कमल कांत परस्ते ,सिपाही ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस थाना प्रभारी अभिषेक चौबे की सराहनीय भूमिका रही । टास्क फोर्स द्वारा आगामी समय में जिले कि अन्य तहसीलों में भी ज्वॉइंट ऑपरेशन जारी रखा जाएगा ।

# सुरक्षा की जिम्मेदारी लापरवाह अधिकारी के जिम्मे,कर रहे दादागिरी ?

**समाज जागरण**

अमरकंटक ताप विद्युत ग्रह चचाई का नाम मध्यप्रदेश में श्रेष्ठ एवं लगातार विधुत उत्पादन में जाना जाता है,लेकिन सुरक्षा अधिकारी कंपनी का नाम अपनी हरकतों से बदनाम कर रहे हैं?ताजा मामला ताप विद्युत गृह चचाई के सुरक्षा से संबंधित है,सुरक्षा अधिकारी सुरक्षा श्रमिकों को आवश्यक मूलसुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पा रहे,और सुरक्षा श्रमिकों से दादागिरी कर के स्थिति को तनावपूर्ण बनाने में लगे हैं,सुरक्षा से संबंधित सैनिकों को रात्रि की पाली में परेशान किया जा रहा है,अगर कोई भूतपूर्व सैनिक ठंड में हाथ सेंकने के लिए लकड़ी बगैरह जलाता है तो उसे मां बहन की गन्दी गन्दी गालियां अधिकारी के द्वारा दिया जाता है जिसकी विधिवत सूचना थाना को दी गई है लेकिन संयंत्र के एक नंबर गेट पर बने वाच टावर के नीचे जल रही सिगड़ी से आग तापते एवं शोषल मीडिया में व्यस्त सुरक्षा सैनिक मिल ही जायेगे,वहां सिविल के गुप्ता का मौखिक आदेश काम नहीं करता है,दरअसल सिविल विभाग के द्वारा निम्न श्रेणी का चद्दर एवं सीट का उपयोग किया गया जल्दी खराब होने के डर से गुप्ता भी डर रहा है उन्हें मनुष्य की नहीं स्टील की चिंता है,सूत्रों के मुताबिक सुरक्षा सैनिक की ठंड से हुई मौत का समाचार प्रकाशित होने से सुरक्षा अधिकारी साठ वर्ष के उम्र दराज सुरक्षा सैनिकों को कार्य से निकालने की धमकी पर धमकी देते रहते हैं,तो वहीं ताप विद्युत गृह चचाई के सुरक्षा अधिकारी ने दादागिरी पूर्वक एक अजीबोगरीब फैसला लेते हुए संयंत्र के दो नंबर गेट और मेडियारास गेट से पुरुष श्रमिकों का आना-जाना प्रतिबंधित कर दिया है,साथ ही संयंत्र के अधिकारियों के द्वारा वक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत रोपे गये पौधों को सीएचपी लोकों साइड का एक कर्मचारी के द्वारा पौधों को जड़ से काट कर दादा के द्वारा बाबूजी के घर पर पल रहे पशुओं को खिला रहा है,एवं दूध गालीवाज अधिकारी को खिला रहा है,अधिकारी ठंडी में फोकट का दूध पीकर पहलवानी कर रहा है,साथ ही कोल सेंपलिंग का एक पटेल भी हरे भरे पौधों को काटकर एक गठ्ठा ले जाता है

जो एक नंबर गेट से ही आते-जाते हैं लेकिन उन्हें कुछ नहीं कहा जाता,अभी हाल में सीएचपी लोको आपरेशन के श्रमिक ओंकार पटेल ने हरे भरे पौधों को काटकर बाबूजी के घर पहुंचाने से मना किया तो उसका गेटपास सीएचपी के अधि कारियों के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। पूर्व में पदस्थ सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा कारखाना अधिनियम का पालन करते सभी गेटों से पुरुष सभी श्रमिकों को गेट पास चेक कर केआने जाने दिया जाता था लेकिन जब से ये महोदय पदस्थ हुए हैं गेट को बंद करा दिये है,जबकि सभी गेटों में सशस्त्र सैनिकों की सेवाएं ली जाती है, कार्य पर आने एवं कार्य कर के वापस जाने के समय गेटपास का निरीक्षण उपरांत श्रमिकों को आने जाने देना चाहिए लेकिन सुरक्षा अधिकारी के दादागिरी पूर्वक गेट को बंद करा दिये जाने से श्रमिकों में आक्रोश व्याप्त है,सुरक्षा अधिकारी के द्वारा पुरूषों से बैमस्यता को देखते हुए अब श्रमिक महिलाओं के अधोवस्त्र पहनकर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन देने का कार्यक्रम बना रहे हैं।

# एकल अभियान ने दिया स्वच्छता का संदेश

## रैली निकाल कर, व विद्यालय में झाड़ू लगाकर जगायी स्वच्छता की अलख

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- एकल अभियान के तहत बीते दिवस समीपी ग्राम पंचायत कुरावर में स्वच्छता अभियान का संदेश जन जन तक पहुचाने के लिए एकल अभियान ने गांव के पाठशाला में झाड़ू लगाकर दिया। विदित होवे की एकल अभियान संभाग महाकौशल भाग रेवांचल अंचल उमरिया संच बिरसिंहपुर पाली में एकल अभियान के व्दारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें संच सचिव विजय तिवारी, सदस्य पूर्व सरपंच देवी सिंह, श्रीमती पूजा मिश्रा दीदी, रामदयाल सिंह जी, अंचल अभियान प्रमुख संजय सिंह जी, अंचल गतिविधि प्रमुख रजनीश सेन जी, संच प्रमुख सुश्री द्रोपती सिंह आदि के उपस्थित में ग्राम वासियों के साथ मिलकर स्वच्छता के सन्दर्भ में बहेरहा पाठशाला में झाड़ू लगाकर विद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही विद्यालय से एक स्वच्छता रैली निकालकर जन मानस में अलख जगाने का संदेश दिया गया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में गाँव की 28 महिलायें, पुरूष 42और 18 बच्चों ने भाग लिया।



# 2 वर्ष पूर्ण होने पर मानपुर में विधानसभा सम्मेलन संपन्न

## सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ रही मप्र सरकार :मीना सिंह

**समाज जागरण**

उमरिया/मानपुर। मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में अभ्युदय विकास और सेवा के 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं इसके तहत जिले के मानपुर में विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा मानपुर की विधायक और पूर्व मंत्री मीना सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, एसआई आर के प्रभारी कमल प्रताप सिंह,सुमित गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष सिंह की उपस्थिति मुख्य रूप से रही। सम्मेलन की शुरूआत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संसद में दिए गए बयान को एलईडी के माध्यम से प्रसारित किया गया। आयोजित विधानसभा सम्मेलन को संबोधित करते हुए मानपुर विधानसभा की विधायक और पूर्व मंत्री सुश्री मीना सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं इस दौरान मुख्यमंत्री सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो 70 सालों में नहीं कर पाया वह भाजपा सरकार कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार हर गरीब, आदिवासी, मजदूर, किसान, महिलाओं और युवाओं के लिए चिंता कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों की चिंता करते हुए जीरो बैलेंस पर जनधन के खाते खुलवाए आज उन्हीं खातों पर सरकार की तमाम प्रकार की सब्सिडी, पीएम किसान की किस्त और पेंशन जैसी स्कीम की राशि सीधे खाते में पहुंच रही है। महिलाओं को चिंता करते हुए मोदी सरकार ने उज्जवला गैस सिलेंडर वितरित किए जिससे गरीब महिलाओं को खाना बनाने में कोई परेशानी ना हो, महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार लाडली बहना योजना के माध्यम से ₹1500 प्रति महीने सीधे उनके खाते में भेज रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा गरीब कल्याण के लिए अनु योजनाएं संचालित की जिन्हें आज वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आगे बढ़ा रहे हैं। विधायक सुश्री सिंह ने कहा कि भाजपा की मध्य प्रदेश सरकार लगातार आदिवासी गरीब और समाज के सभी वर्गों के हित के कल्याण में कार्य कर रही है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार और उसके मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में सफलतम 2 साल हो गए हैं। जिसमें सरकार ने पूरे मध्य प्रदेश में आने को विकास कार्य कराए हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं से हर आदिवासी गरीब, मजदूर, किसान, महिलाओं और नौजवानों को लाभ मिला है। भाजपा संगठन भी सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर पूरे तालमेल के साथ काम कर रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती का कार्यक्रम 25 दिसंबर से लगातार एक माह तक सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अटल जी की स्मृति में जन्म जयंती का कार्यक्रम पूरे देश भर में समस्त जिला, मंडल,बूथ और शक्ति केंद्रों तक मनाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता हरीश विश्वकर्मा, छोटेलाल सिंह ,अमृत लाल जायसवाल, नगर परिषद अध्यक्ष भारती सोनी, मंडल अध्यक्ष राम मोल केवट, राधा तिवारी, अशोक नायक, सोमचंद रजक, हरिहर चतुर्वेदी, मौजी लाल चौधरी, प्रभात चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# नंबर प्लेट अभियान कागजों तक सीमित, सड़कों पर नियमों की खुलेआम धज्जियां

## बिना नंबर प्लेट दौड़ रहीं खटारा बसें, स्कूल बसें और एंबुलेंस तक बेखौफ

**समाज जागरण अनूपपुर।**

जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशों के बाद जहां कई स्तरों पर सख्ती देखने को मिल रही है, वहीं यातायात विभाग की जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। सड़कों पर आज भी बिना नंबर प्लेट वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं, जिनमें खटारा यात्री बसें, स्कूल बसें और यहां तक कि एंबुलेंस तक शामिल हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यह स्थिति यातायात प्रभारी विनोद दुबे के कार्यकाल में और अधिक बिगड़ी है। लोगों का कहना है कि नियमों के पालन के बजाय केवल दिखावटी कार्रवाई की जा रही है। यहां तक कि प्रचार के लिए उपयोग की जाने वाली तस्वीरें भी वास्तविक न होकर कथित तौर पर बनावटी बताई जा रही हैं। आरोप है कि मूल फोटो तक उपलब्ध नहीं कराई जाती, बल्कि झूठी और हवाई उपलब्धियों के जरिए वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। सबसे गंभीर चिंता का विषय यह है कि स्कूली बच्चों को ले जाने वाली बसें और जीव नरक्षक एंबुलेंस तक बिना पहचान के सड़कों पर चल रही हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में जवाबदेही तय करना मुश्किल हो जाता है। जनता का मानना है कि यह लापरवाही सीधे तौर पर जनसुरक्षा से खिलवाड़ है। नागरिकों ने मांग की है कि पुलिस अधीक्षक स्तर पर किए जा रहे सराहनीय प्रयासों के साथ-साथ यातायात विभाग में पदस्थ अधिकारियों की भूमिका की भी गंभीर समीक्षा होनी चाहिए। उच्च अधिकारियों से इस पूरे मामले पर तत्काल संज्ञान लेने और वास्तविक, सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई जा रही है।




# जिले के 19 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर मनाई जाएगी अटल जी की जयंती :- जिलाअध्यक्ष अमिता चपरा

## अटल जी की जन्म शताब्दी पर प्रदर्शनी, दीप उत्सव, संगोष्ठी, कवि सम्मेलन का होगा आयोजन

**समाज जागरण**

शहडोल- आगामी कार्यक्रमों को लेकर अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने भाजपा पदाधिकारीयों के साथ की बैठक मंगलवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है कि भारत रत्न श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है अटल शताब्दी वर्ष 2025 के गरिमामय एवं सफल क्रियान्वयन हेतु भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी आगामी कार्यक्रमों के निर्वहन हेतु पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी आयोजन 24 दिसंबर स्थान अटल निलय जिला भाजपा शहडोल समय सायं 5:00 बजे किया जाएगा कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता होंगे इसी प्रकार 24 दिसंबर को स्थान जिला भाजपा कार्यालय में समय सायं 6:00 बजे दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम का प्रभारी श्रीमती निभा गुप्ता ,सह प्रभारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदी को बनाया गया है इसी क्रम में अटल जी की जीवनी पर लेखन एवं प्रचार (प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया एव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया )प्रभारी महेश भगदेव,सह प्रभारी विनय केवट होंगे एवं नगरीय निकाय स्तर पर अटल जी के नाम से पार्क, सेतु, भवन इत्यादि नामकरण एवं प्रदर्शनी शहडोल नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रभारी प्रवीण शर्मा डोली, सह प्रभारी राकेश सोनी पार्षद एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा होंगे साथ ही धनपुरी में श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद धनपुरी, तो वही व्योहारी में राजन गुप्ता अध्यक्ष नगर परिषद व्योहारी, एवं बुढ़ार में श्रीमती शालिनी सरावगी अध्यक्ष नगर परिषद बुढार एवं नगर परिषद जयसिंहनगर में श्रीमती सुशीला शुक्ला अध्यक्ष नगर परिषद जयसिंहनगर एवं बाणसागर में श्रीमती सुशीला सिंह अध्यक्ष नगर परिषद बाणसागर एवं बकहों में वैभव विक्रम सिंह उपाध्यक्ष नगर परिषद बकहों को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है इसी क्रम में अटल जी की जयंती 25 दिसंबर को बूथ स्तर पर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा को कार्यक्रम का प्रभारी बनाया गया है 25 दिसंबर को अटल जी के जन्म दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना है जिसके प्रभारी पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्री सुशील शर्मा होंगे भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने कहा है कि कार्यक्रमों के लिए सभी नियुक्त प्रभारी एवं सह प्रभारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण समर्पण, समन्वय एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें, जिससे अटल शताब्दी वर्ष 2025 के समस्त कार्यक्रम गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक रूप से संपन्न हो सके।

साथी ही अटल जन्म शताब्दी वर्ष 2025 के अंतर्गत दिनांक 25 दिसंबर 2025 (बुधवार) को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी मंडल अध्यक्ष अपने-अपने मंडल अंतर्गत सभी बूथों पर समन्वय स्थापित कर, प्रातःकाल अटल जी की प्रतिमा अथवा छायाचित्र पर माल्यार्पण कर अटल जी की जयंती मनाएंगे। यह कार्यक्रम बूथ स्तर पर सामूहिक सहभागिता के साथ गरिमामय रूप से संपन्न किया जाए, ताकि अटल जी के विचार, जीवन मूल्य और राष्ट्रसेवा का संदेश जन-जन तक पहुँचे। सभी मंडल अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा ने बताया कि पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिवस एवं स्मृति में जिला भाजपा कार्यालय में शाम 4:00 संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, जिला उपाध्यक्ष राकेश पांडे, मनोज गुप्ता, संतोष लोहानी,राकेश सोनी, भूपेंद्र मिश्रा ,जिला महामंत्री अमित मिश्रा, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता बंटी, महेश भागदेव, निभा गुप्ता, विपिन तिवारी, जानू छाबड़ा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मानसिक तनाव के चलते युवती ने फांसी लगा दी जान

**समाज जागरण**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर में मानसिक तनाव के चलते 25 वर्षीय युवती ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार अल्लीपुर निवासी कमलेश की पुत्री संध्या देवी ने मानसिक तनाव के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्टा मार्टम हाउस में मृतका का जीजा संदीप ने बताया कि उसकी साली काफी दिनों से बीमार चल रही थी। जिसकी वजह से उसने घटना को अंजाम दिया है। सुबह जब दरवाजा खुलवाया जा रहा था। तो अन्दर से कोई आहट न आने पर जिस पर दरवाजा तोड़कर देखा तो संख्या का शव लटका था।

## पैसा जमा करने जा रहे भूतपूर्व सैनिक को पीटकर किया लहूलुहान

### 37500 नगद सोने की चेन व तीन मोबाइल लूटा

**समाज जागरण**

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पहुर के समीप मंगलवार की दोपहर बैंक ऑफ इण्डिया फ्रनचाईजी रुपए जमा करने जा रहे भूतपूर्व विकलांक सैनिक को लगभग एक दर्जन से अधिक लोगो ने लूटपाट के इरादे से उन पर लाठी डन्डा व राड़ मारकर घायल कर नगदी, चेन व तीन मोबाइल लूटकर फरार हो गयी। उधर घायल के परिजनो ने एक नामजद सहित 16 लोगो के विरूद्ध तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार पहुर गांव निवासी स्व0 गंगादीन परिहार का पुत्र जयसिंह परिहार (भूतपूर्व सैनिक) 37500 रुपए लेकर फ्रन्चाईजी बैंक ऑफ इण्डिया जा रहा था। तभी पहले से ही घात लगाये बैठे हमलावरों ने उन पर लाठी डन्डा व राड मारकर घायल कर दिया और उनके पास रखी नगदी सोने की चेन व तीन मोबाइल लूटकर फरार हो गये। इसी जानकारी जब परिजनों को हुयी तो तत्काल मौके पर पहुंच घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान घायल का पुत्र अमित सिंह परिहार ने बताया कि गांव के उज्जवल व परिवार सहित लगभग एक दर्जन से अधिक लोगो ने घटना को अंजाम दिया है। इससे पहले फरवरी 2025 में ही उज्जलव व उसके साथियों ने उसके साथ भी इसी तरह की घटना को अंजाम देते हुये 15 हजार रुपए सोने की चेन व दो मोबाइल लूटकर जिसका थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। उसने यह भी बताया कि उज्जवल व उसके साथ जानबूझकर घटना को अंजाम देते थे। कि पुलिस लूट की घटना को शामिल नहीं करेगी।

## बाइकों की भिडन्त युवक घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के बिलन्दा के समीप एनएच 2 में बाइकों की हुयी भिडन्त में 32 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के छोटी रारा गांव निवासी लैश का पुत्र महेश बाइक से थरियांव की ओर रिश्तेदार में जा रहा था। जब वह बिलन्दा के समीप एनएच 2 में पहुंचा तभी बाइकों में भिडन्त हो गयी। जिससे वह घालय हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## हिन्दुओ के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने फूंका बंगला देश के प्रधानमंत्री का पुतला

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! बंगला देश मे मोहम्मद यूनिस की सरकार में हिन्दुओ हो रहे अत्याचार को लेकर पूरे देश मे मंगलवार को हो रहे आन्दोलन के चलते फिरोजाबाद में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ने संयुक्त रूप से मो0



यूनुस का पुतला दहन फूंका और जमकर नारेबाजी की बंगला देश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस की सरकार में हिन्दुओ पर किये जा रहे , अत्याचार विरोध में मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यक्रताओं ने संयुक्त रूप से एकत्रित होकर फिरोजाबाद क्लब चौराहे पर बंगला देश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कन्नौजः डीजल मिलने की संभावना पर खुदाई शुरू, एसडीएम ने बताया अफवाह

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

तिर्वा। कोतवाली क्षेत्र के बहसार गांव में जमीन के नीचे तेल और डीजल होने के दावे के बाद खुदाई का काम शुरू हो गया है। मंगलवार सुबह एक टीम ने गांव पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया। हालांकि, स्थानीय एसडीएम ने इस घटना को महज एक अफवाह बताया है। जानकारी के अनुसार, एक कार में सवार होकर चार लोग बहसार गांव पहुंचे। उन्होंने खेतों का निरीक्षण किया और गांव निवासी आमीन पुत्र रफुक के गेहूं की खड़ी फसल वाले खेत में चार जगहों पर निशान लगाए। टीम के सदस्यों ने किसानों को बताया कि जमीन के नीचे तेल और डीजल निकलने की संभावना है, जिसके लिए बोरिंग की जाएगी। शुरूआत में किसान आमीन ने खुदाई का विरोध किया। इस पर टीम के सदस्यों ने उन्हें आश्वासन दिया कि यदि खुदाई के बाद कोई खनिज पदार्थ निकलता है, तो किसान को उसकी फसल और खेत दोनों का उचित मुआवजा दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद किसान ने खुदाई की अनुमति दे दी। किसानों की सहमति मिलने के बाद, टीम ने मजदूरों को लगाकर बोरिंग के लिए खुदाई शुरू करा दी। इस पूरे मामले पर जब स्थानीय प्रशासन से संपर्क किया गया, तो एसडीएम ने इसे महज एक अफवाह बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई आधिकारिक जानकारी या पुष्टि नहीं है।

## कन्नौजः राहुल गांधी किसी काम के नहीं, इसलिए शादी तक नहीं हुई

### भाजपा विधायक कैलाश राजपूत बोले राहुल-अखिलेश झूठ के सहारे चुनाव जीतना चाहते हैं

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने राहुल गांधी को लेकर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी किसी काम के नहीं हैं, इसीलिए उनकी शादी भी नहीं हुई। विधायक ने आरोप लगाया कि राहुल और अखिलेश झूठ के सहारे चुनाव जीतना चाहते हैं, लेकिन जनता उन्हें जवाब दे देती है। तिर्वा से भाजपा विधायक कैलाश राजपूत मंगलवार को कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित किसान सम्मान समारोह में अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे। यह कार्यक्रम किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान एक सवाल के जवाब में विधायक राजपूत ने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव "वोट चोर-गद्दी छोड़" का नारा देते हैं, जिसका जवाब बिहार की जनता ने उन्हें दे दिया था। उन्होंने कहा कि ये नेता हर बार झूठ और भ्रम फैलाकर चुनाव जीतना चाहते हैं, लेकिन जनता समझदार है और उनकी हकीकत जानती है। विधायक कैलाश राजपूत ने लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि राहुल और अखिलेश ने संविधान के खतरे में होने का भ्रम फैलाया था। परिणाम यह हुआ कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा की सीटें भाजपा से अधिक आ गईं, लेकिन कुछ ही समय में जनता को इस झूठे प्रचार की हकीकत समझ में आ गई। उन्होंने दावा किया कि इस बार के चुनाव में भाजपा के तीन हिस्से ज्यादा विधायक जीतेंगे, जिसे कोई नहीं रोक सकता।

# युवती फांसी पर झूली, मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड नंबर चार, जोधा सिंह नगर सलवन में एक नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। मनीष कुमार पुत्र कैलाश निवासी जोधा सिंह नगर सलवन की शादी हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार अप्रैल 2025 में किशनपुर चिरई निवासी लक्ष्मी देवी के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ दिनों तक दांपत्य जीवन सामान्य रहा लेकिन मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी में हैसियत के अनुसार दान-दहेज देने के बावजूद सोना-चांदी की मांग को लेकर पति मनीष कुमार, ससुर कैलाश, सास तथा देवर द्वारा लक्ष्मी देवी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों का यह भी कहना है कि मृतका ने इस प्रताड़ना की जानकारी अपने पिता को फोन के माध्यम से दी थी। वहीं ग्रामीणों के अनुसार घटना से दो-तीन दिन पूर्व मृतका की अपने पति से फोन पर कहासुनी हुई थी। इसी से आहत होकर लक्ष्मी देवी अपने कमरे में गई और कुंडे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि मृतका का पति मनीष कुमार रोजी-रोटी कमाने के लिए गाजियाबाद में रहकर काम करता है। इस संबंध में क्राइम इंस्पेक्टर श्यामसुंदर गिरी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## राजस्व निरीक्षकों की समस्याओं को लेकर संघ ने सौंपा ज्ञापन

### स्थाईकरण, एसीपी, वेतन व भविष्य निधि समेत सात मांगों पर कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**

फतेहपुर उत्तरप्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ जनपद फतेहपुर के पदाधिकारियों ने राजस्व निरीक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर बैठक की। संघ अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह और मंत्री चन्द्रभूषण तिवारी के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। संघ अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संघ की बैठक में राजस्व निरीक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई थी। उसी के क्रम में सात सूत्रीय मांग पत्र प्रशासन को सौंपा गया है।

संघ अध्यक्ष ने मांग की कि जनपद में कार्यरत वे राजस्व निरीक्षक, जिन्होंने दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली है, उनका शीघ्र स्थाईकरण किया जाए। साथ ही निर्धारित समय पर एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) का लाभ भी सुनिश्चित कराया जाए, भविष्य निधि पासबुकों के आधुनिकीकरण, समय पर सत्यापन और भविष्य निधि खाते से अग्रिम भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।

साथ ही राजस्व निरीक्षकों का वेतन हर माह की पहली तारीख को दिए जाने, चिकित्सीय व्यय प्रतिपूर्ति और चिकित्सीय अवकाश के वेतन भुगतान को समयबद्ध कराने की मांग रखी गई। इसके अलावा एक विशेष प्रकरण में शिवसागर पाण्डेय के स्थान पर उमादत्त तिवारी को संबद्ध किए जाने की भी मांग शामिल है। संघ अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि आम सभा के निर्णय के अनुसार यदि 15 दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो संघ आगे की रणनीति पर विचार करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन समस्याओं का शीघ्र समाधान करेगा।

# जिलाधिकारी ने नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण !

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद जिलाधिकारी रमेश रंजन ने नगर आयुक्त गुंजन द्विवेदी और मेयर कामिनी राठौर के साथ नगर निगम द्वारा कराए जा रहें, विभिन्न निमार्णाधीन कार्यों और परियोजनाओं का निरीक्षण किया, इस निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि अगले साल सभी प्रोजेक्ट पूरे करा लिए जाएं, हमारा प्रयास है कि शहरी क्षेत्र में एक बेहतर आधारभूत संरचना विकसित हो, जिससे नागरिकों को जिन असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, उससे उन्हें राहत मिल सके, हमारा प्रयास है कि नगर निगम में हम सामान्य वर्ग के व्यक्तियों के लिए मैरिज हॉल, मीटिंग हॉल या अन्य सुविधाजनक चीजों का विकास करें, जिससे उनके जीवन में गुणात्मक बदलाव हो सके। हमारा प्रयास है कि हमारा शहर साफ-स्वच्छ और जाममुक्त हो, इस क्रम में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम मुख्य मंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत कम्युनिटी सेंटर, बहुउद्देशीय हॉल का निरीक्षण किया, यह बहु उद्देशीय हाल मै0 स्वरूप कंस्ट्रक्शन द्वारा 977.73 लाख की लागत से निर्मित किया जा रहा है, यह कार्य 2 जुलाई 2025 को प्रारंभ हुआ था, जिसे 1 जुलाई 2026 तक पूरा होना है, जिलाधिकारी ने कहा कि इसके निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने निर्माण में प्रयुक्त हो रही ईंट, सीमेंट व मोरम की गुणवत्ता को भी देखा, जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रोजेक्ट शहर के लिए मील का पत्थर साबित होगा, इसलिए उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि कार्य अपने निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा हो, ताकि जनता का इसका लाभ मिल सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने पास ही बना रहे 1.24 किलोमीटर



लम्बाई की स्मार्ट रोड का भी निरीक्षण किया, जहां पर जिलाधिकारी ने सड़क को खुदवाकर वहां पर लगे हुए टाइल्स की गुणवत्ता को देखा, जहां पर गुणवत्ता ठीक पाई गई, परंतु उन्होंने स्मार्ट रोड की धीमी प्रगति पर नाराजगी दिखाई, उन्होंने कहा कि इसे शीघ्र पूरा करें, इसमें विलंब नहीं होना चाहिए।

इसके बाद जिलाधिकारी राज्य सिटी स्मार्ट योजान्तर्गत जलकल कार्यालय रसूलपूर रोड पर जोनल कार्यालय का भी निरीक्षण करने गए, जो 941.18 लाख की लागत से निर्मित किया जा रहा है, जिसे 5 नवंबर 2026 तक पूरा किया जाना है, जिलाधिकारी ने यहां नगर आयुक्त और मेयर के साथ निरीक्षण कर कार्यदायीं संस्था को निर्देशित किया कि यहां चल रहे कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करें, साथ ही उन्होंने कहा कि यहां पर जो भी कमरे निर्मित किए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता और उपयोगिता का ध्यान अवश्य रखा जाए। इसके बाद उन्होंने जलेसर रोड चौराहे पर सी0एम0 ग्रेड प्रोजेक्ट फेस-2 के अंतर्गत 26 करोड़ की लागत से चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया, जिलाधिकारी को बताया गया कि यहां पर केबल के संपूर्ण तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा, फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा, जबकि चौराहे का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, यह संपूर्ण कार्य 15 माह में पूरा किया जाना है, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यह संपूर्ण कार्य 15 माह तक अवश्य हो जाना चाहिए। इसके बाद जिलाधिकारी बस स्टैंड पर 1549.36 लाख की लागत से बन रहे वर्किंग वूमेन हॉस्टल और 1178.55 लाख की लागत से बन रहे टाउन हॉल का भी निरीक्षण करने गए, उन्होंने कहा कि इन दोनों महत्वपूर्ण निमार्णाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा करें, जिससे इसकी उपयोगिता और उद्देश्य को पूरा किया जा सके। तत्पश्चात जिलाधिकारी राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत बन रहे अर्बन प्लाजा का भी निरीक्षण करने गए, यह संपूर्ण अर्बन प्लाजा 7710 वर्ग मीटर में बन रहा है, जबकि यहां पर 2313 वर्ग मीटर का पार्किंग स्थल दिया गया है, यह संपूर्ण कार्य 1 जुलाई 2026 तक पूरा होना है, जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर मजदूरों की संख्या बढ़ाए, साथ ही साथ कार्य में गुणवत्ता प्रदर्शित हो, यह अर्बन प्लाजा सोलर प्लांट से संचालित होगा, जिलाधिकारी ने कहा कि अन्य कार्यालयों में भी सोलर प्लांट लगाने का कार्य हो। यह संपूर्ण कार्य 1035.10 लाख की लागत से कराया जा रहा है, इसकी कार्यदायी संस्था सी0एन0डी0एस0 है, इस अर्बन प्लाजा में रेनवाटर हार्वेस्टिंग भी लगा होगा, जिससे वर्षा का जल संचयन हो सकेगा, भ्रमण के दौरान अपर नगर आयुक्त अब्बास हसन नकवी उपस्थित रहें।

## चलती यात्री बस में लगी भीषण आग, 42 यात्रियों की जान बची

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मची अफरा-तफरी, बच्चे-महिलाएं सुरक्षित बाहर निकाले गए!

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दिनांक 23 दिसंबर 2025 को करीब 3:00 बजे एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 76.300 पर चलती यात्री बस के टायर में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। बस में आग लगते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन चालक और परिचालक की सूझबूझ से सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार बस संख्या 8122 अजमेर से नेपाल जा रही थी। बस में कुल 42 सवारियां मौजूद थीं, जिनमें 12 बच्चे शामिल थे। गनीमत रही कि किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई और सभी लोग पूरी तरह





सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही एक्सप्रेसवे की रेस्क्यू टीम और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाए जाने के बाद स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। अधिकारियों ने बताया कि घटना के कारण यातायात पर कोई असर नहीं पड़ा और एक्सप्रेसवे पर आवागमन सामान्य बना रहा। बस के चालक की पहचान चुन्नू मिश्रा पुत्र गंगा मिश्रा, निवासी वीरगंज (नेपाल) के रूप में हुई है, जबकि सहायक चालक मुन्ना श्रीवास्तव बताए गए हैं। बस ठेकेदार का नाम भोला अंसारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले बस के पिछले हिस्से से धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद टायर में आग लग गई। चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतार दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रशासन की ओर से घटना की जांच की जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी या टायर फटने के कारण। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था के तहत आगे की यात्रा के लिए रवाना करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## सपा ने मनाया किसानों के मसीहा का 123 वां जन्म दिवस !

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! समाजवादी पार्टी कार्यालय पर किसानों के मसीहा चौ.चरण सिंह 123 बी जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाअध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने की जिला अध्यक्ष बोलते हुए कहा चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे और उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए किसानों के लिए ऐसे अनेकों कार्य किये वो किसानों के नेता माने जाते रहे हैं। उनके द्वारा तैयार किया गया जमींदारी उन्मूलन विधेयक राज्य के कल्याणकारी सिद्धांत पर आधारित था। एक जुलाई 1952 को यूपी में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को अधिकार मिला। उन्होंने लेखपाल के पद का सृजन भी किया।



पूर्व विधायक रामवीर सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा मुख्य रूप से भूमि और कृषि सुधार पहलों के लिए जाने जाते थे और बागपत से सांसद थे। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में वे जनता पार्टी (धर्मनिरपेक्ष) के सदस्य थे। उन्होंने भारतीय क्रांति दल के सदस्य के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। जयंती में मौजूद पूर्व विधायक रमेश चंद चंचल पूर्व विधायक अजीम भाई मीना राजपूत रामसेवक यादव श्याम पाल सिंह अशोक यादव चरण सिंह विनोद गौतम जमुना कठेरिया वीर सिंह प्रधान नीरज यादव कमलेश यादव राजकुमार राठौर टीटू प्रधान दिलीप यादव नरेश शंखवार रुमा यादव बंटू कठेरिया उमाशंकर यादव गौरव यादव प्रदीप यादव गुड्डू संजीव यादव आदि लोग मौजूद थे

## ज्वैलर्स की दुकान से लाखों की चोरी , तिजोरी सहित आभूषण ले उड़े चोर

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! थाना रजावली क्षेत्र के कस्बा नगलाबीच में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने एक ज्वैलर्स की दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिये हैरानी की बात यह रही कि दुकान का शटर और ताला पूरी तरह सुरक्षित मिला, जबकि चोर पूरा शटर ही उखाड़कर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। ग्राम रतिगढ़ी निवासी हर्ष उर्फ रिकू तोमर पुत्र रविन्द्र सिंह की सब्जी मंडी नगलाबीच में श्री जी ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। हर्ष तोमर सोमवार शाम को रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान की स्थिति संदिग्ध देखी तो उन्हें चोरी की सूचना दी गई। दुकान पहुंचने पर उन्होंने देखा कि शटर का ताला ज्यों का त्यों लगा हुआ था, लेकिन शटर को लकड़ी की एक मजबूत बल्ली की



मदद से नालियों से निकाल दिया गया था। चोर दुकान के अंदर रखी करीब डेढ़ कुंतल वजनी तिजोरी को भी उठाकर ले गए, जिसमें सोने-चांदी के बहुमूल्य आभूषण रखे हुए थे। तिजोरी के वजन और तरीके से चोरी को अंजाम दिए जाने से अंदाजा लगाया जा रहा है कि वारदात में कई चोर शामिल रहे होंगे और किसी बड़ी गाड़ी का इस्तेमाल किया गया होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में रात के समय पुलिस गश्त होती रहती है, इसके बावजूद इतनी बड़ी चोरी की घटना से लोगों में दहशत है। साथ ही बताया गया कि पिछले करीब तीन दिनों से रात में बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने पूरी योजना के साथ वारदात को अंजाम दिया।

घटना को लेकर व्यापारियों और स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की है। खबर लिखे जाने तक पीड़ित की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी। तहरीर मिलने पर पुलिस जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

# कन्नौजः चौधरी चरण सिंह जयंती पर किसान मेले में 72 किसानो का हुआ सम्मान

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व० चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित अटल स्मृति पार्क में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया द्वारा संयुक्त रूप से चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाएं गये स्टॉलो का निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान पशुपालन के तहत आत्मा योजनान्तर्गत पशु पालकों को प्रथम पुरस्कार धनराशि-7000 प्रति कृषक, के कुल 04 पशु पालक व द्वितीय पुरस्कार हेतु धनराशि 5000 प्रति कृषक, के कुल 04 पशु पालक एवं खण्ड विकास स्तर पर 2000 प्रति कृषक, के कुल 08 पशु पालकों, तथा जनपद स्तर पर सर्वाधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले प्रथम पुरस्कार धनराशि-7000 प्रति कृषक, के कुल 04 कृषक व द्वितीय पुरस्कार धनराशि-5000 प्रति कृषक, के कुल 04 किसानो एवं ब्लाक स्तर पर धनराशि 2000 प्रति कृषक, के कुल 08 किसानो को पुरुस्कार व प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार मत्स्य विभाग द्वारा जनपद स्तर पर प्रथम 04, द्वितीय 04 एवं ब्लाक स्तर पर 08 लाभार्थी, एवं उद्यान विभाग द्वारा औद्योगिक उत्पादन हेतु प्रथम 04 कृषक, द्वितीय 04 कृषक एवं ब्लाक स्तर पर 08 लाभार्थियों को शाल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उद्योग विभाग की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि स्व० चौधरी चरण सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन किसानों के उत्थान के लिए समर्पित किया है। उनके योगदान को स्मरण करते हुए प्रत्येक वर्ष किसान सम्मान दिवस मनाया जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्व० चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर आभार व्यक्त किया तथा कहा कि वर्तमान केन्द्र एवं प्रदेश सरकार किसानों, गरीबों और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण हेतु निरन्तर कार्य कर रही है। वर्ष 2017 में जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी जी बने है तब से



उत्तर प्रदेश को विकास के पथ लाने का कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में अब उत्तर प्रदेश भारत का प्रथम विकसित प्रदेश बन गया है। उन्होने गुंडाराज को जड़ से खत्म करने का भी कार्य अच्छे से किया है। उन्होने कहा कि जब हम भारत की आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर जश्न मना रहे होगें, उस समय भारत दुनिया का प्रथम विकसित देश बन चुका होगा।जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि किसान सम्मान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, ट्रैक्टर, ड्रोन, सोलर पंप, उन्नत बीज, दवाइयों एवं नवीन तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, खेत तालाब योजना, फसली ऋण वितरण आदि का अधिक से अधिक लाभ लें। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता किया जा रहा है। अब योजनाओं का लाभ आनलाइन पोर्टल, डीबीटी एवं खुले तौर पर ई-लॉटरी के माध्यम से दिया जा रहा है। जागरूकता एवं सहभागिता से ही जनपद का सर्वांगीण विकास संभव है। प्रदेश सरकार किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेहतर कार्य कर रही हैं, जिससे आप लोगो को उपज का वाजिब मूल्य मिल रहा हैं। गॉव में किस तरीके से डेवलपमेन्ट हो रहा है, इसकों ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से देखा जा सकता है। अब सभी का कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ कियें जा रहें हैं। हमें दृढ़ संकल्पित होना होना चाहिए कि हम जागरूक रहेंगे, होगें तों निश्चित रूप से गांव का विकास होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह ने किसानो के हित में अनेक कार्य किये हैं। उन्होने पटवारी व्यवस्था खत्म कर लेखपाल व्यवस्था लागू की। उन्होने जो चिराग देने का कार्य किया है, वह निरन्तर यूं ही जलता रहेगा। मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने कहा कि स्व० चौधरी चरण सिंह किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु सदैव अग्रणी रहे। वर्तमान सरकार किसानों की आय वृद्धि, उत्पादन बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही है। उन्नत एवं शोधित बीजों के प्रयोग से उत्पादन में निश्चित रूप से वृद्धि होगी।

उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने स्व० चौधरी चरण सिंह के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऋण मोचन योजना के अन्तर्गत 63,963 कृषकों का 386.11 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया गया है। पीएम-कुसुम योजना के अन्तर्गत 541 सोलर पंप स्थापित किए गए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पिछले 7 वर्षों में 48,975 कृषकों को 16.33 करोड़ रुपये का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 2,95,302 कृषकों को अब तक 950.68 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से प्रदान किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त खेत तालाब योजना, पं० दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, कृषि यंत्र वितरण, निःशुल्क बीज मिनीकिट, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, फसली ऋण वितरण, एग्रीजंक्शन योजना, कृषक उत्पादक संगठन, किसान पाठशाला, मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम, डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, कृषि कल्याण केन्द्रों की स्थापना तथा नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत जैविक खेती जैसे कार्यक्रमों की प्रगति से कृषकों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उन्नत बीज, कीट प्रबंधन, सिंचाई, जोताई, रोपाई एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी भी प्रदान की गई। किसान सम्मान दिवस-2025 का आयोजन किसानों के सम्मान, जागरूकता एवं समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारीगण, प्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# इको प्रिज्म ने किसान दिवस का किया आयोजन

## चौधरी चरण सिंह की जयंती पर किसानों को दी जैविक खेती की जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। इको प्रिज्म बेनीपुर कार्यालय परिसर में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित किसानों द्वारा चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं पूजन के साथ किया गया।




कार्यक्रम में पंकज ने किसानों को संबोधित करते हुए चौधरी चरण सिंह के जीवन परिचय एवं किसानों के हित में किए गए उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इसके पश्चात हरीश जी द्वारा जल संरक्षण के महत्व पर उपयोगी जानकारी साझा की गई।कार्यक्रम में प्रोग्राम एसोसिएट संजय पटेल द्वारा किसानों को जैविक खेती के महत्व को संक्षेप में समझाया गया तथा ड्रम कम्पोस्ट, कम्पोस्ट बैग एवं कल्चर की प्रदर्शनी लगाकर किसानों को इसके निर्माण एवं उपयोग की विधि को व्यवहारिक रूप से समझाया गया।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद, एडीओ कृषि देवेंद्र पांडे, के.के. मौर्या, ग्राम सचिव चंचल रेड्डी, बीबी एम श्रीमती पूजा, एवं आजिविका मिशन रत्नेश ने कार्यक्रम मे मुख्य रूप उपस्थित रहे।उपस्थित अतिथि ने किसानों को संबोधित करते हुए चौधरी चरण सिंह की जीवनी तथा किसानों के कल्याण हेतु किए गए कार्यों की जानकारी दी और किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में किसानों को जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत, कम्पोस्ट खाद, डी-कम्पोजर आदि के उपयोग, लाभ एवं निर्माण विधियों की जानकारी दी गई तथा भविष्य में इन तरीकों को अपनाने की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम के शुभारंभ में संस्था के डायरेक्टर ने मुख्य अतिथि का स्वागत अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। साथ ही प्रोग्राम इंचार्ज संजय पटेल द्वारा कुल 25 महिला एवं पुरुष किसानों को गमछा देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात उपस्थित लोगों का मुंह मीठा कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में कुल 110 लोगों ने सहभागिता की, जिनमें 60 महिला किसान एवं 50 पुरुष किसान शामिल रहे। प्रमुख किसानों में महेंद्र, दूधनाथ, महादेव, रेखा, अशोक पटेल, सोमारू, जवाहिर, सरिता, कुमारी, अनीता, अखिलेश, शशांक, हरीश, मुन्नी, भोला, अरविंद सहित अन्य किसानों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

# चोलापुर पुलिस की पैरवी से दर्जन भर अभियुक्तों को सजा

**दैनिक समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी के फलस्वरूप चोलापुर थाने में दर्ज मारपीट, बलवा व गैर इरादतन हत्या के मुकदमे के दो अलग-अलग मामलों में एक दर्जन अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा सोमवार को कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई गई। थानाध्यक्ष चोलापुर दीपक कुमार ने बताया कि में बीते वर्ष 2011 में दर्ज मुकदमे में आईपीसी की धारा 147,148, 323, 504, 506, 308 से सम्बन्धित अभियुक्तगण शिवपूजन, चेतराम, श्यामजी, पिन्टू, धनंजय निवासीगण नियारडीह को 03 वर्ष 03 माह की अवधि के कारावास व कुल 2,500 रू. का अर्थदण्ड तथा आईपीसी की धारा 147,148, 452, 323, 504, 506 से संबंधित अभियुक्तगण सुरेन्द्र, वीरेन्द्र, बनारसी, रामजी, महेन्द्र, प्यारेलाल व प्रकाश निवासी नियारडीह को 07 वर्ष 03 माह की अवधि का कारावास व कुल 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# पात्र गृहस्थी कार्ड धारक जुड़ेंगे समूह से

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत अब पात्र गृहस्थी के कार्ड धारक भी समूह से जुड़ेंगे ' अभी तक समूह से सैक, पी. आई. पी. प्रक्रिया के माध्यम से चयनित लाभार्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा के सक्रिय जॉब कार्ड होल्डर परिवार की महिला सदस्य व हर घर नल योजना के लाभ भारतीय जोड़े जा रहे थे '

विगत दिवस माननीय उपमुख्यमंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा प्रदेश में तीन करोड़ महिलाओं को समूह से जोड़ने एवं उनमें से एक करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने की दिशा में अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया था ' उक्त के क्रम में अभियान चलाकर इन लाभार्थीयों को अगले छः माह में इन्हें जोड़ा जाना है '

जनपद में अभी 11963 समूहों में 139009 महिलाओं को जोड़ा गया है ' साथ ही पात्र गृहस्थी के कुल 411500 कार्ड धारकों में से जो नहीं जुड़े हैं उन्हें प्रथमिकता पर जोड़ा जायेगा ' इस कार्य में नये समूह भी बनाये जाएंगे एवं यदि सम्बंधित परिवार के घर के पास में पूर्व से समूह सक्रिय है तो उनके नजदीकी समूह में जोड़ा जायेगा ' समूह से जुड़कर जनपद में महिलायें बैंक सखी, बीसी सखी, विद्युत सखी, ड्रोन सखी, अगरबत्ती, पापड़, अचार, मुरब्बा, सिलाई, राशन दुकान का संचालन, परचून की दुकान, दोना पत्तल, सिल्क साड़ी, जुट बैग आदि से जुड़ी हैं ' समूह महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्र में आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है ' पात्र गृहस्थी की महिलाएं जो अभी तक इस योजना का लाभ लेने से वंचित थी वह भी अब जुड़कर इस योजना का लाभ ले सकेंगी एवं अपनी आजीविका परक गतिविधियों को बढ़ाते हुए पारिवारिक आय में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी '

# डाक विभाग को वितरण, वित्तीय समावेशन और राजस्व अनुशासन पर ध्यान देने की सलाह दी

**समाज जागरण**

केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने भारतीय डाक विभाग को व्यावसायिक प्रगति के लिए सक्रिय और रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया है, जिसमें उच्च वस्तु और सेवा कर भुगतान करने वाले व्यवसायों और संस्थाओं तक पहुंच बनाना शामिल है। उन्होंने प्रत्येक डाक मंडल में उत्पाद या सेवा में रुचि दिखाने वाले व्यक्तियों और कंपनियों को भुगतान करने वाले ग्राहक में बदलने और अर्जित राजस्व की दैनिक स्तर पर निगरानी के लिए समर्पित मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव टीमों की स्थापना की वकालत की। साथ ही उन्होंने डाक मंडल प्रमुखों से स्थानीय स्थिति, कारोबार और व्यावसायिक क्षमता अनुरूप वहां की क्षेत्रीय शक्ति का लाभ उठाकर अनुकूलित विकास रणनीतियां लागू करने का आह्वान किया।



संचार राज्य मंत्री प्रमुख डाक सर्किलों के कामकाज पर नजदीकी नजर रखने के लिए मासिक स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित कर रहे हैं। संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा निर्धारित त्रैमासिक निगरानी ढांचे के अंतर्गत इन बैठकों का नेतृत्व हर महीने डॉ. चंद्र शेखर स्वयं करते हैं ताकि इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित हो। इन समीक्षाओं का उद्देश्य समस्याओं की शीघ्र पहचान, त्वरित सुधार और सुनिश्चित करना है कि भारतीय डाक विभाग अपने सेवा और प्रदर्शन लक्ष्यों को निरंतर पूरा करे।

सभी 24 डाक सर्किलों से संबंधित चर्चा में परिचालन दक्षता, वित्तीय समावेशन, प्रचालन विस्तार और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत दृष्टिकोण के अनुरूप प्रौद्योगिकी-आधारित सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारतीय डाक विभाग के विशाल नेटवर्क का उल्लेख करते हुए संचार राज्य मंत्री ने वितरण सेवा मजबूत करने और बचत एवं बीमा पॉलिसी विस्तारित करने के लिए संसाधनों के अधिकतम उपयोग का आह्वान किया, जिससे देश की परिचालन संबंधी आवश्यकताएं पूरी की जा सकें। उन्होंने सभी प्रदर्शन मापदंडों - डाक और पार्सल संचालन, बचत और बीमा सेवाओं में - जन कल्याण के साथ ही वित्तीय समझदारी का संतुलन बनाए रखने का भी निर्देश दिया।

संचार राज्य मंत्री ने कर्नाटक सर्कल के बेहतर प्रदर्शन और नए ग्राहकों और बाजार पहुंच की सराहना की। उन्होंने पूर्वोत्तर सर्कल द्वारा एक लाख 54 हजार नए बचत खाते खोलने, डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा के तहत 276 करोड़ रुपये जुटाने और सुनियोजित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तक संरचित पहुंच बनाने की भी प्रशंसा की।

डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि डाक नेटवर्क द्वारा 1.4 अरब से अधिक लोगों को कुशल सेवा प्रदान करना दायित्व और अवसर दोनों है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत डाक विभाग को आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार संस्था बनाने में कुशल सेवा, डिजिटल सत्यनिष्ठा और वित्तीय समझदारी की अहम भूमिका है।

# वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों की नीलामी के 14वें दौर में उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली; 24 कोयला ब्लॉकों के लिए 49 बोलियां प्राप्त हुई

कोयला मंत्रालय के नामित प्राधिकरण ने आज वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों की नीलामी के 14वें चरण के लिए बोलियां आमंत्रित कीं। बोली प्रक्रिया में उद्योग जगत के हितधारकों की उत्साहजनक भागीदारी देखी गई। इस चरण में 41 ब्लॉक में से 24 ब्लॉक के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। इससे देश के वाणिज्यिक कोयला खनन ढांचे में उद्योग की निरंतर रुचि का पता चलता हैं।

ऑनलाइन बोलियों को डिक्रिप्ट किया गया और बोलीदाताओं की उपस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक रूप से खोला गया। इसके बाद, ऑफलाइन बोली दस्तावेजों वाले सीलबंद लिफाफे भी बोलीदाताओं की उपस्थिति में खोले गए। पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रक्रिया को बोलीदाताओं के लिए स्क्रीन पर लाइव प्रदर्शित किया गया। इस दौर में, 41 कोयला ब्लॉक में से 24 कोयला ब्लॉक के लिए 49 बोलियां प्राप्त हुई हैं।

नीलामी प्रक्रिया में वाणिज्यिक कोयला खनन व्यवस्था के तहत पहली बार बोली लगाने वाली पांच नई कंपनियों सहित कुल 11 कंपनियों ने भाग लिया। वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक नीलामी में नई कंपनियों की भागीदारी नीतिगत ढांचे में बढ़ते विश्वास और देश के कोयला क्षेत्र में बढ़ रहे अवसरों को दर्शाती है। भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ने के साथ-साथ कोयला क्षेत्र आर्थिक गति का एक प्रमुख चालक बना हुआ है।

# दिव्यांग गुज्जन यादव जरूरत मंदो को घर-घर पहुंचा रहे कंबल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विकास खंड के आयर निवासी गुज्जन यादव की नेक पहल की हर तरफ प्रसंशा हो रही है। वजह है जरूरत मंदो को ठंड से बचने के लिए घर-घर कंबल का वितरण करना। गुज्जन यादव खुद पैर से दिव्यांग है। फिर भी बुलंद हौसले के साथ समाज सेवा में तल्लीन है।



गुज्जन यादव रविवार को दो सौ दिव्यांगों एवं महिलाओ को कंबल वितरित किया था। उसके बाद से घर-घर जाकर कंबल दे रहे है। सोमवार और मंगलवार को सौ-सौ लोगो को घर-घर जाकर कंबल दिया गया।

गुज्जन यादव ने बताया कि अब तक कुल 400 दिव्यांगों एवं गरीब महिलाओ को कंबल दिया जा चुका है। मेरा प्रयास है कि ठंड से बचने के लिए हर किसी के पास कंबल हो। 'जब तक है दम हौसला न हारेंगे हम' के हौसले के साथ काम कर रहे है।

इस अभियान में गुज्जन यादव, श्यामजी प्रजापति, गुड्डू प्रजापति, करिया ठेकेदार, रामचंदर राजभर, नागेश केशरी,रोहित केशरी, लालजी प्रजापति, जगदीश प्रजापति का सहयोग सराहनीय और शामिल रहे।

# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर किसानों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विकास खंड हरहुआ के सभागार में आज मंगलवार को 'किसान सम्मान दिवस' के अवसर पर खंड विकास अधिकारी हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न चौधरी चरण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उनके शब्दों 'देश की समृद्धि किसानों के खेत एवं खलिहानों से होकर गुजरता है' को दोहराते हुए किसानों को जैविक खेती करने का आह्वान किया ।

इस अवसर पर विकासखंड के प्रगतिशील कृषक गुलाब पटेल को गेंदा के उन्नतशील खेती, रमेश प्रसाद को गेहूं में अधिक उत्पादन एवं चंद्रबली पटेल को मछली पालन में अधिक उत्पादन के लिए 'सम्मान प्रमाण पत्र' देकर सम्मानित किया।

सहायक विकास अधिकारी कृषि देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किसानों से कहा कि चौधरी जी अपने राजनीतिक जीवन में किसानों के हित के बारे में अधिक से अधिक कार्य करते हुए उनके उन्नति के लिए कानून बनाए । हम सभी किसान नेता चौधरी साहब को याद कर अधिक से अधिक उत्पादन आगे बढ़ाए।

सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) ने वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत बहुउद्देशीय कृषि पर बल देते हुए कृषि के साथ उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन की खेती कर अपनी आय को बढ़ाने पर जोर दिया।

प्राविधिक सहायक कृषि कृष्ण कुमार मौर्य ने किसानों से फसल बीमा 31 दिसम्बत तक कराने के लिए कहा।

कार्यक्रम संचालन बच्चूलाल ने किया कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, कृषि विभाग से नवीन कुमार उपाध्याय ,आकांक्षा राय ,अर्चना सिंह, कृषक सुभाष चंद्र वर्मा, अर्जुन मौर्य, सोमारू पटेल रमाशंकर सिंह,गिरजा शंकर पटेल सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# पेस संस्था द्वारा एक दिवसीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर पार्टिसिपेटरी एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरमेंट (पेस) संस्था द्वारा संचालित टीडीएच परियोजना के तत्वाधान में जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर ब्लॉक अंतर्गत एमडीएस होटल तुलसीपुर में एक दिवसीय जनसुनवाई कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिले स्तर के हितधारकों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम की अध्यक्षता पेस संस्था की सचिव राजविंदर कौर ने किया एवं यूथ समूह के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम मनोहर तिवारी जी ने सभी को धन्यवाद देते हुए बताया कि पेस संस्था ने हमारे जनपद में बहुत ही सराहनीय कार्य किया जिसकी हम सराहना करते हैं संस्था के ही वजह से आज जिले व प्रदेश स्तर पर हमारे जनपद के बच्चों ने परचम लहराया है। कार्यक्रम में प्रतिभागी यूथ क्लब के बच्चों को संस्था की तरफ से सिलाई मशीन वितरण किया गया तथा




आंगनवाड़ियों को वजन मशीन वितरण किया तथा यूथ क्लब के बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में पेस संस्था से सचिव राजविंदर कौर जी, अमित जी देवब्रत जी प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर विनोद कुमार पांडेय जी फकरुद्दीन जी पुनीता पांडेय जी जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम मनोहर तिवारी जी, सीडीपीओ प्रमोद कुमार , जिला चिकित्साधिकारी डॉ विकास, यादव, बाल संरक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार, बीसीपीएम संजय सिंह एवं ग्राम प्रधानगण आंगनवाडी, आशा कार्यकत्रियां तथा यूथ क्लब के बच्चे मौजूद रहे।

# टीकाकरण, सरकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की गई

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर देहात इंडिया के तत्वाधान मे ब्लॉक बलरामपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चारों काफरी/खपरीपुर गांव में ग्राम प्रधान के घर के द्वार पर ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।



जिसमे बच्चों से जुड़े मुद्दों बाल संरक्षण,महिला सशक्तिकरण, महिला उद्यमिता,यातायात नियमों का पालन करने हेतु विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

देहात संस्था के प्रोग्राम एसोसिएट शालिनी देवी ने बताया कि इस बैठक का मूल उद्देश्य सभी हितधारकों को एक मंच पर एकत्रित होकर बाल विवाह,बालश्रम एवं मानव तस्करी, साइबर अपराध से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करना है तथा निराकरण भी निकलना है।

हमें ऐसे बालहित समाज का निर्माण करना है जिसमे बच्चों के अधिकार सुनिश्चित हो पाए और बच्चा जिम्मेदार नागरिक बने।

गांव की आशा बहु यशोदा जी ने टीकाकरण ,सरकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की गई एवं मादक पदार्थों के सेवन न करने की हिदायत दी गई।

तत्पश्चात हितधारकों द्वारा संवाद स्थापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

देहात संस्था से शालिनी देवी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरीश सोनकर आशा,यशोदा गुप्ता,समूह सखी ग्रामवासी, अभिभावक महिलाएं, बच्चे,आदि उपस्थित रहे !

# बाल विवाह उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती महिला कल्याण विभाग, श्रावस्ती तथा एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (नीति आयोग) के तत्वाधान में जनपद श्रावस्ती में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक जमुनहा के खंड विकास अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।



इस अवसर पर बाल विवाह को रोकने एवं समाज को जागरूक करने हेतु उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने व रोकने की शपथ भी दिलाई गई। यह जागरूकता कार्यक्रम ब्लॉक जमुनहा क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर, गंगापुर, गजोबरी, भरथा, कानीबोझी, प्रतापपुर, मलंगांव, मल्हीपुर खुर्द सहित अन्य गांवों में संचालित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी गई तथा लोगों से अपील की गई कि वे बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने में सहयोग करें।

इस अभियान में देहात इंडिया संस्था से सारजन वर्मा, सरोज देवी, श्रीपाल एवं सरोज पटेल की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित एवं सशक्त भविष्य प्रदान करना तथा बाल विवाह मुक्त जनपद बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

# विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 25 को

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। विराट हिंदू सम्मेलन 25 दिसंबर बृहस्पतिवार को जक्खिनी में आयोजित है। यह आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पास चंद्रा गार्डन में होगा। इस बात की जानकारी देते हुए प्रांत गौ सेवा प्रमुख अरविंद सिंह ने बताया कि इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रांत के प्रांत कार्यवाह मुरली पाल है जबकि मुख्य अतिथि रामानुज धाम दतिया मध्य प्रदेश के श्रीमंत माधव महेंद्र रामानुज दास हैं।कार्यक्रम में क्षेत्र और जनपद के लोगों को आमंत्रित किया गया है।



# एस आई आर को लेकर बैठक का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर सरकार व संगठन ने पूरी ताकत झोंक दी है।जिसको लेकर मंगलवार को सेवापुरी विकास खंड के सभागार में सभी



बी एल ओ की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे सभी बी एल ओ को अपने क्षेत्र में 24 से 30 दिसंबर तक बैठक का आपत्ति और दावा को दर्ज करना है।वही खण्ड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया अपात्र नामों को लेकर किसी भी तरह की शिथिलता स्वीकार नहीं होगी। जिन नामों पर संदेह है, उनकी जांच कराई जाए। बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की भूमिका को उन्होंने सबसे निर्णायक बताया। बीएलए और बूथ टीम टोली बनाकर घर-घर जाकर गहन सत्यापन करें।बैठक में विकास खंड कर्मचारी सहित क्षेत्रीय बी एल ओ शामिल रहे।

# पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मार्कंडेय सिंह की स्मृति में सभा 25 को

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रहे समाजवादी नेता मारकण्डेय सिंह की स्मृति में एक सभा का आयोजन गंगापुर में किया गया है। आयोजन 25 दिसंबर को आयोजित है जिसमें उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा है। मारकंडेय सिंह छात्र नेता के साथ-साथ कई भाषाओं के ज्ञाता लेखक और दार्शनिक भी थे। उन्होंने देश तथा प्रदेश में कई आंदोलन का नेतृत्व किया था। देश के कई नामचीन हस्तियां उनके नेतृत्व में काम की थी।कार्यक्रम की सफलता के लिए मंगलवार को गंगापुर में मार्कण्डेय सिंह स्मृति न्यास के तहत बैठक भी हुई। इस दौरान आलोक सिंह तूफानी सिंह विशाल कुमार ,शुभम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कस्तूरबा गांधी के किशोरियों की डिजिटल लिटरेसी प्रशिक्षण का आयोजन

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन के सहयोग से एक्शन एड द्वारा संचालित नई पहल परियोजना के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती के विकासखंड इकौना के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में एक दिवसीय डिजिटल लिटरेसी ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। ट्रेनर शारिक जी




द्वारा सबसे पहले सभी का परिचय किया उसके बाद किशोरियों से जानकारी ली कि किशोरियों ने अब तक कम्प्यूटर में क्या क्या जानती है उसके बाद किशोरियों को कंप्यूटर क्या है इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी साथ ही कम्प्यूटर से संबंधित अन्य विषयों पर जिसमें एम एस ऑफिस, एम एस एक्सल, एम एस वर्ड,पावर प्वाइंट, पी पी टी बनाना ,कंप्यूटर के अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।उपरोक्त गतिविधि में जिला सामन्वयिका एक्शन एड गुलिस्ता आरा जी, तारिक अहमद कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के वार्डेन व समस्त स्टाफ सहित सभी किशोरियों ने प्रतिभाग किया।

# केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राजस्थान के नागौर में किसान सम्मेलन में की सहभागिता

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राजस्थान में नागौर की मेड़ता सिटी में वृहद किसान सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों के बैंक खातों में सहायता राशि हस्तातंरित की। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश, राजस्व राज्य मंत्री श्री विजय सिंह, किसान आयोग के अध्यक्ष श्री सी. आर. चौधरी, सांसद सुश्री महिमा कुमारी, विधायक श्री लक्ष्मण राम जी कलरू भी उपस्थित रहे। केंद्रीय कृषि मंत्री ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान ने पिछले 2 साल में विकास का नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की 12,600 सड़कों के निर्माण के लिए 2 हजार 89 करोड़ रुपये की धनराशि आज जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एक नए भारत का उदय हो रहा है। एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध, शक्तिशाली, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की ओर हम तेजी से बढ़ रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि राजस्थान में कृषि क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। ज्यादा उपज देने वाले जलवायु अनुकूल नई किस्म के बीज का निर्माण प्रदेश में तेजी से हुआ है। साथ ही उत्पादन की लागत कम करने की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 6,000 रुपये की धनराशि के साथ अतिरिक्त 3,000 रुपये की राशि देने का काम भी राज्य सरकार ने किया है। 9,000 रुपये की इसी राशि से किसान लाभांवित हुए हैं और कृषि उत्पादन की लागत में कमी आई है।

श्री शिवराज सिंह ने कहा कि पिछले 2 वर्षों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व राजस्थान को 29 हजार करोड़ रुपये की धनराशि दी गई है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जो कमियां थी उसे भी दूर करने का प्रयास किया गया है। क्लेम में देरी करने पर बीमा कंपनियों को 12 प्रतिशत ब्याज सीधे किसानों के बैंक खातों में डालने का प्रावधान किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने एमएसपी का भी जिक्र किया और कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एमएसपी दोगुना करने का काम किया गया है। इस साल केंद्र सरकार ने राजस्थान से लगभग 2 हजार 680 करोड़ रुपये की 3 लाख 5 हजार मीट्रिक टन मूंग खरीद को मंजूरी दी।

## मानसिक तनाव के चलते युवती ने फांसी लगा दी जान

**समाज जागरण**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर में मानसिक तनाव के चलते 25 वर्षीय युवती ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार अल्लीपुर निवासी कमलेश की पुत्री संध्या देवी ने मानसिक तनाव के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्टा मार्टम हाउस में मृतका का जीजा संदीप ने बताया कि उसकी साली काफी दिनों से बीमार चल रही थी। जिसकी वजह से उसने घटना को अंजाम दिया है। सुबह जब दरवाजा खुलवाया जा रहा था। तो अन्दर से कोई आहट न आने पर जिस पर दरवाजा तोड़कर देखा तो संध्या का शव लटका था।

## पैसा जमा करने जा रहे भूतपूर्व सैनिक को पीटकर किया लहूलुहान

37500 नगद सोने की चेन व तीन मोबाइल लूटा

**समाज जागरण**

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पहुर के समीप मंगलवार की दोपहर बैंक ऑफ इण्डिया फ्रनचाईजी रुपए जमा करने जा रहे भूतपूर्व विकलांक सैनिक को लगभग एक दर्जन से अधिक लोगो ने लूटपाट के इरादे से उन पर लाठी डन्डा व राड़ मारकर घायल कर नगदी, चेन व तीन मोबाइल लूटकर फरार हो गयी। उधर घायल के परिजनो ने एक नामजद सहित 16 लोगो के विरूद्ध तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार पहुर गांव निवासी स्व0 गंगादीन परिहार का पुत्र जयसिंह परिहार (भूतपूर्व सैनिक) 37500 रुपए लेकर फ्रन्चाईजी बैंक ऑफ इण्डिया जा रहा था। तभी पहले से ही घात लगाये बैठे हमलावरों ने उन पर लाठी डन्डा व राड़ मारकर घायल कर दिया और उनके पास रखी नगदी सोने की चेन व तीन मोबाइल लूटकर फरार हो गये। इसी जानकारी जब परिजनो को हुयी तो तत्काल मौके पर पहुंच घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान घायल का पुत्र अमित सिंह परिहार ने बताया कि गांव के उज्जवल व परिवार सहित लगभग एक दर्जन से अधिक लोगो ने घटना को अंजाम दिया है। इससे पहले फरवरी 2025 में ही उज्जलव व उसके साथियों ने उसके साथ भी इसी तरह की घटना को अंजाम देते हुये 15 हजार रुपए सोने की चेन व दो मोबाइल लूटकर जिसका थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। उसने यह भी बताया कि उज्जवल व उसके साथ जानबूझकर घटना को अंजाम देते थे। कि पुलिस लूट की घटना को शामिल नहीं करेगी।

## बाइकों की भिडन्त युवक घायल


**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के बिलन्दा के समीप एनएच 2 में बाइकों की हुयी भिडन्त में 32 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के छोटी रारा गांव निवासी लैश का पुत्र महेश बाइक से थरियांव की ओर रिश्तेदार में जा रहा था। जब वह बिलन्दा के समीप एनएच 2 में पहुंचा तभी बाइकों में भिडन्त हो गयी। जिससे वह घालय हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## हिन्दुओ के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने फूंका बंगला देश के प्रधानमंत्री का पुतला

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! बंगला देश मे मोहम्मद यूनिस की सरकार में हिन्दुओ हो रहे अत्याचार को लेकर पूरे देश मे मंगलवार को हो रहे आन्दोलन के चलते फिरोजाबाद में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ने संयुक्त रूप से मो0 यूनुस का पुतला दहन फूंका और जमकर नारेबाजी की बंगला देश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस की सरकार में हिन्दुओ पर किये जा रहे , अत्याचार विरोध में मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद और



बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से एकत्रित होकर फिरोजाबाद क्लब चौराहे पर बंगला देश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कन्नौजः डीजल मिलने की संभावना पर खुदाई शुरू, एसडीएम ने बताया अफवाह

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

तिर्वा। कोतवाली क्षेत्र के बहसार गांव में जमीन के नीचे तेल और डीजल होने के दावे के बाद खुदाई का काम शुरू हो गया है। मंगलवार सुबह एक टीम ने गांव पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया। हालांकि, स्थानीय एसडीएम ने इस घटना को महज एक अफवाह बताया है। जानकारी के अनुसार, एक कार में सवार होकर चार लोग बहसार गांव पहुंचे। उन्होंने खेतों का निरीक्षण किया और गांव निवासी आमीन पुत्र रफुक के गेहूं की खड़ी फसल वाले खेत में चार जगहों पर निशान लगाए। टीम के सदस्यों ने किसानों को बताया कि जमीन के नीचे तेल और डीजल निकलने की संभावना है, जिसके लिए बोरिंग की जाएगी। शुरूआत में किसान आमीन ने खुदाई का विरोध किया। इस पर टीम के सदस्यों ने उन्हें आश्वासन दिया कि यदि खुदाई के बाद कोई खनिज पदार्थ निकलता है, तो किसान को उसकी फसल और खेत दोनों का उचित मुआवजा दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद किसान ने खुदाई की अनुमति दे दी। किसानों की सहमति मिलने के बाद, टीम ने मजदूरों को लगाकर बोरिंग के लिए खुदाई शुरू करा दी। इस पूरे मामले पर जब स्थानीय प्रशासन से संपर्क किया गया, तो एसडीएम ने इसे महज एक अफवाह बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई आधिकारिक जानकारी या पुष्टि नहीं है।

## कन्नौजः राहुल गांधी किसी काम के नहीं, इसलिए शादी तक नहीं हुई

भाजपा विधायक कैलाश राजपूत बोले राहुल-अखिलेश झूठ के सहारे चुनाव जीतना चाहते हैं

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने राहुल गांधी को लेकर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी किसी काम के नहीं हैं, इसीलिए उनकी शादी भी नहीं हुई। विधायक ने आरोप लगाया कि राहुल और अखिलेश झूठ के सहारे चुनाव जीतना चाहते हैं, लेकिन जनता उन्हें जवाब दे देती है। तिर्वा से भाजपा विधायक कैलाश राजपूत मंगलवार को कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित किसान सम्मान समारोह में अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे। यह कार्यक्रम किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान एक सवाल के जवाब में विधायक राजपूत ने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव "वोट चोर-गद्दी छोड़" का नारा देते हैं, जिसका जवाब बिहार की जनता ने उन्हें दे दिया था। उन्होंने कहा कि ये नेता हर बार झूठ और भ्रम फैलाकर चुनाव जीतना चाहते हैं, लेकिन जनता समझदार है और उनकी हकीकत जानती है। विधायक कैलाश राजपूत ने लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि राहुल और अखिलेश ने संविधान के खतरे में होने का भ्रम फैलाया था। परिणाम यह हुआ कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा की सीटें भाजपा से अधिक आ गईं, लेकिन कुछ ही समय में जनता को इस झूठे प्रचार की हकीकत समझ में आ गई। उन्होंने दावा किया कि इस बार के चुनाव में भाजपा के तीन हिस्से ज्यादा विधायक जीतेंगे, जिसे कोई नहीं रोक सकता।

# युवती फांसी पर झूली, मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड नंबर चार, जोधा सिंह नगर सलवन में एक नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। मनीष कुमार पुत्र कैलाश निवासी जोधा सिंह नगर सलवन की शादी हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार अप्रैल 2025 में किशनपुर चिरई निवासी लक्ष्मी देवी के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ दिनों तक दांपत्य जीवन सामान्य रहा लेकिन मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी में हैसियत के अनुसार दान-दहेज देने के बावजूद सोना-चांदी की मांग को लेकर पति मनीष कुमार, ससुर कैलाश, सास तथा देवर द्वारा लक्ष्मी देवी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों का यह भी कहना है कि मृतका ने इस प्रताड़ना की जानकारी अपने पिता को फोन के माध्यम से दी थी। वहीं ग्रामीणों के अनुसार घटना से दो-तीन दिन पूर्व मृतका की अपने पति से फोन पर कहासुनी हुई थी। इसी से आहत होकर लक्ष्मी देवी अपने कमरे में गई और कुंडे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि मृतका का पति मनीष कुमार रोजी-रोटी कमाने के लिए गाजियाबाद में रहकर काम करता है। इस संबंध में क्राइम इंस्पेक्टर श्यामसुंदर गिरी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# राजस्व निरीक्षकों की समस्याओं को लेकर संघ ने सौंपा ज्ञापन

### स्थाईकरण, एसीपी, वेतन व भविष्य निधि समेत सात मांगों पर कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**

फतेहपुर उत्तरप्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ जनपद फतेहपुर के पदाधिकारियों ने राजस्व निरीक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर बैठक की। संघ अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह और मंत्री चन्द्रभूषण तिवारी के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। संघ अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संघ की बैठक में राजस्व निरीक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई थी। उसी के क्रम में सात सूत्रीय मांग पत्र प्रशासन को सौंपा गया है।

संघ अध्यक्ष ने मांग की कि जनपद में कार्यरत वे राजस्व निरीक्षक, जिन्होंने दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली है, उनका शीघ्र स्थाईकरण किया जाए। साथ ही निर्धारित समय पर एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) का लाभ भी सुनिश्चित कराया जाए, भविष्य निधि पासबुकों के आधुनिकीकरण, समय पर सत्यापन और भविष्य निधि खाते से अग्रिम भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।

साथ ही राजस्व निरीक्षकों का वेतन हर माह की पहली तारीख को दिए जाने, चिकित्सीय व्यय प्रतिपूर्ति और चिकित्सीय अवकाश के वेतन भुगतान को समयबद्ध कराने की मांग रखी गई। इसके अलावा एक विशेष प्रकरण में शिवसागर पाण्डेय के स्थान पर उमादत्त तिवारी को संबद्ध किए जाने की भी मांग शामिल है। संघ अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि आम सभा के निर्णय के अनुसार यदि 15 दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो संघ आगे की रणनीति पर विचार करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन समस्याओं का शीघ्र समाधान करेगा।

# जिलाधिकारी ने नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद जिलाधिकारी रमेश रंजन ने नगर आयुक्त गुंजन द्विवेदी और मेयर कामिनी राठौर के साथ नगर निगम द्वारा कराए जा रहें, विभिन्न निमार्णाधीन कार्यों और परियोजनाओं का निरीक्षण किया, इस निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि अगले साल सभी प्रोजेक्ट पूरे करा लिए जाएं, हमारा प्रयास है कि शहरी क्षेत्र में एक बेहतर आधारभूत संरचना विकसित हो, जिससे नागरिकों को जिन असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, उससे उन्हें राहत मिल सके, हमारा प्रयास है कि नगर निगम में हम सामान्य वर्ग के व्यक्तियों के लिए मैरिज हॉल, मीटिंग हॉल या अन्य सुविधाजनक चीजों का विकास करें, जिससे उनके जीवन में गुणात्मक बदलाव हो सके। हमारा प्रयास है कि हमारा शहर साफ-स्वच्छ और जाममुक्त हो, इस क्रम में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम मुख्य मंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत कम्युनिटी सेंटर, बहुउद्देशीय हॉल का निरीक्षण किया, यह बहु उद्देशीय हाल मै0 स्वरूप कंस्ट्रक्शन द्वारा 977.73 लाख की लागत से निर्मित किया जा रहा है, यह कार्य 2 जुलाई 2025 को प्रारंभ हुआ था, जिसे 1 जुलाई 2026 तक पूरा होना है, जिलाधिकारी ने कहा कि इसके निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने निर्माण में प्रयुक्त हो रही ईंट, सीमेंट व मोरम की गुणवत्ता को भी देखा, जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रोजेक्ट शहर के लिए मील का पत्थर साबित होगा, इसलिए उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि कार्य अपने निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा हो, ताकि जनता का इसका लाभ मिल सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने पास ही बना रहे 1.24 किलोमीटर



लम्बाई की स्मार्ट रोड का भी निरीक्षण किया, जहां पर जिलाधिकारी ने सड़क को खुदवाकर वहां पर लगे हुए टाइल्स की गुणवत्ता को देखा, जहां पर गुणवत्ता ठीक पाई गई, परंतु उन्होंने स्मार्ट रोड की धीमी प्रगति पर नाराजगी दिखाई, उन्होंने कहा कि इसे शीघ्र पूरा करें, इसमें विलंब नहीं होना चाहिए।

इसके बाद जिलाधिकारी राज्य सिटी स्मार्ट योजान्तर्गत जलकल कार्यालय रसूलपूर रोड पर जोनल कार्यालय का भी निरीक्षण करने गए, जो 941.18 लाख की लागत से निर्मित किया जा रहा है, जिसे 5 नवंबर 2026 तक पूरा किया जाना है, जिलाधिकारी ने यहां नगर आयुक्त और मेयर के साथ निरीक्षण कर कार्यदायीं संस्था को निर्देशित किया कि यहां चल रहे कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करें, साथ ही उन्होंने कहा कि यहां पर जो भी कमरे निर्मित किए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता और उपयोगिता का ध्यान अवश्य रखा जाए। इसके बाद उन्होंने जलेसर रोड चौराहे पर सी0एम0 ग्रेड प्रोजेक्ट फेस-2 के अंतर्गत 26 करोड़ की लागत से चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया, जिलाधिकारी को बताया गया कि यहां पर केबल के संपूर्ण तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा, फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा, जबकि चौराहे का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, यह संपूर्ण कार्य 15 माह में पूरा किया जाना है, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यह संपूर्ण कार्य 15 माह तक अवश्य हो जाना चाहिए। इसके बाद जिलाधिकारी बस स्टैंड पर 1549.36 लाख की लागत से बन रहे वर्किंग वूमेन हॉस्टल और 1178.55 लाख की लागत से बन रहे टाउन हॉल का भी निरीक्षण करने गए, उन्होंने कहा कि इन दोनों महत्वपूर्ण निमार्णाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा करें, जिससे इसकी उपयोगिता और उद्देश्य को पूरा किया जा सके। तत्पश्चात जिलाधिकारी राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत बन रहे अर्बन प्लाजा का भी निरीक्षण करने गए, यह संपूर्ण अर्बन प्लाजा 7710 वर्ग मीटर में बन रहा है, जबकि यहां पर 2313 वर्ग मीटर का पार्किंग स्थल दिया गया है, यह संपूर्ण कार्य 1 जुलाई 2026 तक पूरा होना है, जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर मजदूरों की संख्या बढ़ाए, साथ ही साथ कार्य में गुणवत्ता प्रदर्शित हो, यह अर्बन प्लाजा सोलर प्लांट से संचालित होगा, जिलाधिकारी ने कहा कि अन्य कार्यालयों में भी सोलर प्लांट लगाने का कार्य हो। यह संपूर्ण कार्य 1035.10 लाख की लागत से कराया जा रहा है, इसकी कार्यदायी संस्था सी0एन0डी0एस0 है, इस अर्बन प्लाजा में रेनवाटर हार्वेस्टिंग भी लगा होगा, जिससे वर्षा का जल संचयन हो सकेगा, भ्रमण के दौरान अपर नगर आयुक्त अब्बास हसन नकवी उपस्थित रहें।

## चलती यात्री बस में लगी भीषण आग, 42 यात्रियों की जान बची

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मची अफरा-तफरी, बच्चे-महिलाएं सुरक्षित बाहर निकाले गए!

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दिनांक 23 दिसंबर 2025 को करीब 3:00 बजे एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 76.300 पर चलती यात्री बस के टायर में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। बस में आग लगते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन चालक और परिचालक की सूझबूझ से सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार बस संख्या 8122 अजमेर से नेपाल जा रही थी। बस में कुल 42 सवारियां मौजूद थीं, जिनमें 12 बच्चे शामिल थे। गनीमत रही कि किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई और सभी लोग पूरी तरह





सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही एक्सप्रेसवे की रेस्क्यू टीम और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाए जाने के बाद स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। अधिकारियों ने बताया कि घटना के कारण यातायात पर कोई असर नहीं पड़ा और एक्सप्रेसवे पर आवागमन सामान्य बना रहा। बस के चालक की पहचान चुन्नू मिश्रा पुत्र गंगा मिश्रा, निवासी वीरगंज (नेपाल) के रूप में हुई है, जबकि सहायक चालक मुन्ना श्रीवास्तव बताए गए हैं। बस ठेकेदार का नाम भोला अंसारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले बस के पिछले हिस्से से धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद टायर में आग लग गई। चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतार दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रशासन की ओर से घटना की जांच की जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी या टायर फटने के कारण। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था के तहत आगे की यात्रा के लिए रवाना करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## सपा ने मनाया किसानों के मसीहा का 123 वां जन्म दिवस!

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! समाजवादी पार्टी कार्यालय पर किसानों के मसीहा चौ.चरण सिंह 123 बी जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाअध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने की जिला अध्यक्ष बोलते हुए कहा चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे और उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए किसानों के लिए ऐसे अनेकों कार्य किये वो किसानों के नेता माने जाते रहे हैं। उनके द्वारा तैयार किया गया जमींदारी उन्मूलन विधेयक राज्य के कल्याणकारी सिद्धांत पर आधारित था। एक जुलाई 1952 को यूपी में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को अधिकार मिला। उन्होंने लेखपाल के पद का सृजन भी किया।



पूर्व विधायक रामवीर सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा मुख्य रूप से भूमि और कृषि सुधार पहलों के लिए जाने जाते थे और बागपत से सांसद थे। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में वे जनता पार्टी (धर्मनिरपेक्ष) के सदस्य थे। उन्होंने भारतीय क्रांति दल के सदस्य के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। जयंती में मौजूद पूर्व विधायक रमेश चंद चंचल पूर्व विधायक अजीम भाई मीना राजपूत रामसेवक यादव श्याम पाल सिंह अशोक यादव चरण सिंह विनोद गौतम जमुना कठेरिया वीर सिंह प्रधान नीरज यादव कमलेश यादव राजकुमार राठौर टीटू प्रधान दिलीप यादव नरेश शंखवार रुमा यादव बंटू कठेरिया उमाशंकर यादव गौरव यादव प्रदीप यादव गुड्डू संजीव यादव आदि लोग मौजूद थे

# ज्वैलर्स की दुकान से लाखों की चोरी , तिजोरी सहित आभूषण ले उड़े चोर

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! थाना रजावली क्षेत्र के कस्बा नगलाबीच में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने एक ज्वैलर्स की दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिये हैरानी की बात यह रही कि दुकान का शटर और ताला पूरी तरह सुरक्षित मिला, जबकि चोर पूरा शटर ही उखाड़कर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। ग्राम रतिगढ़ी निवासी हर्ष उर्फ रिकू तोमर पुत्र रविन्द्र सिंह की सब्जी मंडी नगलाबीच में श्री जी ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। हर्ष तोमर सोमवार शाम को रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान की स्थिति संदिग्ध देखी तो उन्हें चोरी की सूचना दी गई। दुकान पहुंचने पर उन्होंने देखा कि शटर का ताला ज्यों का त्यों लगा हुआ था, लेकिन शटर को लकड़ी की एक मजबूत बल्ली की



मदद से नालियों से निकाल दिया गया था। चोर दुकान के अंदर रखी करीब डेढ़ कुंतल वजनी तिजोरी को भी उठाकर ले गए, जिसमें सोने-चांदी के बहुमूल्य आभूषण रखे हुए थे। तिजोरी के वजन और तरीके से चोरी को अंजाम दिए जाने से अंदाजा लगाया जा रहा है कि वारदात में कई चोर शामिल रहे होंगे और किसी बड़ी गाड़ी का इस्तेमाल किया गया होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में रात के समय पुलिस गश्त होती रहती है, इसके बावजूद इतनी बड़ी चोरी की घटना से लोगों में दहशत है। साथ ही बताया गया कि पिछले करीब तीन दिनों से रात में बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने पूरी योजना के साथ वारदात को अंजाम दिया।

घटना को लेकर व्यापारियों और स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की है। खबर लिखे जाने तक पीड़ित की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी। तहरीर मिलने पर पुलिस जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

# कन्नौजः चौधरी चरण सिंह जयंती पर किसान मेले में 72 किसानो का हुआ सम्मान

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व० चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित अटल स्मृति पार्क में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया द्वारा संयुक्त रूप से चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाएं गये स्टॉलो का निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान पशुपालन के तहत आत्मा योजनान्तर्गत पशु पालकों को प्रथम पुरस्कार धनराशि-7000 प्रति कृषक, के कुल 04 पशु पालक व द्वितीय पुरस्कार हेतु धनराशि 5000 प्रति कृषक, के कुल 04 पशु पालक एवं खण्ड विकास स्तर पर 2000 प्रति कृषक, के कुल 08 पशु पालकों, तथा जनपद स्तर पर सर्वाधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले प्रथम पुरस्कार धनराशि-7000 प्रति कृषक, के कुल 04 कृषक व द्वितीय पुरस्कार धनराशि-5000 प्रति कृषक, के कुल 04 किसानो एवं ब्लाक स्तर पर धनराशि 2000 प्रति कृषक, के कुल 08 किसानो को पुरुस्कार व प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार मत्स्य विभाग द्वारा जनपद स्तर पर प्रथम 04, द्वितीय 04 एवं ब्लाक स्तर पर 08 लाभार्थी, एवं उद्यान विभाग द्वारा औद्योगिक उत्पादन हेतु प्रथम 04 कृषक, द्वितीय 04 कृषक एवं ब्लाक स्तर पर 08 लाभार्थियों को शाल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उद्योग विभाग की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि स्व० चौधरी चरण सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन किसानों के उत्थान के लिए समर्पित किया है। उनके योगदान को स्मरण करते हुए प्रत्येक वर्ष किसान सम्मान दिवस मनाया जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्व० चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर आभार व्यक्त किया तथा कहा कि वर्तमान केन्द्र एवं प्रदेश सरकार किसानों, गरीबों और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण हेतु निरन्तर कार्य कर रही है। वर्ष 2017 में जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी जी बने है तब से




उत्तर प्रदेश को विकास के पथ लाने का कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में अब उत्तर प्रदेश भारत का प्रथम विकसित प्रदेश बन गया है। उन्होने गुंडाराज को जड़ से खत्म करने का भी कार्य अच्छे से किया है। उन्होने कहा कि जब हम भारत की आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर जश्न मना रहे होगें, उस समय भारत दुनिया का प्रथम विकसित देश बन चुका होगा।जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि किसान सम्मान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, ट्रैक्टर, ड्रोन, सोलर पंप, उन्नत बीज, दवाइयों एवं नवीन तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, खेत तालाब योजना, फसली ऋण वितरण आदि का अधिक से अधिक लाभ लें। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता किया जा रहा है। अब योजनाओं का लाभ आनलाइन पोर्टल, डीबीटी एवं खुले तौर पर ई-लॉटरी के माध्यम से दिया जा रहा है। जागरूकता एवं सहभागिता से ही जनपद का सर्वांगीण विकास संभव है। प्रदेश सरकार किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेहतर कार्य कर रही हैं, जिससे आप लोगो को उपज का वाजिब मूल्य मिल रहा हैं। गॉव में किस तरीके से डेवलपमेन्ट हो रहा है, इसकों ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से देखा जा सकता है। अब सभी का कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ कियें जा रहें हैं। हमें दृढ़ संकल्पित होना होना चाहिए कि हम जागरूक रहेंगे, होगें तों निश्चित रूप से गांव का विकास होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह ने किसानो के हित में अनेक कार्य किये हैं। उन्होने पटवारी व्यवस्था खत्म कर लेखपाल व्यवस्था लागू की। उन्होने जो चिराग देने का कार्य किया है, वह निरन्तर यूं ही जलता रहेगा। मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने कहा कि स्व० चौधरी चरण सिंह किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु सदैव अग्रणी रहे। वर्तमान सरकार किसानों की आय वृद्धि, उत्पादन बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही है। उन्नत एवं शोधित बीजों के प्रयोग से उत्पादन में निश्चित रूप से वृद्धि होगी।

उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने स्व० चौधरी चरण सिंह के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऋण मोचन योजना के अन्तर्गत 63,963 कृषकों का 386.11 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया गया है। पीएम-कुसुम योजना के अन्तर्गत 541 सोलर पंप स्थापित किए गए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पिछले 7 वर्षों में 48,975 कृषकों को 16.33 करोड़ रुपये का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 2,95,302 कृषकों को अब तक 950.68 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से प्रदान किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त खेत तालाब योजना, पं० दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, कृषि यंत्र वितरण, निःशुल्क बीज मिनीकिट, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, फसली ऋण वितरण, एग्रीजंक्शन योजना, कृषक उत्पादक संगठन, किसान पाठशाला, मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम, डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, कृषि कल्याण केन्द्रों की स्थापना तथा नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत जैविक खेती जैसे कार्यक्रमों की प्रगति से कृषकों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उन्नत बीज, कीट प्रबंधन, सिंचाई, जोताई, रोपाई एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी भी प्रदान की गई। किसान सम्मान दिवस-2025 का आयोजन किसानों के सम्मान, जागरूकता एवं समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारीगण, प्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## अभियान बसेरा के तहत महादलित भूमिहीन 16 परिवारों को बासगीत पर्चा वितरण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज डेरामारी के महादलित टोला में महादलित गरीब भूमिहीन कुल 16 परिवारों को बिहार सरकार के अभियान बसेरा के तहत बासगीत बंदोबस्त पर्चा वितरण किया गया। बासगीत बंदोबस्त पर्चा राजस्व कर्मचारी एवं पंचायत के मुखिया शाहबाज आलम के उपस्थिति में वितरण किया गया। इस अवसर पर सहिमुद्दीन,बाटुल शर्मा, सोयेब आलम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



## कुर्लिकोट थाना की बड़ी कार्रवाई: 1124 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज जिले के कुर्लिकोट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 1124.250 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान शराब तस्करी में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन को भी जब्त किया गया है। पुलिस ने मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि यह कार्रवाई सघन वाहन जांच के दौरान की गई। बरामद शराब को अवैध रूप से बिहार में खपाने की तैयारी थी। कुर्लिकोट थाना पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



## पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निर्देशन एवं नेतृत्व में वाहन चोरी की घटनाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पाठामारी थाना कांड सं. 41/25, दिनांक 19.12.2025, धारा 303 (2) बी.एन.एस. के अंतर्गत दर्ज कांड का सफल उद्भेदन किया गया है।



उक्त कांड में दिनांक 19.12.2025 को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर, पोठिया थानाध्यक्ष के सहयोग से अभियुक्त जहीदुल रहमान उर्फ रहीम जमाल, पिता-अब्दुल लतीफ, साकिन सेठाबारी, थाना पोठिया, जिला- किशनगंज के आवास से कांड में चोरी गई मोटरसाइकिल BR37AL4958 को विधिवत बरामद किया गया था। उक्त अभियुक्त गिरफ्तारी की आशंका से फरार चल रहा था।घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चोर गिरोह की गिरफ्तारी हेतु एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा निरंतर गुप्तचर संपर्क एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए कांड के फरार अभियुक्त जहीदुल रहमान उर्फ रहीम जमाल एवं तबीरूद्दीन उर्फ तपीरूद्दीन, उम्र 37 वर्ष, पिता- स्व० जमरूद्दीन, दोनों साकिन सेठाबारी, थाना पोठिया, जिला किशनगंज को नूरी चौक के समीप से चोरी की मोटरसाइकिल BR37K0126 के साथ विधिवत गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर अब्दुल साकिर, पिता अब्दुल गनी, साकिन- चरली डिमहॉट, थाना-गलगलिया, जिला- किशनगंज को भोगडाबर से एक पल्सर मोटरसाइकिल रजि० सं० BR37AK8692 के साथ विधिवत गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात तीनों अभियुक्तों की निशानदेही पर माटीकुरा से अब्दुल सतार, उम्र 28 वर्ष, पिता मो० सुलेमान, साकिन- सिंगवा, थाना भरगावा, जिला- अररिया को किराए के मकान से बिना नंबर प्लेट की अपाची मोटरसाइकिल (चेचिस सं० MD634BE47L2K00299, इंजन सं० BE4KL2400282) के साथ विधिवत गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई के क्रम में कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है तथा चार चोरी की मोटरसाइकिलों की बरामदगी की गई है।पकड़ाए अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है। कांड में पर्याप्त अभियोजन साक्ष्य संकलित करते हुए शीघ्र आरोप पत्र समर्पित करने का निर्देश अनुसंधानकर्ता को दिया गया है। कांड का अनुसंधान जारी है।

## दो दिवसीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का किया गया शुभारंभ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज संयुक्त कृषि भवन के प्रागंण में 23 दिसंबर को दो दिवसीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। किसान मेला -सह-प्रदशनीं कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद डॉ मोहम्मद जावेद आजाद एवं सदर विधायक, कमरूल हुदा के द्वारा सयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक शष्य, पूर्णियाँ प्रमंडल पूर्णियाँ मनोज कुमार भी सम्मलित हुए। किसान मेला-सह-प्रदशर्नी में विभिन्न प्रादर्श एवं उत्पादों का प्रदशर्नी लगाया गया है। साथ ही किशनगंज जिला के विभिन्न कृषि यंत्र विक्रेताओं द्वारा स्टॉल लगाया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र यथा थ्रेसर, रिपर, मोटर, पावर स्प्रेयर सहित छोटे-बड़े कृषि यंत्रों का प्रदर्शनी लगाया है। किसान मेला-सह-प्रदर्शनी में कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभाग यथा उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, गव्य विभाग, जीविका समूह, कृषि विज्ञान केन्द्र किशनगंज एवं अन्य विभाग सहित विभिन्न एफपीओ (कृषक समूह) द्वारा भी स्टॉल लगाकर विभिन्न प्रकार के फलो एवं फूलो का प्रार्दश लगाया गया है तथा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी स्टॉल में किसानों को दिया जा रहा है। प्रभात कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि यह मेला-सह-प्रदशर्नी कार्यक्रम दिनांक 23 दिसम्बर 2025 एवं 24 दिसम्बर 2025 को दो दिनों तक चलेगा, जिसमें किसान भाग लेकर तकनीकी जानकारी के साथ-साथ कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। उनके द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को उद्यानिक फसलों की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को विधायक एवं सांसद तथा संयुक्त निदेशक के द्वारा भी संबोधित करते हुए किसानो को कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने एवं उन्नत खेती कर आमदनी बढ़ाने की जानकारी दिया गया। वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र तथा मो. मिराज, सहायक निदेशक (शष्य) द्वारा भी उपस्थित किसानों को तकनीकी जानकारी दिया गया। सांसद एवं विधायक तथा संयुक्त निदेशक शष्य, पूर्णियाँ प्रमंडल पूर्णियाँ सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि द्वारा सभी स्टॉल का निरीक्षण किया गया। मेला में विभिन्न प्रखंडों से आए सैकड़ों किसान एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि सहित कृषि विभाग के सभी सहायक निदेशक, उप परियोजना निदेशक आत्मा, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं सभी क्षेत्रीय कर्मी यथा लेखापाल, किसान सलाहकार, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।



## भेलाटोपी गाँव के चाय बागान क्षेत्र में तेंदुए की सक्रियता को लेकर वन विभाग की सतर्कता एवं जागरूकता की अपील

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

ठाकुरगंज प्रखंड के भेलाटोपी गाँव, बेसरबाटी पंचायत अंतर्गत चाय बागान क्षेत्र में विगत कुछ दिनों से तेंदुए की नियमित आवाजाही एवं दिखाई देने की सूचनाएँ प्राप्त हो रही हैं। वन विभाग द्वारा की गई स्थानीय पूछताछ, फील्ड विजिट एवं सूचना संकलन के दौरान उक्त क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि हुई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन परिक्षेत्र पदाधिकारी (Range Office), वन विभाग एवं उनकी टीम द्वारा क्षेत्र में सतत निगरानी की जा रही है। साथ ही ग्रामीणों, चाय बागान कर्मियों एवं आसपास के निवासियों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत तेंदुए के व्यवहार, संभावित जोखिम तथा मानवझवन्यजीव संघर्ष से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जा रही है।





**क्या करें—**

अंधेरा होने के बाद अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें तथा संभव हो तो 2-4 लोगों के समूह में आवागमन करें।
बाहर निकलते समय टॉर्च एवं डंडा साथ रखें।
बच्चों एवं बुजुर्गों को अकेले बाहर न भेजें तथा बच्चों पर सतत निगरानी रखें।
घर एवं आसपास की झाड़ियों को साफ रखें।
पालतू पशुओं को सुरक्षित स्थान पर बाँधकर रखें।
तेंदुआ दिखाई देने पर घबराएँ नहीं, धीरे-धीरे पीछे हटें, अचानक पीठ करके न भागें तथा उसे जंगल की ओर सुरक्षित जाने का रास्ता दें।
ग्रामीण आपस में समन्वय बनाए रखें एवं सतर्क रहें।

**क्या न करें—**

तेंदुए पर तीर, गोली, पत्थर, माला, पत्यार अथवा किसी भी प्रकार की वस्तु न फेंकें।
तेंदुए को घेरने, पकड़ने अथवा उसे नुकसान पहुँचाने का प्रयास न करें।
तेंदुए के पास जाकर फोटो या वीडियो बनाने का प्रयास न करें।तेंदुए को डराने, उकसाने या उसके पीछे दौड़ने की कोशिश न करें।बच्चों को अकेला बाहर न छोड़ें एवं झाड़ियों में शौच के लिए न जाएँ।
गंदगी न फैलाएँ, कचरा इधर-उधर न फेंकें, जिससे आवारा कुत्ते आकर्षित हों और उनके पीछे तेंदुए की आवाजाही बढ़े।किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएँ।
किसी भी आपात स्थिति अथवा तेंदुए की उपस्थिति की सूचना तत्काल वन विभाग (मोबाइलः 8969667587) अथवा पुलिस (डायल 112) को दें।

वन विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि तेंदुआ एक संरक्षित वन्यजीव है तथा सामान्यतः उसका उद्देश्य मानव को नुकसान पहुँचाना नहीं होता। विभाग द्वारा स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है तथा आवश्यकता पड़ने पर सभी आवश्यक प्रबंधनात्मक एवं सुरक्षात्मक कदम त्वरित रूप से उठाए जाएंगे।

## टैलेंट : डॉ. कलाम एग्रीकल्चरल कॉलेज की आठ स्टूडेंटस चयनित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

किशनगंज । डॉ. कलाम एग्रीकल्चरल कॉलेज (डीकेऐसी) के बैच 2024-25 के आठ स्टूडेंट्स (चैत्री, कोमल कुमारी, प्रशांत कुमार, चंदन कुमार, सुरुचि कुमारी, शाहिस्ता परवीन, सपना सागर और प्रियांशु प्रिया) को हैदराबाद के कान्हा शांति वनम में होने वाले मास मेडिटेशन इवेंट के लिए चुना गया। इसके बाद, डीकेऐसी के सम्मानित एसोसिएट डीन-कम-प्रिंसिपल, डॉ. के. सत्यनारायण ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश की कि सभी चुने हुए स्टूडेंट्स जाएं और इस सुनहरे मौके का पूरा फायदा उठाएं । यह मेडिटेशन इवेंट हार्टफुलनेस एन जी ओ द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो एक इंटरनेशनल एन जी ओ है जो अपने प्रैक्टिशनर्स के बीच मेडिटेशन को पॉपुलर बनाने के लिए काम करता है । इस ठग्र्ह्र की 160 देशों में मौजूदगी है और इसके 16 हजार एक्टिव ट्रेनर हैं। यह डीकेऐसी के स्टूडेंट्स के लिए सच में गर्व का पल है, क्योंकि इसके आठ टैलेंटेड स्टूडेंट्स को 25/12/2025 से 28/12/2025 तक हैदराबाद के कान्हा शांति वनम में तीन दिनों के लिए मेडिटेशन सीखने और मेडिटेशन के महत्व को समझने के लिए चुना गया है ।



## औरंगाबाद में जिला दंडाधिकारी ने ठंड और शीतलहर के मद्देनजर स्कूलों में छुट्टी और समय में किया बदलाव

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)औरंगाबाद जिले में लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला दंडाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बड़ा फैसला लिया है। जिले के सभी निजी और सरकारी स्कूलों, प्री-स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में आठवीं तक की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां 23 दिसंबर से 24 दिसंबर तक पूरी तरह से स्थगित रहेंगी। वहीं नौवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियां केवल पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:30 बजे तक ही संचालित रहेंगी। परीक्षा हेतु संचालित विशेष कक्षाओं का संचालन इस आदेश से मुक्त रहेगा । जिला प्रशासन ठंड और मौसम की स्थिति की निरंतर समीक्षा कर रहा है और परिस्थिति के अनुसार आवश्यक अग्रेतर निर्णय लिया जाएगा। जिला दंडाधिकारी की आदेश की प्रतिलिपि आवश्यक करवाई एवं अनुपालन के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,सहित शिक्षा विभाग पुलिस अधीक्षक और जिले के वरीय अधिकारियों को भी दी गई है।



## नबीनगर में निजी शिक्षण संस्थाएं नहीं मानते जिलाधिकारी का आदेश

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)औरंगाबाद के जिलाधिकारी ने बढ़ते ठंड और कोहरे के कारण कक्षा 1 से 8 तक सभी निजी और सरकारी विद्यालयों सहित आंगन बाड़ी केंद्रों को 24 दिसंबर तक बंद रखने का सख्त आदेश दिया है, जबकि कक्षा 9 से ऊपरी विद्यालयों को 11 से 3.30 बजे तक संचालित करने का आदेश है। लेकिन नबीनगर में कई निजी शिक्षण संस्थानों में सुबह में शैक्षणिक गतिविधियां देखी गई हैं, और बच्चे बस्ता लिए सड़क पर आते जाते देखे गए हैं।वहीं एनटीपीसी स्थित श्री श्री अकादमी की स्कूली बस सुबह नबीनगर से छोटे छोट बच्चों को लेकर जाती हुई देखी गई। जिससे स्पष्ट होता है कि जिला दंडाधिकारी की आदेश की अवहेलना कर विद्यालय संचालित की गई।इससे स्पष्ट होता है कि इन संस्थानों को प्रशासन का भय नहीं है और न ही शिक्षा विभाग और प्रशासन द्वारा इनकी निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी के आदेश की प्रति सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, ,शिक्षा विभाग,जिले के एसपी, और मीडिया कर्मियों सहित जिले के वरीय अधिकारियों को भी दी गई है, लेकिन इसका पालन नबीनगर में होता नहीं दिखाई दे रहा है।




## पटना में रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मसौढ़ी प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी राजा कुमार को निगरानी विभाग की टीम ने एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व से जुड़े एक मामले में आवेदक से काम कराने के बदले आरोपी कर्मचारी द्वारा एक लाख रुपये की मांग की जा रही थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत निगरानी विभाग से की। जिसके बाद विभाग ने पूरी योजना के तहत कार्रवाई करते हुए मसौढ़ी अंचल कार्यालय में जाल बिछाया। शिकायतकर्ता जैसे ही तय राशि राजा कुमार को सौंपा। मौके पर मौजूद निगरानी विभाग की टीम ने उसे रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।




## पटना के पालीगंज में हुई बीडीसी की बैठक

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज प्रखंड मुख्यालय में बीडीसी (ब्लॉक डेवलपमेंट कमेटी) की एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया। बैठक में स्थानीय बिधायक डॉं. संदीप सौरभ, प्रखण्ड प्रमुख, कई विभागों के पदाधिकारी, पंचायतों के मुखियागण और पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान प्रखंड के अलग अलग विभागों में फैली अनियमितताओं और खुले भ्रष्टाचार पर गंभीर चर्चा हुई। अंचल कार्यालय में भूमि से जुड़े कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर खास तौर पर सवाल उठाए गए और इसे खत्म करने के लिए अंचलाधिकारी को तीन ठोस निर्देश दिए गए अंचल कार्यालय से सभी बिचौलियों को पूरी तरह हटाने, भूमि संबंधी कार्यों के लिए नियम प्रक्रिया का स्पष्ट बोर्ड कार्यालय में लगाने तथा राजस्व कर्मचारियों का रोस्टर बनाकर नियमित रूप से बैठना सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर अंचल की ओर से शिविर लगाकर जमीन से जुड़े मामलों का त्वरित और पारदर्शी निष्पादन कराने पर भी सहमति बनी। पेंशन सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और प्रखंड के विभिन्न विभागों के कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और आम जनता की सुगमता सुनिश्चित करने को लेकर भी विस्तार से बातचीत हुई।



## पटना में नितिन नवीन का भव्य रोड शो का हुआ आयोजन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन पहली बार दो दिवसीय दौरे पर राजधानी पटना पहुंचे। उनके स्वागत में आयोजित भव्य रोड शो ने पटना की सड़कों को रंग-बिरंगा बना दिया। जो भाजपा के संगठनात्मक उत्साह और शक्ति का भी प्रदर्शन बन गया। दिल्ली से पटना पहुंचते ही नितिन नवीन का पटना एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने स्वयं उनकी अगवानी की। एयरपोर्ट परिसर और आसपास के इलाकों को फूलों और पार्टी झंडों से सजाया गया था। स्वागत की भव्यता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जेसीबी मशीनों से नितिन नवीन पर फूलों की बारिश की गई। इस दौरान समर्थकों के नारे और ढोल-नगाड़ों की आवाज पूरे इलाके में गूंजती रही। एयरपोर्ट से निकलकर नितिन नवीन का रोड शो शुरू हुआ, जो लगभग छह किलोमीटर तक चलकर मिलर हाई स्कूल मैदान में आकर समाप्त हुआ। पूरे रास्ते में 50 से अधिक स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां अलग-अलग स्थानों पर कार्यकताओं ने उनका अभिनंदन किया। सड़क के दोनों ओर खड़े लोग फूल बरसाते और हाथ हिलाकर स्वागत करते नजर आए। इस दौरान पटना के कई इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ और एयरपोर्ट क्षेत्र में लगभग एक किलोमीटर लंबा जाम भी लग गया। रोड शो में भाजपा के वरिष्ठ नेताओ, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा और प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की मौजूदगी ने इस आयोजन को और खास बना दिया। रोड शो में बिहार की संस्कृति की झलक भी साफ दिखी। स्वागत के लिए हाथी, ऊंट और घोड़े की व्यवस्था की गई थी, जिसने पूरे माहौल को पारंपरिक रंग दे दिया। भोजपुरी गानों की धुनों पर महिलाएं झूमती और नाचती नजर आईं। खासतौर पर ङ्कजोड़ी मोदी-नीतीश के हिट हो गइलङ्क जैसे गीतों ने माहौल को और जोशीला बना दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि नितिन नवीन को यह पद कोई साधारण सम्मान नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में बिहार भाजपा पूरी ताकत से योगदान देगी। संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।



## पटना जिले के दुल्हिन बाजार स्थित जीएन पुस्तकालय सह संग्रहालय में हुई कार्यकारिणी की बैठक

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार प्रखण्ड क्षेत्र के भरतपुरा गांव स्थित जीएन पुस्तकालय सह संग्रहालय में कईं मुद्दों को लेकर मंगलवार को बैठक की गई। जानकारी के अनुसार बैठक की अध्यक्षता कार्यकारिणी के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉं. श्यामनन्दन शर्मा ने किया। बैठक के दौरान पुस्तकालय सह संग्रहालय को पर्यटन स्थल से जोड़ने, कला संस्कृति व युवा बिभाग से मिलने वाली दो वर्षों से बन्द अनुदान राशि को शुरू कराने, शुरक्षा प्रहरीयों की संख्या में वृद्धि कराने व अनुमंडल के सभी शिक्षण संस्थानों से जोड़ने सम्बन्धी मांगो को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर डॉ श्याम नन्दन शर्मा ने कहा कि यह सर्वे के अनुसार इस पुस्तकालय सह संग्रहालय का स्थान पूरे देश मे सांतवां है। यह पालीगंज अनुमंडल ही नही बल्कि राज्य व देश की धरोहर है। इसके उत्थान के लिए जन प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों व समाज सेवियों से लेकर स्थानीय लोगो की सहयोग व भूमिका जरूरी है। वही सचिव मुकेशधारी सिंह ने बताया कि इस पुस्तकालय की देखरेख तथा रख रखाव के लिए कला संस्कृति तथा युवा बिभाग से अनुदानित राशि उपलब्ध कराई जाती थी। जिसे दो वर्षों से बन्द कर दी गयी जो काफी चिंताजनक है। वही अशोक शर्मा ने कहा कि पहले प्रत्येक माह यहां बैठक आयोजित की जाती थी। जिसके दौरान इसके विकास की मुद्दों को लेकर चचाएं होती थी। बैठक में सभी सदस्य मौजूद होते थे। लेकिन अब हालात ऐसा है कि यहां नियमित रूपवसे प्रति माह बैठक भी आयोजित नही कराई जा रही है। कभी कभी बैठक आयोजित होती भी है तो सदस्यों की उपस्थिति कम होती है। इस संस्था की विकास के लिए नियमित रूप से प्रति माह बैठक कराने तथा सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य करने की मांग किया है। मौके पर संग्रहालय सह पुस्तकालय के सचिव मुकेशधारी सिंह, कार्यकारिणी सदस्य डॉं. श्यामनन्दन शर्मा, अशोक शर्मा, शब्जा शर्मा, सुमेर सिंह, दयानन्द शर्मा, द्विवेदीजी, सौम्या कुमारी, अर्चना कुमारी, भिखारी भगत व जय प्रकाश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## पटना में दिनदहाड़े शिक्षक दंपती से एक लाख की लूट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के बेउर थाना क्षेत्र के अनीसाबाद सूर्य मंदिर के नजदीक स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से रुपये निकालकर घर लौट रहे एक बुजुर्ग शिक्षक और उनकी पत्नी से बदमाशों ने दिनदहाड़े एक लाख रुपये की झपटमारी कर ली। पीड़ित की पहचान ओमप्रकाश के रूप में हुई है, जिनकी उम्र करीब 75 वर्ष बताई जा रही है। वे अपनी पत्नी के साथ अनीसाबाद स्थित एसबीआई बैंक से जरूरी कार्य के लिए एक लाख रुपये निकालने गए थे। बैंक से रुपये निकालकर उन्होंने रकम बैग में रखी और पैदल अपने घर हरनीचक की ओर लौटने लगे। बताया जाता है कि पहले से रेकी कर रहे मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने बैंक से ही दंपती का पीछा करना शुरू कर दिया था। जैसे ही वे कुछ दूर आगे बढ़े, तभी बाइक पर सवार दो बदमाश अचानक पहुंचे और रुपये से भरा बैग झपटकर फरार हो गए। घटना को देखकर आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया। दंपती ने भी मदद के लिए आवाज लगाई, लेकिन बदमाशों के हौसले इतने बुलंद थे कि किसी ने भी उन्हें पकड़ने या पीछा करने की हिम्मत नहीं दिखाई। दिनदहाड़े हुई इस लूट की वारदात से स्थानीय लोग सहमे हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही बेउर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बेउर थाना अध्यक्ष अफसर हुसैन ने बताया कि यह लूट का मामला है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इधर घटना के बाद पीड़ित परिवार में गम और चिंता का माहौल है। परिजनों ने बताया कि यह रकम बेहद जरूरी काम के लिए निकाली गई थी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।



# कड़कड़ाती ठंड में बेघर लोगों का सहारा बना वॉईस ऑफ ह्यूमैनिटी,बाँटे कम्बल

## देर रात तक खुले में सोने वाले लोगो के बीच कम्बल वितरण लगातार जारी

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड) 23 दिसंबर 2025: शहर की सामाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के युवाओ ने शहर में बढ़ती ठंड को देखते हुवे सोमवार को देर रात तक शहर के विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में घूम घूम कर फुटपाथ,बाजार व गलियों में खुले आसमान के नीचे सोने वाले बूढ़े बुजुर्ग व बच्चों को कम्बल ओढ़ा कर राहत पहुंचाने का कार्य किया गया,जिसमे मुख्य रूप से साकची,एग्रिको,गोलमुरी,बारीडीह के क्षेत्रो में टीम ने अभियान को चलाया। संस्थापक हरि सिंह राजपूत ने बताया कि इस अभियान को पिछले 9 सालों से हर ठंड में लगातार चलाया जा रहा ताकि बढ़ती ठंड के वजह से किसी को अपनी जिंदगी न खोना पड़े और खुले में रात गुजारने वाले को राहत मिल सके,कार्यक्रम में शामिल हरि सिंह राजपूत,उमा महेश, विकास, बबलू, आलोक, आशीष, सत्यम,सोहन व अन्य शामिल थे ।

# ईचाडीह में राजनीतिक रंजिश में मारे गए शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**16वीं पुण्यतिथि पर आजसू केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव ने परिजनों से की मुलाकात**

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ : आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो मंगलवार को कुकड़ू प्रखंड के ईचाडीह गांव पहुंचे। यहां उन्होंने 23 दिसंबर 2009 को विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन सरायकेला से कुकड़ू लौटने के दौरान राजनीतिक रंजिश में मारे गए ईचाडीह गांव के कालीपदो कुमार, डॉ. धनंजय कुमार, चित्तरंजन कुमार तथा बांदावीर निवासी रामप्रसाद महतो के परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना।इस अवसर पर चारों दिवंगतों की 16वीं पुण्यतिथि पर उनकी बेदी पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए हरेलाल महतो ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों की भिन्नता स्वाभाविक है, लेकिन मतभेद के कारण मनभेद और हिंसा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने ईचागढ़वासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी नेता या राजनीतिक दल के मतभेद के कारण आपसी सौहार्द बिगाड़ना उचित नहीं है। पार्टी अलग-अलग हो सकती है, लेकिन सभी का साझा लक्ष्य ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास और क्षेत्र की खुशहाली होनी चाहिए। वहीं कार्यक्रम में मौजूद पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को एकजुट होकर प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा।कार्यक्रम में ईचाडीह के ग्राम प्रधान रघुबर कुमार, आजसू पार्टी के कुकड़ू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, डॉ. मनोज कुमार,वार्ड सदस्य सानू कुमार, बबलू महतो, सुनील महतो, मनोज कुमार, विष्णु कुमार, शरत कुमार,समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रीवा राजनिवास गैंगरेप कांड में फैसला, महंत सीताराम सहित 5 को अंतिम सांस तक कैद की सजा

**समाज जागरण**


रीवा। रीवा के बहुचर्चित राजनिवास गैंगरेप कांड में न्यायालय ने आज एक कड़ा संदेश देते हुए ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) पद्मा जाटव की अदालत ने मुख्य आरोपी महंत सीताराम उर्फ विनोद पांडे सहित पांच दोषियों को उनके शेष प्राकृतिक जीवन (अंतिम सांस तक) के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, दोषियों पर 1 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। घटना 28 मार्च 2022 की है, जब रीवा के सर्किट हाउस (राजनिवास) के कमरा नंबर 4 में एक नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था।

रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी विनोद पांडे ने पीड़िता को किसी काम का झांसा देकर सर्किट हाउस बुलाया था। वहाँ उसे नशीली शराब पिलाई गई और फिर महंत सीताराम और अन्य साथियों ने उसके साथ गैंगरेप किया। पीड़िता किसी तरह चलती कार से कूदकर अपनी जान बचाकर भागी और बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।न्यायालय ने इस मामले में कुल 9 आरोपियों में से 5 को दोषी पाया है। जिन्हें सजा हुई हैं उनमें महंत सीताराम ,विनोद पांडे,धीरेंद्र मिश्रा,अंशुल मिश्रा,मोनू पयासी शामिल है। साक्ष्यों के अभाव में 4 अन्य आरोपियो संजय त्रिपाठी, रवि शंकर शुक्ला, जानवी दुबे और तौसीद अंसारी को दोषमुक्त (बरी) कर दिया गया है।

सरकारी वकील ने बताया कि इस मामले को साबित करना काफी चुनौतीपूर्ण था। पुलिस ने डीएनए रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर जैसे तकनीकी साक्ष्यों को अदालत के सामने पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 22 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए और 140 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए । पांच दिनों तक चली लंबी बहस के बाद अदालत ने यह कठोर फैसला सुनाया।राजनिवास जैसे सरकारी परिसर में एक तथाकथित धर्मगुरु द्वारा किए गए इस कृत्य से पूरा जिला स्तब्ध था। इस फैसले ने समाज में यह विश्वास जगाया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। सभी दोषियों को न्यायालय से सीधे जेल भेज दिया गया है।

# बांग्लादेश में हो रहे हिंदू एवं मीडिया कर्मियों पर हमले बर्दाश्त नहीं (योगेश द्विवेदी)

**समाज जागरण**




देश के वरिष्ठ पत्रकार योगेश द्विवेदी, राष्ट्रीय प्रभारी मीडिया ने बांग्लादेश के हिंसा पर ममता सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अब आप की राजनीति का सूरज जल्द डूबने वाला है, ममता ये एक सत्य पथ पर चलने वाले ब्राह्मण की भविष्यवाणी आप के लोगों के मीडिया जिसे हम भगवान नारद मुनि के वंशज और देश का चौथा स्तंभ कहा जाता है, सत्ता की कुर्सी के लिए इतना गिरकर आपकी सोच आपके पतन का कारण बनेगी देश और बांग्लादेश की जनता और वहां की मीडिया सब देख रही है, श्री द्विवेदी ने बांग्लादेश की सरकार को फटकार लगाते हुए आगे की जानकारी में बताया बांग्लादेश में हाल ही में हुई हिंसा में मीडिया जगत और वहाँ रहने वाले हिन्दूओ को भारी नुकसान हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने ढाका और अन्य शहरों में मीडिया संस्थानों हिन्दू पर हमला किया,

**बांग्लादेश में मीडिया दफ्तर में लगाई गई आग हम बर्दाश्त नहीं करेंगे**

जिसमें प्रोथोम आलो और डेली स्टार के दफ्तरों में आग लगा दी गई। पत्रकारों पर और सरकारी इमारतों पर हमले की खबरें भी मिली हैं। हिंसा में कई पत्रकार घायल हुए हैं और कुछ की मौत भी आतंकी उपाधियों के द्वारा की गई,,

बांग्लादेश के खुलना में एक पत्रकार की गोली मारकर बेरहमी से हत्या की गई श्री द्विवेदी जी ने चर्चा को और आगे बढ़ाते हुए कहा हमलों के बाद, बांग्लादेश के ममता के मुख्य सलाहकार, मोहम्मद यूनुस ने मीडिया संस्थानों पर हमलों की निंदा की और कहा कि यह मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला है। उन्होंने पत्रकारों के साथ एकजुटता व्यक्त की और हिंसा को रोकने की अपील की , आतंक और उपद्र करने वालों से बांग्लादेश में उनको गोली मारकर सजा नहीं अपील की जाती है, बांग्लादेश में हाल में हुई हिंसा का कारण की जानकारी में श्री द्विवेदी जी कहाँ शरीफ उस्मान हादी की हत्या जो प्रमुख छात्र नेता और इंकलाब मंच के प्रवक्ता भी थे, उनकी मौत के बाद बंगाल में हिंसा हुई जिसमें प्रमुख रूप से वहा के हिंदुओं को मीडिया स्थान और पत्रकारों को निशाना बनाया गया जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, हाजी उस्मान हादी की हत्या के बाद उनके समर्थकों ने व्यापक हिंसा की जिसमें सरकारी इमारत और मीडिया स्थान पर हमले शामिल हैं बांग्लादेश के आगामी चुनाव को देखते हुए राजनीतिक तनाव बढ़ गया है जिसमें हिंसा की घटनाएं पड़ सकती है हिंसा के दौरान हमले में हिंदू समुदाय को टारगेट किया गया हमारे हिंदू समुदाय के लोगों पर हमले हुए जिसमें उनकी सुरक्षा को आगे और खतरा पैदा हो गया है , देश का चौथा स्तंभ मीडिया और हिंदुओं पर अत्याचार एक दुखद घटना है, अगर यह सब बंद ना हुआ तो देश में होगा एक बड़ा आंदोलन

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का दूसरा बैच संपन्न

25 ट्रांसजेंडरों को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच का समापन हो गया है। यह प्रशिक्षण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा प्रायोजित और कौशल एवं उद्यमिता विकास मंत्रालय के स्वायत्त संस्थान, राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (एनआ-ईईएसबीयूडी) द्वारा आयोजित किया गया। नई दिल्ली के शास्त्री भवन स्थित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सम्मेलन कक्ष में आज इसके समापन समारोह की अध्यक्षता सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सचिव श्री सुधांश पंत ने और सह-अध्यक्षता सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त सचिव सुश्री मोनाली पी. ढाकाटे और राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान की महानिदेशक डॉ. पूनम सिन्हा ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सामुदायिक संगठन ट्वीट फाउंडेशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री अभिना अहेर भी समापन समारोह में उपस्थित रहीं।

# एसपीटीएम कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ : झारखंड शिक्षा परियोजना, सरायकेला-खरसावां के मार्गदर्शन में ईचागढ़ प्रखंड के एएन प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद एवं स्वामी श्रद्धानंद प्लस टू उच्च विद्यालय टीकर, साथ ही कुकड़ू प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय तिरुलडीह में शिक्षक-अभिभावक विशेष बैठक (एसपीटीएम) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्लस टू उच्च विद्यालय तिरुलडीह में उप विकास आयुक्त रीना हांसदा, स्वामी श्रद्धानंद प्लस टू उच्च विद्यालय टीकर में जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो तथा एएन प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद में मुखिया लक्ष्मी देवी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं।

बैठक के दौरान विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय तथा शैक्षणिक प्रदर्शन को और सुदृढ़ करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर नियमित उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों, विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों तथा शिक्षा के प्रति विशेष रुचि दिखाने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

एएन प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद में बच्चों ने स्वागत गीत और मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। वहीं अभिभावकों के लिए मैजिक चेयर जैसे रोचक आयोजन और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे।

डीटीओ गिरजा शंकर महतो ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक और अभिभावक के आपसी सहयोग से ही सकारात्मक और प्रभावी शिक्षण वातावरण का निर्माण संभव है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित एवं समय पर विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित कराने में विद्यालय प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम में प्राचार्य मिताली, मिलन रक्षित, वरिष्ठ पत्रकार अरुण माझी सहित पंचानन पातर, दिलीप दास, अरुण महतो, सुबोध गोराई, हाराधन महतो, दीप्ति कुमारी, गुरु चरण सरदार, राकेश भारद्वाज, श्वेता खलखो समेत बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति के आगमन पर आदित्यपुर की सभी दुकानें रहेंगी बंद

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 23 दिसंबर 2025: आगामी 29 दिसंबर को एनआईटी जमशेदपुर में आयोजित होने वाले 15वें दीक्षांत समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है. इसी क्रम में मंगलवार को आरआईटी थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.

बैठक में राष्ट्रपति के आगमन के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा कारणों से आदित्यपुर क्षेत्र की सभी दुकानों को निर्धारित समय के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही आमजन से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई. बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि राष्ट्रपति के काफिले के आवागमन के दौरान यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया जाएगा. संवेदनशील मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी और मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की जाएगी.

वहीं, पुलिस प्रशासन ने व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें. किसी भी प्रकार की समस्या या सूचना के लिए नजदीकी थाना अथवा नियंत्रण कक्ष से संपर्क करने को कहा गया है. प्रशासनिक अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएंगी, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके.

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में पेंड्रा में विहिप-बजरंगदल का प्रदर्शन, पुतला दहन

**समाज जागरण विजय तिवारी**



गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे कथित निरंतर अत्याचार, हिंसा और मानवाधिकारों के उल्लंघन के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल एवं मातृशक्ति के संयुक्त तत्वावधान में पेंड्रा के दुर्गा चौक में विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों, मंदिरों एवं संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं की कड़ी निंदा की। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया ने कहा कि निर्दोष हिंदुओं की हत्या और धार्मिक स्थलों पर हमले संपूर्ण मानवता के लिए कलंक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां का प्रशासन मौन है और यह मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि आज यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि हिंदुओं का एकमात्र देश भारत है। यदि भारत ही हिंदुओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए आवाज नहीं उठाएगा, तो उनके लिए कोई और खड़ा नहीं होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कूटनीतिक स्तर पर ठोस कदम उठाने की मांग की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से स्वामी कृष्णप्रपन्नाचार्य जी महाराज, बजरंगदल जिला संयोजक सागर पटेल, मातृशक्ति संयोजिका प्रिया त्रिवेदी, जिला मंत्री प्रकाश साहू, सह मंत्री निखिल परिहार, सह संयोजक विनय पांडे सहित भाजपा पदाधिकारी केशव पांडे, अनिल अहिरवार, शिवम साहू, भूपेंद्र चौधरी, शुभम गुप्ता, शनि पटेल, नवीन विश्वकर्मा, रविन्द्र, विभा तिवारी, रामीन, संदीप चौधरी, गौरव गुप्ता, शैलम सोनी, अनंत यादव, आदित्य सोनी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में विरोध स्वरूप पुतला दहन कर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ नारेबाजी की गई और दोषियों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई की मांग की गई। आयोजन शांतिपूर्ण रहा।

# श्री मनोहर लाल ने देश की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना की पहली इकाई के वाणिज्यिक परिचालन का उद्घाटन किया

केंद्रीय विद्युत, आवास और शहरी कार्य के मंत्री श्री मनोहर लाल ने आज वर्चुअल मोड के माध्यम से 2000 मेगावाट (8250 मेगावाट) सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की इकाई-2 (250 मेगावाट) के वाणिज्यिक परिचालन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस इकाई का चालू होना ह्लन केवल एक तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और टीम वर्क का प्रमाण है।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि सुबनसिरी परियोजना स्वच्छ और सतत ऊर्जा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह उत्तर-पूर्वी भारत के विकास में सहयोग करती है, राष्ट्रीय ग्रिड को मजबूत करती है तथा देश के महत्वाकांक्षी कार्बन उत्सर्जन के शून्य स्तर (नेट जीरो) पर लाने के लक्ष्यों को आगे बढ़ाती है।

विद्युत सचिव श्री पंकज अग्रवाल, एनएचपीसी के सीएमडी श्री भूपेंद्र गुप्ता और विद्युत मंत्रालय तथा एनएचपीसी के अन्य अधिकारी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

श्री पंकज अग्रवाल ने एनएचपीसी की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि सुबनसिरी लोअर परियोजना से उत्तर-पूर्व में ऊर्जा आपूर्ति में काफी सुधार होगा और यह अत्याधुनिक, टिकाऊ विद्युत प्रणालियों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने शेष इकाइयों के समय पर चालू होने पर जोर देते हुए कहा कि सुबनसिरी परियोजना भारत के नेट जीरो ऊर्जा लक्ष्य की ओर अग्रसर होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी और साथ ही स्थानीय समुदायों के लिए पर्याप्त सामाजिक-आर्थिक लाभ भी उत्पन्न करेगी।

एनएचपीसी के सीएमडी श्री भूपेंद्र गुप्ता ने विद्युत मंत्रालय, अरुणाचल प्रदेश और असम की सरकारों, एनएचपीसी के पूर्व नेतृत्व, सुबनसिरी परियोजना की पूरी टीम, सभी प्रमुख हितधारकों और भागीदारों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि को संभव बनाने में उनके समर्पित सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना राष्ट्रीय ग्रिड को मजबूत करेगी, उत्तर-पूर्व में सतत विकास को बढ़ावा देगी और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विश्वसनीय नवीकरणीय ऊर्जा प्रदान करेगी।

यूनिट नंबर 2 के चालू होने के साथ ही, परियोजना 250 मेगावाट की तीन इकाइयों को जल्द ही चालू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके बाद शेष चार इकाइयों को 2026-27 के दौरान चरणबद्ध तरीके से चालू किया जाएगा। पूर्ण रूप से चालू होने पर, 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में महत्वपूर्ण योगदान देगी, राष्ट्रीय ग्रिड की मजबूती बढ़ाएगी और स्वच्छ ऊर्जा के व्यापक योगदान के एक नए युग की शुरूआत करेगी।

देश की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना, सुबनसिरी लोअर परियोजना में 250 मेगावाट की आठ इकाइयां शामिल हैं और इसे रन-ऑफ-द-रिवर योजना के रूप में डिजाइन किया गया है, इसमें छोटे तालाब हैं। यह आठ हेड रेस टनल (एचआरटी) के माध्यम से पानी के बहाव की दिशा बदलकर प्रतिवर्ष 7,422 मिलियन यूनिट (एमयू) नवीकरणीय बिजली उत्पन्न करती है। यह देश के हरित ऊर्जा भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान देती है। इस परियोजना में उत्तर-पूर्वी भारत का सबसे बड़ा बांध, 116 मीटर ऊंचा कंक्रीट ग्रेविटी बांध शामिल है, जो न केवल क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे और ग्रिड की मजबूती को बढ़ाता है, बल्कि सुबनसिरी नदी बेसिन में बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन को भी बेहतर बनाता है।

सुबनसिरी लोअर एचई परियोजना इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है, इसमें भारत के सबसे भारी हाइड्रो जनरेटर रोटर, सबसे बड़े स्टेटर और सबसे बड़े मुख्य इनलेट वाल्व के साथ-साथ देश के सबसे बड़े एग्रीगेट प्रोसेसिंग प्लांट, उच्चतम क्षमता वाले बैचिंग प्लांट और देश में बांध के कंक्रीटीकरण के लिए रोटेक के टावर बेल्ट का पहली बार उपयोग जैसी नवीनताएं शामिल हैं।

# मुखिया प्रतिनिधि के पिता के श्राद्धकर्म में शामिल हुईं विधायक सविता महतो

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ : तामुलिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह के पिता स्वर्गीय दशरथ सिंह सरदार के निधन के उपरांत मंगलवार को आयोजित श्राद्धकर्म में ईचागढ़ विधायक सविता महतो शामिल हुईं। विधायक ने स्व. दशरथ सिंह



सरदार के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस दौरान विधायक सविता महतो ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुःख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्व. दशरथ सिंह सरदार समाज में सम्मानित व्यक्ति थे और उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

श्राद्धकर्म कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो सहित परिवार के अन्य सदस्य एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा पूरे नगर पंचायत छतरपुर में भ्रष्टाचार चरम पर:चंदन सिन्हा

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुरःनगर पंचायत छतरपुर के कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान हटाए जाएंगे।इससे संबंधित शिकायत झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह पलामू जिला प्रवक्ता चन्दन प्रकाश सिन्हा ने नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से उनके गिरिडीह स्थित आवास पर मिलकर किया।जिस पर माननीय मंत्री जी के द्वारा बहुत जल्द आवश्यक कार्रवाई की बात कही गई।शिकायत में चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि जब



से फैजुर रहमान कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में प्रभार ग्रहण किए हैं पूरे नगर पंचायत छतरपुर में भ्रष्टाचार चरम पर है। इनके कार्यशैली के कारण सरकार की बदनामी हो रही है। लगभग 85 लाख रुपए के लागत से बनाया गया ओपन जिम पहले तो इंस्टॉल नहीं किया गया और हो हंगामा के बाद इंस्टॉलेशन के नाम पर खाना पूर्ति की गई और फिर हटा लिया गया और डिपार्टमेंट कि और से सामान चोरी होने की बात कही जा रही है। यदि जिम की वस्तुएं चोरी की गई है तो अब तक एफआईआर क्यों नहीं किया गया।ठेकेदारों के साथ सांठगांठ करके सरकार को करोड रुपए की क्षति पहुंचाई गई है।एक ही ठेकेदार को बार-बार टेबल टेंडर के माध्यम से लाभ पहुंचाया गया है।सभी योजनाओं की कमोबेस यही स्थिति है। पूरे नगर पंचायत में बिचौलियागिरी हावी है। कार्यपालक पदाधिकारी के समकक्ष बिचौलियों को दिन भर बैठे रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। विभिन्न कार्यक्रमों के नाम पर बिचौलियों के साथ बैठक की जाती है और सभी योजनाओं में कमिशन निश्चित किया जाता है। शहरी आवास के भुगतान में जानबूझकर देरी किया जाता है ताकि लाभुक आकर पैसा दें।क्षेत्र में दर्जनों बिचौलिए सक्रिय हैं जिनके माध्यम से पैसे की उगही की जा रही है।सरेआम सरकारी सिस्टम को भ्रष्ट होने की बात कही जाती है। और योजनाओं के संचालन में विभाग एवं मंत्री द्वारा अग्रिम पैसे लिए जाने की बात कह कर सरकार को बदनाम किया जा रहा है। पहले के कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा ठंड शुरू होते ही पूरे नगर पंचायत में अलाव की व्यवस्था की जाती थी लेकिन कड़ाके की ठंड पड़ने के बावजूद भी अब तक अलाव का व्यवस्था नहीं की गई है। जनहित के मुद्दे पर भी इनकी भागीदारी नगण्य है।माननीय मंत्री महोदय ने बहुत जल्द कार्रवाई करते हुए उन्हें बदलने के बाद कही।

# ठंड से राहत हेतु सामग्री वितरित

## डॉ हेडगेवार स्मृति मंडल एवं सुदर्शन स्मृति सेवा न्यास

**समाज जागरण**

केशव कुटी, जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व में संस्था द्वारा किए गए चिकित्सा शिविर स्थान गुप्तेश्वर मन्दिर प्रांगण, गुप्तेश्वर नगर में बच्चों के गर्म कपड़े का वितरण किया गया।

दोनों संस्थाएं नर सेवा नारायण सेवा के ध्येय वाक्य लेकर चल रही है, और




संस्थाएं इसी प्रकार भविष्य में भी समाज सेवा के कार्य में लगकर समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक की मदद करने हेतु तत्पर रहेंगी।

इस अवसर पर डॉ. हेडगेवार स्मृति मण्डल के अध्यक्ष श्री कैलाश नाथ शर्मा, सचिव दामोदर दुबे, सुदर्शन स्मृति सेवा न्यास के सचिव सीए अखिलेश जैन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत के समिति प्रमुख श्री भूपेंद्र पाराशर, सह प्रमुख श्री जगदीश उपाध्याय, विशेष सहयोगी सीए मनीष कौशल, श्री नीरज केसरवानी श्री सचिन अग्रवाल, श्रीमति मीनाक्षी विश्वकर्मा, श्री राजकुमार गुप्ता, श्री मनीष जैन आदि उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश में नौगांव के सरकारी एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल में अंतर-पीढ़ीगत संबंधों का उत्सव

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने 23 दिसंबर 2025 को मध्य प्रदेश में छतरपुर जिले के नौगांव में सरकारी एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल में "अंतर-पीढ़ीगत संबंधों का उत्सव" नाम से एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य अलग-अलग पीढ़ियों के बीच भावनात्मक, सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करना और बुढ़ापे के सक्रिय तथा सम्मानजनक जीवन को बढ़ावा देना था।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री श्री वीरेंद्र कुमार उपस्थित थे। इनके साथ ही, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में छात्र और बच्चों के दादा-दादी समेत परिवार के सदस्य मौजूद थे।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य पीढ़ियों के बीच स्नेह, बातचीत, सहयोग और आपसी सम्मान की भावना को और मजबूत करना था। ऐसी पहल समाज को जोड़ने, मूल्यों और परंपराओं को आगे बढ़ाने तथा सामूहिक सामाजिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# खेल प्रतिस्पधाओं में एक-दूसरे के प्रति सम्मान भारतीय खेल संस्कृति की पहचान - कुलगुरु

राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के फाइलन मैच में केरल की टीम बनी विजेता
देशभर से आए खिलाड़ियो एवं कोचो का शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया
बास्केट बाल प्रतियोगिता में 358 खिलाडी बने सहभागी, हुनर से दर्शको को किया रोमांचित



**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शहडोल में आयोजन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। देशभर से आए खिलाड़ी उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ खेलते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। खेल प्रतिस्पर्धा में एक टीम विजेता और दूसरी टीम उप विजेता होती है। खेल मैदान में प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ आपसी भाईचारा, एक-दूसरे के प्रति सम्मान और नियमों का पालन करना ही भारतीय खेल संस्कृति की सच्ची पहचान है। शहडोल की धरती पर यह आयोजन निश्चित ही खेल, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का सुंदर संगम बनकर उभरा है। उक्त उद्गार महात्मा गांधी स्टेडियम शहडोल में 69वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पं. शंभूनाथ विश्व विद्यालय के कुलगुरू प्रो. रामाशंकर ने व्यक्त किए। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि कोचो द्वारा की गई सराहना यह प्रदर्शित करती है कि प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी व अन्य लोगो ने सौंपे गए दायित्वो का आत्मीयता के साथ निभाया है। उन्होंने विजेता एवं उप विजेता टीम एवं प्रत्येक राज्यो से आए खिलाड़ियो एवं कोचो को बधाई एवं शुभका मनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुलगुरू रामाशंकर, कले क्टर डॉ. केदार सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती फूलवती सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियो एवं अधि कारियो ने मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

**कोचो ने साझा किये अनुभव**

कार्यक्रम में टीम मैनेचर चंडीगढ़ सुनील कुमार ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि शहडोल आकर मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हुई, यहां के लोग शांत एवं मन से बहुत अच्छे है, यह मेरे और मेरे टीम के लिए अविस्मरणीय पल रहेगा। टीम मैनेचर जम्मू कश्मीर भीम सेन ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले मुझे शहडोल आने का मन नही हुआ लेकिन किसी भी तरह से अपनी टीम के साथ शहडोल की पावन धरा पर पहुंचा तो अपनापन सा महसूस हुआ 4 दिन कैसे गुजर गए यह मुझे पता नही चला, यहॉ की संस्कृति और यहां के लोगो की मुस्कान हमेशा याद आएंगे। टीम मैनेचर झारखंड प्रियंका कुमारी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि शहडोल के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई, रहने, भोजन या अन्य व्यवस्थाएं रही हो, यह सहयोग हृदय में हमेशा अंकित रहेगा।

**केरल बास्केटबॉल टीम ने लहराया जीत का परचम**

राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत केरल एवं महाराष्ट्र टीम के मध्य खेले गए फाइलन मुकाबले में केरल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। केरल टीम की सटीक रणनीति, अनुशासित खेल और उत्कृष्ट टीमवर्क ने उन्हें जीत दिलाई। मुख्य अतिथि प्रो. रामाशंकर एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह व उपस्थित जनप्रतिनिधियो द्वारा 69 वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के विजेता, उप विजेता एवं अन्य टीमो के खिलाड़ियो एवं कोचो को शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

समापन अवसर पर महात्मा गांधी स्टेडियम में विभिन्न विद्यालयो के छात्र-छात्राओ द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गईं। मुख्य अतिथि द्वारा खेल ध्वज का अवतरण किया गया। समापन कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती हीरावती कोल, संयुक्त संचालक खेल उमेश कुमार धुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, डीपीसी अमरनाथ सिंह, सहायकसंचालक खेल रईस अहमद, एपीसीअरविंद पाण्डेय, कोच पुष्पराज सिंह, के.के. श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य नागरिक, पत्रकारबंधु, खिलाड़ी, कोच व बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय एवं अरूणिमा सिंह ने किया।

**देशभर के 30 टीमो के खिलाड़ियो ने किया प्रदर्शन**

उल्लेखनीय है कि शहडोल में 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक आयोजित की गई 69वीं राष्ट्रीय बॉस्केटबालप्रतियोगिता में आंध्रप्रदेश, बिहार, सीबीएसई वालफेयर स्पोर्ट्स, सीबीएसई, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, काउसिंल फॉर द इंडियन स्कूल सार्टिफिकेट एग्जामिनेशन, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, इंटरनेशनल बोर्ड स्कूल स्पोर्ट्स, आईपीएससी, जम्मू कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केंद्रीय विद्यालय संगठन, केरला, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, नवोदय विद्यालय समिति, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडू, तेंलगाना, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, विध्या भारती, पश्चिम बंगाल की टीम के कुल 358 बास्केटबाल खिलाड़ियो ने अपने हुनर से दर्षको को रोमांचित किया। राष्ट्रीय बास्केट बाल प्रतियोगिता शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम, डाइट परिसर, गुड शेफर्ड कन्वेंट, शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय परिसर में प्रातः 7 बजे एवं सायं 3 बजे से प्रतियोगिताएं 19 से 23 दिसम्बर तक आयोजित की गई।

# मोहनलालगंज पुलिस ने 24 घंटे में खोली 15 लाख की बड़ी चोरी की गुत्थी

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**




मोहनलालगंज, लखनऊ ।मोहन लालगंज पुलिस ने सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए बड़ी चोरी की घटना का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई डीसीएम, अन्य वाहनों की बैटरियां और स्टेपनी बरामद की है। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और कानून व्यवस्था को लेकर आमजन में भरोसा बढ़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते सोमवार को संजय सिंह यादव निवासी शांति नगर, थाना सरोजनी नगर, लखनऊ ने थाना मोहन लालगंज में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी फर्म विक्रम ट्रांसपोर्ट कम्पनी की कई गाड़ियां जैतीखेड़ा स्थित कार्यालय के बाहर खड़ी थीं। देर रात करीब एक बजे अज्ञात चोरों ने डीसीएम वाहन संख्या UP 32 YN 8964 सहित अन्य वाहनों की बैटरियां और स्टेपनी चोरी कर लीं।घटना की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। चोरी की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने क्षेत्र में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों और लगातार निगरानी के आधार पर पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपियों की पहचान कर ली।मंगलवार को पुलिस टीम ने गनियार से मोहनलालगंज की ओर जाने वाली सड़क पर घेराबंदी कर शैलेन्द्र कुमार निवासी प्यारेपुर, थाना हरचन्दपुर, जनपद रायबरेली को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की गई डीसीएम, बैटरियां और स्टेपनी बरामद की गईं।पूछताछ में अभियुक्त ने अहम खुलासा करते हुए बताया कि उसका साथी राज, जो पूर्व में विक्रम ट्रांसपोर्ट कम्पनी में चालक रह चुका था, ने ही उसे गाड़ियों की लोकेशन और सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी दी थी। दोनों ने मिलकर सुनियोजित तरीके से चोरी की योजना बनाई और आधी रात के बाद वारदात को अंजाम दिया। चोरी के बाद दोनों डीसीएम और सामान बेचने के इरादे से निकले थे, लेकिन रास्ते में गाड़ी का डीजल खत्म हो गया। इसी दौरान साथी डीजल लेने चला गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने शैलेन्द्र कुमार को धर दबोचा।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है, जबकि फरार आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जल्द ही फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का पदार्फाश किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस की सक्रियता से अपराधियों में भय और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है।

## एसडीएम पवन पटेल की सख्ती, मोहनलालगंज में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा ध्वस्त

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ ।मोहनलालगंज उप जिलाधिकारी पवन पटेल की सख्ती और बुलडोजर एक्शन के चलते मोहनलालगंज क्षेत्र में बड़ी सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई उस समय हुई जब स्थानीय प्रशासन ने सूचना मिली कि राजघराना बिल्डर कम्पनी ने सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग कर कब्जा कर रखा था। अधिकारियों के अनुसार, ग्राम सरथुवा, तहसील मोहनलालगंज की सरकारी भूमि पर यह कब्जा किया गया था। बुलडोजर से खाली कराई गई भूमि में शामिल हैं ।तालाब 265




रकबा, 0.164 हेक्टेयर,नाला 283 रकबा, 0.010 हेक्टेयर,खाली भूमि 264 रकबा, 0.010 हेक्टेयर,उप जिलाधिकारी पवन पटेल ने इस कार्रवाई को नियम और कानून के तहत किया। प्रशासन का कहना है कि किसी भी बिल्डर या निजी व्यक्ति को सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।स्थानीय लोगों ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के बुलडोजर अभियान से सरकारी संपत्ति और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। वहीं, बिल्डर कम्पनी के प्रतिनिधि ने इस कार्रवाई को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।यह कार्रवाई प्रशासन की इस बात को दशार्ती है कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी

# 2 दिवसीय शिविर में कुष्ठ रोगियों को मोबाइल और सहायक उपकरण किट प्रदानकर किया गया सहयोग

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



मोहनलालगंज, लखनऊ। जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट ने सराहनीय पहल करते हुए ट्रस्ट की ओर से 22 और 23 दिसंबर को मोहनलालगंज में दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कर जरूरतमंद दिव्यांगजनों, वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। ट्रस्ट की संस्थापिका पूर्व प्रधान संध्या पाण्डेय ने बताया कि हमारे ट्रस्ट का उद्देश्य दिव्यांग और वृद्धजन जोकि हमारे समाज की एक अहम कड़ी है उनकी सहायता कर आत्मनिर्भर और सम्मान से जीने का उनका सपना साकार करना है और 2 दिवसीय शिविर में 350 से अधिक जरूरतमंदों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट के प्रबंधक डॉ अजय पाण्डेय सत्यम ने बताया हमारा ट्रस्ट सरकार और जनता के बीच मजबूत पुल का कार्य कर रहा है यह प्रयास न सिर्फ आज की जरूरत है बल्कि भविष्य की मजबूत नींव भी है। मंच का संचालन करते हुए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अवधेश कुमार ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा आगे भी इस तरह के शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के कर्मियों को धन्यवाद देते हुए अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिवम् साहू, विपिन यादव,अतुल शर्मा, राम जी, सहित समाजसेवी एवं क्षेत्र के नागरिक मौजूद रहे।

# निगोहां में क्रिसमस की धूम, संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज में सजे रंगारंग कार्यक्रम

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**




निगोहां। लखनऊ।आगामी क्रिसमस पर्व को लेकर राजधानी लखनऊ के ग्रामीण अंचलों में भी उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में निगोहां स्थित संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज में क्रिसमस के पावन अवसर पर भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और अतिथियों का दिल जीत लिया।इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डेनिस डीःसूजा प्रधानाचार्य सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज ने अपने क्रिसमस संदेश में साझा करने परस्पर प्रेम और खुशियां बांटने का आवाहन किया आपको बता दे की कार्यक्रम की शुरूआत क्रिसमस प्रार्थना और कैरोल गीतों के साथ हुई। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक नृत्य, लघु नाटिका एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रेम, शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। बच्चों की सजीव अदायगी और आत्मविश्वास से भरपूर प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।विद्यालय परिसर को क्रिसमस थीम पर आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सांता क्लॉज की वेशभूषा में सजे बच्चों ने सभी को उत्साहित किया, वहीं रंग-बिरंगी सजावट और रोशनी ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ स्पष्ट रूप से देखने को मिली।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास, मंचीय कौशल, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की।कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए विद्यालय प्रबंधन को इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से कराने के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक- दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और खुशियों का माहौल बना रहा, जिसने क्रिसमस पर्व की भावना को जीवंत कर दिया।

# कन्नौजः किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंहः सपा

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। आज समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भारत रत्न, देश के पूर्व प्रधानमंत्री, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, दलितों, के मसीहा, गाँव, गरीब की आवाज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती 'किसान दिवस' के रूप में सपा जिलाध्यक्ष मोहम्मद कलीम खान के नेतृत्व में आयोजित किया गया इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उन्हें नमन किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कलीम खान एवं पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे ने कहा कि आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत के 'किसान-पुत्र' चौधरी चरण सिंह की जयंती पर, पूरा राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन ग्रामीण भारत और किसानों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन एवं विधानसभा अध्यक्ष कन्नौज पी पी सिंह वघेल ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि एक साधारण किसान परिवार से उठकर देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंचने वाले चौधरी चरण सिंह अपनी बेमिसाल ईमानदारी, सिद्धांतों की दृढ़ता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रति अटूट निष्ठा के लिए जाने जाते हैं. उन्होंने उत्तर प्रदेश में भूमि सुधारों को लागू किया, जमींदारी प्रथा का उन्मूलन किया और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए कई नीतियां बनाईं, उन्होंने व्यक्तिगत जीवन में ईमानदारी और उच्च नैतिक मूल्यों का प्रदर्शन किया, जो



आज भी प्रेरणादायक है, जब किसान अपनी आवाज उठा रहे हैं,चौधरी चरण सिंह की विरासत हमें याद दिलाती है कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा गांवों और किसानों में बसती है. उनकी विचारधारा और संघर्ष हमें हमेशा ग्रामीण भारत की समृद्धि और सम्मान के लिए काम करने की प्रेरणा देते रहेंगे। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से सपा नेता विवेक पाल, सुनील दिवाकर, विधानसभा महासचिव आनंद बाबू यादव, सभासद आसिफ हुसैन सिद्दीकी, यशवीर भदौरिया, सतेंद्र दोहरे, गोविन्द कुशवाहा, तुफैल अहमद, दीपचंद्र, नितिन यादव, बी पी यादव,अभिषेक राजपूत, शिब्बू तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# संत फ्रांसिस में मनाया गया क्रिसमस उत्सव

**आशीष पांडेय समाज जागरण संवाददाता निगोहा**




निगोहां। निगोहां स्थित संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज में क्रिसमस के पावन अवसर पर भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और अतिथियों का दिल जीत लिया।कार्यक्रम की शुरूआत क्रिसमस प्रार्थना और कैरोल गीतों के साथ हुई। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक नृत्य, लघु नाटिका एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रेम, शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। मनमोहक नृत्य, नाटिका व प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित झाँकी प्रस्तुत की गई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि डेनिस डीसूजा प्रधानाचार्य सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज ने अपने क्रिसमस संदेश में साझा करने, परस्पर प्रेम और खुशियाँ बाँटने का आह्वान किया। बच्चों की सजीव अदायगी और आत्मविश्वास से भरपूर प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।विद्यालय परिसर को क्रिसमस थीम पर आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सांता क्लॉज की वेशभूषा में सजे बच्चों ने सभी को उत्साहित किया, वहीं रंग-बिरंगी सजावट और रोशनी ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ स्पष्ट रूप से देखने को मिली।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार क्रिस्ता ने बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास, मंचीय कौशल, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# सिंचाई के बिना सूख रही रबी की फसल, किसानों में आक्रोश नहरे सुखी

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**



निगोहां ।मोहनलालगंज विकास खंड के निगोहां क्षेत्र के कुशमौरा गांव में अमौसी रजबहा नहर में पानी न आने की समस्या को लेकर किसानों का आक्रोश मंगलवार को खुलकर सामने आया। सैकड़ों की संख्या में किसान एकत्र होकर नहर विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई और अपनी समस्याएं रखीं।किसानों का कहना है कि बीते लगभग बीस वर्षों से अमौसी रजबहा नहर की सिर्फ औपचारिक साफ-सफाई कराकर छोड़ दिया जाता है, लेकिन नहर में पानी कभी नहीं छोड़ा जाता। रबी की फसल का समय चल रहा है और पानी के अभाव में गेहूं समेत अन्य फसलें सूखने लगी हैं। हजारों बीघा भूमि पर खड़ी फसलें बबार्दी की कगार पर पहुंच चुकी हैं, जिससे किसान बेहद चिंतित और मायूस नजर आए।

किसानों ने आरोप लगाया कि नहर विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही का सीधा असर उनकी आजीविका पर पड़ रहा है। सरकार द्वारा किसानों के हित में कई बड़े फैसले लिए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर सिंचाई की सुविधा न मिलने से किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।मौके पर मौजूद भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष परवेश कुमार शर्मा ने नहर विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग की उदासीनता किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अमौसी रजबहा नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो किसान धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नहर विभाग की होगी।इस दौरान कुशमौरा गांव के समाजसेवी एवं बीडीसी सदस्य मनोज कुमार कश्यप, अरविंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र नहर में पानी छोड़े जाने की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते सिंचाई की व्यवस्था नहीं हुई तो रबी की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी।

# अधिवक्ता सम्मान समारोह में अभिषेक कुमार सिंह के समर्थन में मोहनलालगंज बार की एकजुट हुंकार

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



मोहनलालगंज लखनऊ अधिवक्ता सम्मान समारोह एवं समरसता भोज में अभिषेक कुमार सिंह को बार कौंसिल के सदस्य पद पर मत देने का मोहनलालगंज बार ने एक स्वर में सहयोग करने की हुंकार भरी तथा अधिवक्ताओं को सम्मानित कर अंग वस्त्र भेट किया मोहनलालगंज में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला महामंत्री राम लखन यादव ,पूर्व अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह सहित पूरी तहसील के अधिव क्तागणोंने न्यू जेल रोड मऊ में स्थित लॉन में अधिवक्ता सम्मान समारोह एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया था जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ताओं में भूतपूर्व बार एसो सिएशन के अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभिषेक कुमार सिंह प्रत्याशी सदस्य बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश क्रम संख्या छह पर चुनाव मैदान में है इनके स्वर्गीय पिता अधिवक्ता उदय प्रताप सिंह के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा जितनी की जाए कम है हम सभी बार कौंसिल चुनाव में ऐसे कर्मठ अधिवक्ता को मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता भारी संख्या मे मत देकर चुने ताकि हम सब को एक मजबूत स्तंभ की तरह सदस्य अपने घर ,पड़ोस का मिल सके इसके लिए सभी सम्मानित अधिवक्ताओं ने एक स्वर में चुनाव में सहयोग करने की हुंकार भरी इसमें उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभिषेक कुमार सिंह ने सभी को आश्वासन दिया कि हम सदैव आपके साथ खड़े रहेंगे।इस मौके पर तहसील के समस्त अधिवक्ताओं को फूल माला पहनाकर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया पूरा लॉन अधिवक्ताओं से भरा था साथ की काफी संख्या में समर्थक उपस्थित थे ।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला एवं महामंत्री राम लखन यादव ने कहा कि सरकार द्वारा मोहनलालगंज तहसील को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की तैयारी चल रही है इसपर सभी अधिवक्ताओं ने एक जुट होकर आरपार की लड़ाई लड़ने की ठानी है कि मुख्य मार्ग से सुदूर ग्रामीण अंचल में तहसील स्थापित करना आम जन मानस के साथ खिलवाड़ हैं इसे यही रखा जाए।इस अवसर पर काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे ,अधिवक्ता अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि हम सभी अधिवक्ता अभिषेक कुमार सिंह के साथ है जिनके पिता स्व यू पी सिंह ने सभी को न्याय दिलाने का कार्य किया था,अधिवक्ता प्रधानसंघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह उर्फ बबलू , छात्र संघ के नेता अमर पाल सिंह,अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष के पी सिंह, सुधरपाल सिंह,अधिवक्ता विनय मिश्रा,कमल किशोर,शैलेन्द्र गौतम,धर्मेंद्र सिंह, यशवीर सिंह ,अच्छे लाल रावत ,विमलेशबाजपेई,अवधेश प्रताप सिंह अखिलेश कुमार सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।